दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, सोमवार, 3 मार्च 2025 शुक्ल पक्ष-चतुर्थी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-14 अंक- 24 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

इसे कहते हैं फेंकना पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने फेंकने के मामले में भारतीय नेताओं को ही नहीं बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी मीलों पीछे छोड़ दिया है। शहबाज शरीफ ने बाकायदा सीना ठोकते हुए यह दावा किया है कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को सुधार देंगे और इस मामले में भारत को पछाड़ देंगे। उन्होंने चीखते हुए कहा कि यदि वे ऐसा नहीं कर पाये तो अपना नाम बदल लेंगे। उनके इस लतीफे से लोगों की हंसी नहीं रूक रही है। उन्हें नया नाम सुझाया जा रहा है कि वे अपना नाम हवाबाज शरीफ रख लें।

आज खुलेगा सौगातों का पिटारा हमने ही बनाया, हम ही संवारेंगे

साय सरकार से प्रदेश की जनता को बड़ी राहत की उम्मीद

- 1 लाख 60 हजार करोड़ से अधिक का होगा बजट
- वित्त मंत्री ओपी चौधरी पेश करेंगे दूसरी बार बजट

रायपुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार 3 मार्च को अपना दूसरा पूर्ण बजट पेश करने जा रही है। यह राज्य का 24वां बजट होगा, जिसे वित्त मंत्री ओपी चौधरी विधानसभा में प्रस्तुत करेंगे। इस बार बजट का आकार करीब 1 लोखा 60 हजार करोड़ रुपये रहने की संभावना है, जो पिछले साल के 1,47,000 करोड़ की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत अधिक है।

ऐसी संभावना है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में यह बजट महिलाओं, युवाओं, किसानों और आदिवासी वर्ग पर विशेष ध्यान देने वाला हो सकता है। इसके अलावा, बस्तर और सरगुजा के विकास, टूरिज्म और इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी सरकार का फोकस रहेगा।

युवाओं को रोजगार के नए अवसर: बजट में युवाओं के लिए स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने पर ध्यान दिया जा सकता है. इससे नए उद्यमियों को आर्थिक मदद मिलेगी और बेरोजगारी को कम करने में सहायता मिलेगी।

स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार : ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए नई योजनाएं शुरू की जा सकती हैं. इससे गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

महतारी वंदन योजना का विस्तार

सरकार महतारी वंदन योजना को विस्तार कर सकती है। महतरी वंदन योजना में छूट गई महिलाओं के लिए प्रावधान हो सकते है। महतरी वंदन योजना के तहत 1000 रुपये महिलाओं को आर्थिक सहायता दी जाती है, जिससे उनके सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को बल मिलेगा।

शिक्षा क्षेत्र में सुधार-शिक्षकों की भर्ती

शिक्षकों की भर्ती को लेकर भी बजट में खास प्रावधान किए जाने की उम्मीद है, क्योंकि सरकार ने शिक्षकों की भर्ती का वादा किया था. इससे सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाया जा सकेगा।

बस्तर और सरगुजा में टूरिज्म और इंफ्रास्ट्रक्चर

बस्तर और सरगुजा क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जा सकता है। इसके तहत एडवेंचर स्पोर्ट्स, वाइल्डलाइफ टूरिज्म और पारंपरिक पर्यटन स्थलों के विकास को प्राथमिकता दी जा सकती है।

किसानों के लिए भी हो सकता है कुछ नया

सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार कुछ नया कर सकती है . किसानों के लिए सिंचाई, फसलों के लिए अनुदान और बाजार उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा सकता है।

'बर्बादी का बजट' पर पलटवार

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा बजट को 'बर्बादी का बजट' बताए जाने पर वित्त मंत्री ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि बजट आने से पहले ही विपक्ष आलोचना कर रहा है। कांग्रेस की सोच हमेशा नकारात्मक रही है। वित्त मंत्री ने बताया कि जब छत्तीसगढ़ का गठन हुआ था, तब बजट मात्र 5000 करोड़ रुपये का था, जो अब कई गुना बढ़ चुका है। उन्होंने कहा कि इस बार भी बजट का आकार बढ़ेगा और यह प्रदेश को विकसित छत्तीसगढ़ की ओर ले जाने वाला होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री साय की नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम मोदी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए काम कर रहे हैं और मुख्यमंत्री साय भी उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इस साल छत्तीसगढ़ के गठन के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं और यह अटल जी की जन्मशताब्दी का वर्ष भी है, ऐसे में बजट विकासोन्मुखी होगा। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बताया कि किसानों को बोनस दिया गया, 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की गई और कई अन्य योजनाएं सफलतापूर्वक लागू की गईं। ओपी चौधरी ने कहा कि यह बजट पिछले बजट का अगला चरण होगा और विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करेगा।

पीएम ने कृषि एवं ग्रामीण समृद्धि पर बजट बाद वेबिनार का किया उद्घाटन

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि एवं ग्रामीण समृद्धि पर बजट बाद वेबिनार का उद्घाटन किया। इस वेबिनार का आयोजन कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने कपड़ा मंत्रालय के सहयोग से किया था। इस कार्यक्रम में केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह, वस्त्र सचिव नीलम शमी राव और विभिन्न सरकारी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस सत्र में कृषि क्षेत्र के प्रमुख हितधारकों और विशेषज्ञों ने भी भाग लिया। उद्घाटन भाषण के बाद, वेबिनार में विभिन्न आगामी योजनाओं और मिशनों पर केंद्रित कई शुरूआती सत्र आयोजित किए गए।

वस्त्र सचिव नीलम शमी राव ने कपास मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने के लिए सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने फाइबर परीक्षण अवसंरचना का विस्तार करने, एक्स्ट्रा लॉन्ग स्टेपल (ईएलएस) कपास के बीजों का उत्पादन बढ़ाने और भारत के कपास क्षेत्र की वृद्धि और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए कस्तूरी कॉटन भारत पहल को और विकसित करने जैसी प्रमुख पहलों के बारे में बताया।

इस पहल के एक भाग के रूप में वस्त्र मंत्रालय ने 'कपास उत्पादकता मिशन' पर एक महत्वपूर्ण चर्चा की। इस सत्र में केन्द्रीय वस्त्र और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी, राज्य सरकार के प्रतिनिधि, उद्योगों के हितधारक तथा कपास किसानों और कपास ओटाई करने वालों सहित वस्त्र मूल्य श्रृंखला के अग्रणी विशेषज्ञ शामिल हुए।

नशा तस्करों को दंडित करने में मोदी सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही : शाह

नयी दिल्ली (वार्ता) । केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि पैसे के लालच में युवाओं को नशे की अंधेरी खाई में धकेलने वाले नशा तस्करों को दंडित करने में मोदी सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है। शाह ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सरकार का संकल्प नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए कठोर और सावधानीपूर्वक जांच के साथ नशीली दवाओं के खतरे से लड़ना है। गृह मंत्री ने कहा कि 'उपर से नीचे' और 'नीचे से उपर तक' जांच की अचूक रणनीति के परिणामस्वरूप भारत भर में 12 अलग-अलग मामलों में 29 नशा तस्करों को अदालतों ने दोषी ठहराया है। उन्होंने कहा कि यह सफलता इसी दृष्टिकोण का प्रमाण है। मादक पदार्थों के खिलाफ मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चीन: पूर्व वरिष्ठ प्रांतीय राजनीतिक सलाहकार सीपीसी से निष्कासित

बीजिंग (वार्ता)। दक्षिण पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत के पूर्व वरिष्ठ राजनीतिक सलाहकार कुई बाओहुआ को पार्टी अनुशासन और कानूनों के गंभीर उल्लंघन के लिए चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) से निष्कासित कर दिया गया है। एक आधिकारिक बयान में रविवार को यह जानकारी दी।

उरुग्वे में ओरसी ने ली राष्ट्रपति पद की शपथ

मोंटेवीडियो (वार्ता)। उरुग्वे में यमांडू ओरसी ने पांच वर्ष के कार्यकाल के लिए उरुग्वे के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। वामपंथी गठबंधन ब्रॉड फ्रंट के ओरसी ने अपने प्रतिद्वंद्वी अल्वारो डेलगाडो को कड़े मुकाबले में हराने के तीन महीने से कुछ अधिक समय बाद संसद में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। जून 1967 में जन्मे ओरसी ने एक स्कूल में इतिहास के शिक्षक के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी और इसी दौरान वे स्थानीय राजनीति में सक्रिय हो गए। बाद में, वह उरुग्वे के दूसरे सबसे अधिक आबादी वाले विभाग, कैनेलोन्स के मेयर बने।

यूक्रेन समर्थक यूरोपीय नेतामिलेंगे लंदन में

लंदन/वाशिंगटन (वार्ता) । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की के बीच ओवल ऑफिस में हुई झड़प के बाद यूरोपीय नेता यूक्रेन पर आपातकालीन शिखर सम्मेलन के लिए रविवार को मिलेंगे। व्हाइट हाउस में हुई इस झड़प के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर और यूरोपीय संघ प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने तुरंत यूक्रेनी राष्ट्रपति का समर्थन किया।

गोलीबारी, दो पुलिस अधिकारियों की मौत

तेहरान (वार्ता) । ईरान के दक्षिण-पूर्वी केरमान प्रांत में शनिवार शाम गोलीबारी की घटना में यातायात पुलिस के दो अधिकारियों की मौत हो गई। यह जानकारी सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने अपनी रिपोर्ट में दी है। इरना ने अपनी रिपोर्ट में केरमान पुलिस सूचना केन्द्र का हवाला देते हुए कहा है कि मारे गए पुलिस अधिकारी रीगन काउंटी के ट्रैफिक कमांड से थे। रिपोर्ट कहा गया है कि आगे की जानकारी बाद में जनता को उपलब्ध कराई जाएगी। अभी तक किसी भी समूह ने इस घटना की जिम्मेदारी नहीं ली है।

अमेरिका-ब्रिटेन के बीच रूस-यूक्रेन संघर्ष खत्म करने पर सहमति

- ट्रंप-स्टार्मर के साझा बयान जारी

वाशिंगटन(ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को समाप्त करने के लिए बातचीत बहुत आगे बढ़ चुकी है। उन्होंने चेतावनी दी कि युद्ध समाप्त करने के लिए समझौता करने का बहुत कम समय बचा है। ट्रंप ने यह टिप्पणी व्हाइट हाउस में ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मुलाकात के बाद की। इस दौरान ब्रिटिश पीएम स्टार्मर ने कहा कि तीन साल से चल रहे युद्ध समाप्त होने के बाद यूक्रेन में स्थायी शांति के लिए अमेरिका का नेतृत्व आवश्यक होगा। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा,

हम यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं शांति बहाल करने और नरसंहार को रोकने के लिए ट्रंप की प्रतिबद्धता का स्वागत करता हूं..।

वरुण चक्रवर्ती के चक्रव्यूह को भेद नहीं पाई न्यूजीलैंड

भारत ने कीवियों को 44 रनों से चटाई धूल

दुबई (ए.)। भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ उसने चैम्पियन ट्राफी-4 2025 के ग्रुप-ए में टॉप कर लिया है।

भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रनों से हरा दिया है। यह चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप चरण का आखिरी मैच था। दुबई में खेले गए इस मैच में टीम इंडिया ने पहले खेलते हुए 249 रन बनाए थे, जिसमें श्रेयस अय्यर की 79 रनों की पारी का अहम योगदान रहा। जवाब में न्यूजीलैंड लक्ष्य से 21 रन कम ही बना पाया। केन विलियमसन ने 81 रनों की पारी जरूर खेली, लेकिन अपनी टीम की जीत सुनिश्चित नहीं कर पाए। भारत की ओपनिंग जोड़ी, रोहित शर्मा और शुभमन गिल सस्ते में आउट हो गए। यह विराट कोहली के करियर का 300वां वनडे मैच था, जिसमें वो बढ़िया टच में दिख रहे थे। मगर ग्लेन फिलिप्स ने ऐसा जादुई कैच लपका कि मैदान में हर कोई हैरान रह गया।

गुंडराजगुडेम पुलिस-नक्सल मुठभेड़: 2 ढेर

- 10 लाख का ईनाम घोषित था

सुकमा/नवप्रदेश । गुंडराजगुडेम में बीते दिन पुलिस-नक्सल मुठभेड़ दो नक्सली मारे गए, जिनकी आज पहचान हो गई है। इनमें से एक की पहचान पामेड़ एरिया कमेटी की सक्रिय महिला माओवादी सोड़ी लिंगो एसीएम और पुरुष माओवादी पोड़ियाम हड़मा एसीएम कैडर के रूप में हुई है? इन माओवादियों पर 10 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गई थी। इसके साथ ही मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों के पास से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य, और अन्य दैनिक उपयोगी सामान बरामद

किए गए हैं।

सुकमा पुलिस को 28 फरवरी 2025 को गुंडराजगुड़ेम क्षेत्र में शीर्ष माओवादियों के होने की सूचना मिली थी. सूचना मिलते ही सुकमा डीआरजी और 203 कोबरा की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी सर्च अभियान पर रवाना हुई। इसके बाद, 1 मार्च 2025 को सुबह लगभग 9 बजे जंगल के पहाड़ी इलाके में माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई, जो रुक-रुक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

मंत्रिपरिषद के निर्णय — *ईज ऑफ डुइंग बिजनेस के हित में ई-प्रोक्योरमेंट के लिए गठित समिति समाप्त*

छत्तीसगढ़ में विदेशी शराब होगी सस्ती, 9.5% अतिरिक्त शुल्क समाप्त

रायपुर/नवप्रदेश। मंत्रिपरिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि वर्ष 2025-26 की आबकारी नीति वर्ष 2024-25 की भांति होगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 674 मदिरा दुकानें तथा आवश्यकता अनुसार प्रीमियम मदिरा दुकानें संचालित करने का निर्णय भी यथावत् रखा गया है। देशी मदिरा की आपूर्ति पूर्ववत् रेट ऑफर प्रभावी रहेगा। विदेशी मदिरा थोक क्रय, वितरण छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा होगा। मदिरा पर लागू अधोसंरचना विकास शुल्क यथावत् रहेगा। विदेशी मदिरा फुटकर दुकानों पर 9.5 प्रतिशत की दर से लगने वाला अतिरिक्त आबकारी शुल्क समाप्त होगा।

मंत्रिपरिषद द्वारा ईज ऑफ डुइंग बिजनेस के हित को देखते हुए ई-प्रोक्योरमेंट के लिए गठित सशक्त समिति को समाप्त करने का निर्णय लिया। चूंकि वर्तमान में पीएफआईसी द्वारा 100 करोड़ रूपए से उपर की परियोजनाएं स्वीकृत किए जा रहे हैं। बड़ी आईटी परियोजनाओं के संबंध में पहले से सशक्त समिति अनुमोदन की अनिवार्यता होने से अनुमोदन प्रक्रिया का डुप्लिकेशन होता है। इस कारण सशक्त समिति को समाप्त करने का निर्णय लिया।छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण और उपभोक्ता मामलों की समयबद्ध सुनवाई के लिए सदस्य का एक नवीन पद सृजित करने का निर्णय लिया गया।

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ लोक परिसर (बेदखली) (संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

खरीफ विपणन वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के समर्थन मूल्य ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रजिस्ट्रीकरण अधिनियम-1908 (छत्तीसगढ़ संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन

रजिस्ट्री ऑफिसों के नियमित रूप से संचालन के लिए वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग में उप पंजीयक के पदोन्नति श्रेणी के रिक्त 9 पदों की पूर्ति के लिए पांच वर्ष की अर्हकारी सेवा में एक बार के लिए छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया। राज्य में 01 नवम्बर 2024 से औद्योगिक विकास नीति 2024-30 प्रभावशील है। इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ शासन भण्डार क्रय नियम-2002 में प्रस्तावित संशोधन के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ सरकार एवं व्यक्ति विकास केन्द्र इंडिया (द आर्ट ऑफ लिविंग) के मध्य आजीविका सृजन एवं ग्रामीण छत्तीसगढ़ का कल्याण विषयक एमओयू के लिए राज्य सरकार के सुशासन एवं अभिसरण विभाग को अधिकृत किया गया।

चमोली की बर्फीली तबाही में अब तक 7 की मौत, एक अब भी लापता, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

बदरीनाथ (ए.)। उत्तराखंड के चमोली में आई बर्फीली तबाही के तीन दिन बाद अब भी एक मजदूर कई फुट बर्फ के नीचे दबे हुआ है। रविवार सुबह खोजी कुत्तों और हेलीकॉप्टरों की मदद से शुरू किए गए रेस्क्यू ऑपरेशन में तीन लोगों के शव ढूंढ निकाले गए हैं जबकि एक की तलाश जारी है। इसी के साथ इस हादसे में मरने वालों की संख्या 7 हो गई है। बदरीनाथ के पास माणा गांव में शुक्रवार को एवलांच आने से करीब 54 मजदूर बर्फ के नीचे दब गए थे। एक अन्य मजदूर पहले ही घर जा चुका था जिसकी वजह से वह एवलांच की चपेट में आने से बच गया।

उधर शनिवार तक कुल 50 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाला गया जिनमें से चार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं आज अन्य दो लोगों के शव बरामद होने के बाद मरने वालों की संख्या कुल 6 हो गई है, वहीं अन्य दो की तलाश जारी है।

वायुसेना के कई हेलीकॉप्टर बचाव कार्य में जुटे

जानकारी के मुताबिक भारतीय वायु सेना के एमआइ-17, चीता हेलीकॉप्टर बचाव कार्यों के लिए तैनात किए गए हैं। भारतीय वायु सेना के अधिकारियों के अनुसार, एक एमआइ-17 हेलीकॉप्टर रविवार को उत्तराखंड के चमोली जिले में हिमस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में खोज अभियान के लिए ड्रोन-आधारित इंटेलिजेंट बरीड ऑब्जेक्ट डिटेक्शन सिस्टम को एयरलिफ्ट करने के लिए तैयार है। वहीं जोशीमठ में डीएम चमोली संदीप तिवारी ने कहा, बचाव कार्य आज

सुबह 7 बजे शुरू हो गया था। आज का मौसम साफ है। सेना और वायुसेना के 7 हेलिकॉप्टर बचाव अभियान में लगे हुए हैं। हमने खोज और बचाव अभियान के लिए माणा में थर्मल इमेजिंग कैमरा, एनडीआरएफ के स्निफर डॉग को भेजा है। लापता लोग जल्द ही हमें मिल जाएंगे।

उधर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचकर माणा में जारी बचाव कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों को हिमस्खलन से प्रभावित बिजली, संचार तथा अन्य सुविधाओं को जल्द से जल्द सुचारू करने के निर्देश दिए। चमोली के जिलाधिकारी डॉ. संदीप तिवारी ने बताया कि मौसम साफ है और फंसे मजदूरों को निकाले जाने के लिए राहत एवं बचाव अभियान सुबह फिर शुरू हो गया।

तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) भी खोजी कुत्तों के साथ हिमस्खलन स्थल पर हैं और बचाव अभियान में सहयोग कर रहे हैं । उन्होंने बताया कि हादसे में घायल लोगों को हेलीकॉप्टर के जरिए माणा से वापस लाने का कार्य शुरू हो गया है । मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता और उत्तर भारत के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल डी.जी. मिश्रा भी बचाव अभियान की निगरानी करने के लिए हिमस्खलन स्थल पर पहुंच गए हैं। तलाशी एवं बचाव अभियान में भारतीय सेना की 'एविएशन कोर' के तीन हेलीकॉप्टर, भारतीय वायु सेना के दो और सेना द्वारा किराए पर लिए गए एक सिविल हेलीकाप्टर सहित छह हेलीकाप्टर जुटे हुए हैं ।

कुल 54 मजदूर बर्फ में दबे

उन्होंने बताया कि लापता मजदूरों की खोजबीन के लिए दिल्ली से 'जीपीआर सिस्टम' भी आने वाला है। जिलाधिकारी ने कहा कि 'ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार' (जीपीआर) को मौके पर पहुंचाने के लिए सेना का हेलीकॉप्टर 'एमआई 17' देहरादून में इंतजार कर रहा है । उन्होंने आशा व्यक्त की कि इससे तलाशी अभियान में तेजी आएगी और लापता लोग आज खोज लिए जाएंगे। करीब 3,200 मीटर की उंचाई पर भारत-चीन सीमा पर स्थित आखिरी गांव माणा में शुक्रवार को हिमस्खलन होने से बीआरओ शिविर में आठ कंटेनर में रह रहे सीमा सड़क संगठन के 54 मजूदर बर्फ में फंस गए थे। मजदूरों की संख्या पहले 55 बतायी जा रही थी लेकिन एक मजदूर के हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा स्थित अपने घर सुरक्षित पहुंच जाने की सूचना मिलने के बाद यह संख्या 54 रह गयी है ।

नाबालिग से जबरदस्ती की कोशिश अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी स्थित मलिहाबाद में एक मामला सामने आया है। यहां एक युवक नाबालिग लड़की के घर में गया और उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। लड़की ने विरोध किया। तभी युवती के माता-पिता वहां आ पहुंचे। डर से युवती ने खुद को आग के हवाले कर दिया, जिसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को हिरासत में लिया गया है। पुलिस उपायुक्त पश्चिमी के विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि थाना मलिहाबाद के ग्राम कासौनी कला में एक लिखित सूचना दी गई, जिसमें उसके परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी घर पर अकेली थी। तभी पड़ोस के रहने वाले युवक ने उसका मुंह दबाया और उसे जमीन पर गिरा दिया। परिजनों के देखने पर वह युवक वहां से कूदकर भाग गया। माता-पिता के भय से पीड़िता ने खुद को आग लगा ली, जिसका इलाज लखनऊ जिला अस्पताल में चल रहा है। स्थिति अभी स्थिर बनी हुई है। संबंधित धाराओं में अभियुक्त के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। पूरा मामला उत्तर प्रदेश के मलिहाबाद थाना क्षेत्र का है। यहां 23 वर्षीय युवक राहुल अचानक नाबालिग युवती के घर आ गया। घर में युवती के अलावा कोई नहीं था। आरोपी राहुल नाबालिग के साथ जबरदस्ती करने की कोशिश करने लगा। तभी लड़की के परिजनों ने उसे देख लिया, जिसके बाद राहुल भाग गया। पीड़िता अपने माता-पिता से इतना डर गई कि उसने आग लगा ली और गंभीर रूप से झुलस गई, जिसका इलाज सिविल अस्पताल हजरतगंज में हो रहा है।

तमिलनाडु : नीट अभ्यर्थी की संदिग्ध मौत, पिता का दावा 'परीक्षा को लेकर तनाव में थी बेटी इसलिए दी जान'

चेन्नई। तमिलनाडु के विल्लुपुरम जिले के तिंडीवनम की 19 वर्षीय युवती ने आगामी नीट परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने के डर से कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। टिंडीवनम के पास थडापपुरम गांव की रहने वाली युवती ने उसी गांव के सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल से अच्छे अंकों के साथ 12वीं की पढ़ाई पूरी की थी। उसने पुडुचेरी के एक निजी संस्थान से नीट की कोचिंग भी ली थी और पिछले साल 350 अंक हासिल करके परीक्षा दी थी, लेकिन दुर्भाग्य से वह सफल नहीं हो पाई। इस साल वह फिर से परीक्षा की तैयारी कर रही थी और हाल ही में उसने अपना ओबीसी प्रमाण पत्र बनवाया था, जिसे उसने परीक्षा के लिए आवेदन के साथ जमा किया था। जिस दिन उसने यह जानलेवा कदम उठाया, उस दिन उसके माता-पिता और भाई खेती के काम के लिए खेतों में गए थे और वह अकेली रह गई थी। शाम को जब वे वापस लौटे, तो उन्होंने देखा कि युवती पंखे से लटकी हुई थी। परिवार सदमे में था और समझ नहीं पा रहा था कि क्या करें। पास के वेलीमेडु पेट्टई थाने की पुलिस को सूचना दी गई और वे रात करीब 11 बजे घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए विल्लुपुरम सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। फिलहाल छात्रा की मौत की जांच चल रही है। तिंडीवनम पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच में जुटी हुई है।

वक्फ संशोधन बिल का विरोध करने वाले मुसलमानों के दुश्मन : ओपी राजभर

वाराणसी। यूपी की योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने वक्फ बिल में किए गए संशोधन को लेकर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की। उन्होंने कहा कि जो मुसलमान समाज के मजबूत सदस्य हैं, वह कमजोर मुसलमानों को वक्फ बोर्ड की जमीन पर कब्जा नहीं करने देते। यह स्थिति समाज में असंतोष और छटपटाहट का कारण बन रही है। राजभर ने स्पष्ट किया कि सरकार की मंशा यह है कि गरीब मुसलमानों, विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं को वक्फ बोर्ड की जमीनों का लाभ मिल सके, जो पहले कुछ ताकतवर लोग ही अपने हाथ में रखते थे। वक्फ संशोधन बिल को लेकर जारी विरोध के बारे में पूछे जाने पर राजभर ने कहा कि विरोध करने वाले लोग खुद मुसलमानों के दुश्मन हैं। जो लोग वक्फ बोर्ड की जमीनों पर कब्जा करते हैं और उसे बेचकर धन उगाहते हैं, वही लोग इस संशोधन का विरोध कर रहे हैं। अगर गरीब मुसलमानों को वक्फ बोर्ड की जमीन का लाभ मिलता है, तो इसमें बुरा क्या है? सरकार का प्रयास है कि इन जमीनों का सही तरीके से वितरण किया जाए और इससे समाज के वंचित वर्ग को लाभ हो। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सवाल किए जाने पर राजभर ने कहा कि उनकी पार्टी 29 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है और इसके लिए पार्टी ने जमीनी स्तर पर संगठन खड़ा किया है। उनकी पार्टी ने इन सीटों पर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत किया है। हिमाचल सरकार की ओर से मठ-मंदिरों से मदद मांगने को लेकर सवाल किए जाने पर राजभर ने कहा कि आपदा के समय सभी क्षेत्रों से मदद होनी चाहिए। हर किसी को अपनी भूमिका निभानी चाहिए और मदद करने के लिए किसी विशेष क्षेत्र या धर्म का पक्ष नहीं लेना चाहिए।

हापुड़ में एक युवक की हत्या, हत्यारों की तलाश में जुटी पुलिस

हापुड़। उत्तर प्रदेश के हापुड़ में एक शव मिलने से हड़कंप मच गया है। पुलिस ने बताया कि धारदार हथियार से हत्या हुई है। फॉरेंसिक टीम भी मामले की जांच में जुटी है। हत्यारों की तलाश के लिए पुलिस की टीमें छापेमारी कर रही हैं।हापुड़ के पुलिस अधीक्षक ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि शिवगढ़ी के रहने वाले व्यक्ति का नाम अंकित कुमार था। यह रात में मोबाइल से बात करते हुए निकले थे।

कौन हैं 'दक्षिण की सुषमा स्वराज'

भाजपा बना सकती है पहली महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष; रेस में और भी नाम

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी मार्च के मध्य तक अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा करने वाली है। यह निर्णय पार्टी के संगठनात्मक चुनावों के बाद लिया जाएगा। भगवा पार्टी फिलहाल 13 से अधिक राज्यों में संगठनात्मक चुनाव में व्यस्त है। पार्टी के सूत्रों के अनुसार, पार्टी के नए अध्यक्ष का चुनाव आंतरिक सहमति से किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि भाजपा के इतिहास में पहली बार किसी महिला को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की संभावना है। इस बात की भी चर्चा है कि भाजपा दक्षिण भारत से किसी को यह जिम्मेदारी दे सकती है।

रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा है कि भाजपा अगर किसी महिला को राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए चुनती है तो महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष और कोयंबटूर विधायक वनथी श्रीनिवासन या आंध्र प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दग्गुबाती पुरंदेश्वरी इस पद के लिए सबसे संभावित उम्मीदवार मानी जा रही हैं। दग्गुबाती पुरंदेश्वरी की

दावेदारी इस पद के लिए सबसे अधिक है। 66 साल की पुरंदेश्वरी ने 2014 में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी जॉइन की थी और संगठनात्मक मामलों में उनका महत्वपूर्ण अनुभव है। वर्तमान में वह आंध्र प्रदेश में बीजेपी की अध्यक्ष हैं और एक तेज-तर्रार महिला नेता के रूप में जानी जाती हैं।

भाषण के कारण सुषमा से तुलना : पुरंदेश्वरी को 'दक्षिण की सुषमा स्वराज' के नाम से भी जाना जाता है। उनकी शानदार भाषण क्षमता और पांच भाषाओं में प्रवीणता के कारण उन्हें बीजेपी के समर्थकों में व्यापक स्वीकृति प्राप्त है। वहीं, वनथी श्रीनिवासन पार्टी के रणनीतिकार और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा हाल ही में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होते देखा गया था। एक वरिष्ठ बीजेपी नेता ने बताया, ÷वह अपनी मोर्चा के तहत कई सफल कार्यक्रम आयोजन के लिए जानी जाती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा अमित शाह द्वारा उन पर भरोसा किया जाता है।

रेस से बाहर हो सकते हैं खट्टर

सूत्रों ने यह भी संकेत दिया कि पार्टी के नए अध्यक्ष का चयन 50-70 वर्ष के आयु वर्ग में होगा। इस कारण से हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर रेस से बाहर हो सकते हैं। वर्तमान में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी रेस में बताए जा रहे हैं। भाजपा अगर महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष का चयन नहीं करती है तो धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव और विनोद तावड़े भी संभावित उम्मीदवार बन सकते हैं।

चुनावी राज्यों का भी रखा जाएगा ख्याल

उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम और गुजरात में अगले कुछ वर्षों में विधानसभा चुनाव होने हैं और पार्टी इन राज्यों के चुनावी प्रोफाइल को भी ध्यान में रखकर उम्मीदवारों के नामों पर विचार कर रही है।

पंजाब पुलिस को बड़ी सफलता कुख्यात गैंगस्टर दीपा गिरफ्तार

- 3 अत्याधुनिक हथियार, 141 जिंदा रौंद और नशा बरामद

चंडीगढ़। पंजाब में बढ़ते अपराध और आतंकवाद की चुनौती को देखते हुए पंजाब पुलिस ने एक बड़ी सफलता प्राप्त की है। काउंटर इंटेलिजेंस फिरोजपुर ने एक खुफिया सूचना के आधार पर घल्ल खुर्द गांव में तस्कर और गैंगस्टर हरदीप सिंह उर्फ दीपा को गिरफ्तार किया। यह जानकारी पंजाब पुलिस के डीजीपी के आधिकारिक एक्स हैंडल पर दी गई। पकड़े गए गैंगस्टर हरदीप सिंह उर्फ दीपा के पास से तीन अत्याधुनिक हथियार और नशीले पदार्थ बरामद किए गए हैं। इस गिरफ्तारी ने राज्य में आतंकवाद और संगठित अपराध के खिलाफ पुलिस की दृढ़ प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। पुलिस ने दीपा के पास से तीन पिस्तौल, एक ग्लॉक पिस्तौल, एक बेरेटा .30 एमएम पिस्तौल, और एक पंप एक्शन गन बरामद की हैं। इसके साथ ही 141 मिश्रित कारतूस (9एमएम, .30 कैलिबर, 12 बोर) और 45 ग्राम हेरोइन भी जब्त की गई। इसके अलावा, पुलिस ने आरोपी के पास से एक स्विफ्ट कार भी बरामद की। प्रारंभिक जांच से यह स्पष्ट हुआ कि राज्य में आतंक और आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ये हथियार और नशीले पदार्थ सीमा पार से मंगवाए गए थे।

पंजाब पुलिस के डीजीपी ने अपने आधिकारिक हैंडल पर बताया, खुफिया जानकारी पर आधारित एक ऑपरेशन में, काउंटर इंटेलिजेंस फ़िरोज़पुर ने फ़िरोज़पुर के घल्ल खुर्द गांव के तस्कर-सह-गैंगस्टर हरदीप सिंह उर्फ दीपा को गिरफ़्तार किया और उसके पास से 3 अत्याधुनिक हथियार और नशीले पदार्थ बरामद किए। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि राज्य में आतंक और आपराधिक गतिविधियों के लिए सीमा पार से हथियार मंगवाए गए थे। पीएस स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल, फाजिल्का में एफआईआर दर्ज की गई है और पूरे नेटवर्क को उजागर करने के लिए आगे की जांच चल रही है।

क्या पटरी पर लौटेंगे मणिपुर के जमीनी हालात?

नई दिल्ली/ए.। जातीय हिंसा की चपेट में रहे मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगे दो सप्ताह से ज्यादा का समय बीत गया है.उसके बाद पहली बार शनिवार को नई दिल्ली में एक बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य की ताजा स्थिति की समीक्षा की.भारत के गृह मंत्री के साथ इस बैठक में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला के अलावा सुरक्षा बलों और प्रशासन के तमाम शीर्ष अधिकारी मौजूद थे.बैठक में अब तक की प्रगति पर संतोष जताते हुए कहा गया कि प्रशासन की सबसे पहली प्राथमिकता उन हथियारों की वापसी है जिनको हिंसा शुरू होने के बाद अलग-अलग शहरों में थानों और सरकारी शस्त्रागारों से लूटा गया था.बीती 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लागू होने के करीब एक सप्ताह बाद राज्यपाल ने तमाम भूमिगत और उग्रवादी संगठनों को इन लूटे गए हथियारों की वापसी के लिए एक सप्ताह का

अल्टीमेटम देते हुए कहा था कि उसके बाद बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई शुरू की जाएगी.लेकिन उस दौरान करीब चार सौ हथियार ही जमा हुए.उसके बाद यह समयसीमा छह मार्च तक बढ़ा दी गई है.इसके पीछे दलील यह दी गई कि कई संगठनों ने हथियार लौटाने से पहले आपस में विचार-विमर्श के लिए समय मांगा है.इस कवायद के बीच ही कुकी संगठनों की ओर से मैतेई समुदाय के एक धार्मिक स्थल पर हुए हमले ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है.अब पूछा जा रहा है कि क्या राष्ट्रपति शासन से मणिपुर में जमीनी हालात सुधरेंगे? क्या बीरेन सिंह के जाने से शांत हो पाएगा मणिपुर? पर्वतीय और मैदानी इलाकों में विभाजनइस सवाल की ठोस वजह है.मणिपुर घाटी में रहने वाले बहुसंख्यक मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की अदालती सलाह के बाद साल 2023 में तीन मई को बड़े पैमाने पर हिंसा भड़क उठी थी.

हरियाणा में कांग्रेस की महिला नेता की गला घोंटकर हत्या

- सूटकेस में पैक करके फेंकी लाश

नई दिल्ली। हरियाणा के रोहतक में कांग्रेस की महिला नेता की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। इसके बाद उसकी लाश को सूटकेस में पैककर सांपला बस स्टैंड के पास फ्लाईओवर के करीब फेंक दिया। रोहतक के कांग्रेस विधायक भारत भूषण बत्रा ने इस घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि यह लाश हिमानी नरवाल की है। उन्होंने इस हत्याकांड की जांच के लिए स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम गठित करने की मांग की। बत्रा ने कहा कि हिमानी नरवाल कांग्रेस पार्टी की सक्रिय सदस्य थीं और भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ शामिल हुई थीं।

किसी राहगीर ने बस स्टैंड की दीवार के पास पड़े एक काले रंग के सूटकेस को देखा और उसकी संदिग्ध स्थिति को देखते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और सूटकेस को कब्जे में लेकर जब खोला गया तो उसमें एक महिला का शव मिला। सांपला में मिले शव की पहचान रोहतक की 23 साल की हिमानी नरवाल युवती के रूप में हुई। उसके हाथों में मेहंदी लगी थी। उसकी दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई गई है। पुलिस ने मौके पर एफएसएल की टीम को बुलाया, जिसने सबूतों को इकट्ठा किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। सांपला थाना प्रभारी बिजेंद्र ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला कि युवती की गला घोंटकर हत्या की गई है। उसके गले में चुन्नी लिपटी मिली। फोरेंसिक टीम ने सूटकेस और युवती के कपड़ों से सैंपल लिए और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

पहले ड्रेस का मजाक, फिर अपमान और ताने!

जेलेंस्की पर ट्रंप की टिप्पणी पर यूक्रेनी सैनिकों में आक्रोश

वाशिंगटन (ए.)। वाशिंगटन डीसी में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के बीच हुई तनावपूर्ण बैठक के दौरान ट्रंप की टिप्पणी से यूक्रेनी सैनिकों में जबरदस्त नाराजगी है। यूक्रेनी सेना के एक ड्रोन पायलट डिमको झलुकतेन्को का कहना है कि ट्रंप द्वारा जेलेंस्की पर अमेरिकी सैन्य सहायता के लिए पर्याप्त आभार न प्रकट करने का आरोप लगाना अपमानजनक था। उन्होंने कहा कि हमारे नेता का अपमान हमारा अपमान है। यह नहीं होना चाहिए था। हमारे राष्ट्रपति ने साबित किया कि वो अमेरिका की कठपुतली नहीं हैं। सैनिक का कहना था कि हमें फर्क नहीं पड़ता, आगे क्या होगा? लेकिन अगर हम शांत हुए तो रूस हमारे शहरों को नष्ट कर देगा।

शुक्रवार को ओवल ऑफिस में हुई बैठक के दौरान अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने जेलेंस्की को असम्मानजनक बताया, जबकि ट्रंप ने उन्हें विश्व युद्ध तीन के साथ जुआ खेलने की चेतावनी दी।

हमारे लिए यह अपमानजनक था

यूक्रेन की सेना में ड्रोन विशेषज्ञ डिमको झलुकतेन्को ने कहा कि यह पूरी बातचीत यूक्रेन के सैनिकों और नागरिकों के लिए अपमानजनक थी। उन्होंने कहा, ÷मुख्य बात यह थी कि यह हमारे लिए अपमानजनक था कि यह चर्चा बिना किसी ठोस विषय के आगे बढ़ी। न ही शांति समझौते पर चर्चा हुई और न ही खनिज

समझौते पर, बल्कि केवल जेलेंस्की की पोशाक और उनके आभार व्यक्त करने के तरीके को लेकर मजाक उड़ाया गया।

हम कोई कठपुतली नहीं

झलुकतेन्को ने अपने राष्ट्रपति की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने देश के हितों की रक्षा की और यह साबित किया कि ÷हम अमेरिका की कोई कठपुतली नहीं हैं।÷ डिमको झलुकतेन्को ने युद्ध के पहले ढाई साल के दौरान देशभर में राहत सामग्री वितरित करने में सहायता की है। उनका दावा है कि उन्होंने अब तक तीन मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 2.3 मिलियन पाउंड) की राशि क्राउडफंडिंग के जरिए जुटाई है। पिछले साल उन्होंने यूक्रेनी सशस्त्र बलों की 'अनमैन्ड सिस्टम्स फोर्स' (ड्रोन युद्ध विशेषज्ञ इकाई) में शामिल होने का फैसला किया।

अपने रिश्तेदार और दोस्तों को खोया

झलुकतेन्को ने कहा कि उन्होंने इस युद्ध में अपने कई दोस्तों और अपने चाचा को खो दिया है, लेकिन वह संघर्ष जारी रखेंगे। वो कहते हैं, ÷मैं अपने उन दोस्तों और परिवार के लिए लड़ रहा हूं जो रूस के हमलों में मारे गए। इस साल मैंने कई दोस्तों को खो दिया। मैंने अपने चाचा को भी पोक्रोवस्क के पास युद्ध में खो दिया। मैंने अपने कई साथियों को लविव के सैन्य कब्रिस्तान में दफन किया है। यह बहुत अन्यायपूर्ण है।

हम लड़ाई जारी रखेंगे

उन्होंने आगे कहा, कोई फर्क नहीं पड़ता कि क्या होता है, हम लड़ाई जारी रखेंगे। क्योंकि यदि हम ऐसा नहीं करते, तो हमारे शहर नष्ट हो जाएंगे।÷ युद्ध के शुरुआती महीनों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि तब यूक्रेनी जनता के मन में बहुत अनिश्चितता थी कि क्या देश इस हमले का सामना कर सकेगा या नहीं। उन्होंने कहा, ÷पहले कुछ महीनों में यह बहुत बड़ा संकट था। हर किसी के जीवन में भय और असुरक्षा थी।

संक्षिप्त खबरें

छत्तीसगढ़ धीवर समाज के वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश । सांसद बृजमोहन अग्रवाल छत्तीसगढ़ धीवर समाज कोटनी परगना के वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए। उन्होंने एक्स पर लिखा, छत्तीसगढ़ धीवर समाज कोटनी परगना के वार्षिक अधिवेशन एवं आदर्श विवाह समारोह में शामिल हुआ। यह आयोजन समाज की एकजुटता, परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का अद्भुत उदाहरण है।

मुख्यमंत्री साय से मिले केंद्रीय मंत्री सेठ

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ छत्तीसगढ़ दौरे पर रायपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। सीएम साय ने केंद्रीय मंत्री संजय सेठ को बस्तर की समृद्ध कला-संस्कृति का प्रतीक 'बस्तर आर्ट' स्मृति चिह्न भेंट किया। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ में शांति, सुशासन और सतत विकास को लेकर चल रही पहल पर केंद्रीय मंत्री से विस्तृत चर्चा की. उन्होंने राज्य सरकार द्वारा आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ की दिशा में किए जा रहे प्रयासों और विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी साझा की। आज रायपुर प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साईं जी से आत्मीय मुलाकात हुई। इस दौरान देश के विकास में छत्तीसगढ़ की सकारात्मक भूमिका पर बातचीत हुई। छत्तीसगढ़ दौरे में केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने रायपुर स्थित COSA मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों व जवानों से संवाद कर, कई बिंदुओं पर चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने रायपुर स्थित मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के एनसीसी समूह मुख्यालय का भी दौरा किया।

बजट को लेकर दीपक बैज का बीजेपी पर हमला

सरकार के पास न कोई नीति है न कोई विजन :बैज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार कल यानी 3 मार्च को अपना पूर्ण बजट पेश करेगी, इस पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास न कोई नीति है न कोई विजन है। डेढ़ लाख करोड़ से ज्यादा का बजट लाने वाले हैं। डेढ़ साल में एक रुपए सरकार ने नहीं दिया. पिछले साल का जो काम था, वहीं रनिंग में चल रहा है। स्कूल और स्वास्थ्य के लिए कोई नई योजना नहीं है। इस सरकार में काम करने के लिए कोई काम है? हजारों करोड़ का कर्ज ले चुकी है वो पैसा कहां जा रहा है? प्रवतर्न निदेशालय ने कल कांग्रेस महामंत्री मलकीत सिंह गेंदु को पूछताछ के लिए तलब किया है। इसे लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि ईडी ने हमारे महामंत्री से कुछ और जानकारियां मांगी है. जिस तरह से बेवजह परेशान किया जा रहा है और कांग्रेस के नेताओं को टारगेट किया जा रहा है. बीते दिनों पूरे प्रदेश में श्वष्ठ और भाजपा के खिलाफ पुतला दहन हुआ है। कल श्वष्ठ कार्यालय के सामने बड़ा प्रदर्शन करने की तैयारी पार्टी कर रही है। ये बदलापुर की जो राजनीति चल रही हैं ये ठीक नहीं है। दीपक बैज ने विजय बघेल द्वारा पूर्व सीएम भूपेश बघेल की तुलना किए जाने पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कौन झूठ बोलता है, ये तो वो खुद जानते हैं. विजय बघेल अपनी सरकार में झांक लें, कि कौन-कौन से मोदी की गारंटी को पूरी किए हैं। विजय बघेल ने खुद अपनी सरकार पर सवाल उठाए हैं।

भाजपा ने कांग्रेस की एक पोस्ट में गलती पर तंज कसा

भाजपा हिंदी सुधारने की नसीहत न दे : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में ईडी की कार्रवाई समेत अन्य मुद्दों पर भाजपा और कांग्रेस के बीच राजनीतिक टकराव जारी है। लेकिन इस बार बहस का मुद्दा कोई आरोप-प्रत्यारोप नहीं, बल्कि हिंदी की वर्तनी को लेकर है। सोशल मीडिया पर भाजपा ने कांग्रेस की एक पोस्ट में गलती निकालते हुए तंज कसा, तो कांग्रेस ने भी इसपर हमला बोला है। भाजपा ने एक्स पर कांग्रेस पर तंज कसते हुए लिखा, प्रिय आईएनसी छत्तीसगढ़, एक पढ़ा-लिखा एक्स हैंडलर रखिये, जो कम से कम हिंदी सही सही लिख पढ़ ले, सही शब्द 'कवयित्री' है, 'कवियित्री' नहीं। भाजपा के इस कटाक्ष पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा को ऐसा लगता है कि सबसे ज्यादा बुद्धिमान वही हैं, पूरे देश में और कोई नहीं. पहले अपने गिरेबां झांक लें। अगर खुद को बुद्धिमान समझते हैं तो बधाई। लोगों के विकास और देश के आर्थिक विकास में कांग्रेस का जितना योगदान है, उतना भाजपा का नहीं।

पूर्व क्रिकेटर कपिल देव ने गोल्फ कोर्स की तारीफ की

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ आए पूर्व क्रिकेटर कपिल देव ने छत्तीसगढ़ गोल्फ कोर्स की सुविधाओं की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ आकर मुझे बहुत मजा आया। मुझे उम्मीद नहीं थी कि यहां भी गोल्फ हो सकता है। बहुत ही बढ़िया गोल्फ कोर्स है। व्यवस्थाएं बेहतरीन थी। हम चाहते हैं कि यहां हर साल गोल्फ हो। छत्तीसगढ़ गोल्फ डेस्टिनेशन बन जाए। गोल्फ कोर्स अच्छा है। सराउंडिंग इतनी अच्छी है कि मैं शब्दों में बयान नहीं कर नहीं कर सकता। मैं सभी से चाहूंगा कि वे रायपुर आए और इस खूबसूरत गोल्फ कोर्स का आनंद उठाएं।

चैतन्य टेक्नो स्कूल में साइंस एक्सपो प्रदर्शनी का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। सरोना स्थित श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने एवं उनमें कलात्मक अभिरुचि का विकास करने के उद्देश्य से विज्ञान और कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ वरिष्ठ पत्रकार एवं समाज सेविका मेघा तिवारी और डिप्टी नर्सिंग सुप्रीनटेनडेटं (एम्स) जक्का प्रदीप कुमार, मिरियाला रवि चंद्रा, मावीला सतीश और ए.जी.एम (चैतन्य टेक्नो स्कूल)आर. आई.कट्टा साई कुमार एवम तनुश्री दास ने किया। मेघा तिवारी ने कहा प्रत्येक विद्यार्थी के लिए विद्यालय पढ़ाई के साथ उनकी प्रतिभा निखारने के लिए सबसे उपयुक्त स्थान होता है।

फार्मा, रियल एस्टेट और आईटी के प्रतिनिधियों ने की सीएम साय से भेंट

नए उद्यमियों के लिए अपार संभावनाएं: मुख्यमंत्री

रायपुर/नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास और नव उद्यमिता के लिए अपार संभावनाओं से भरा राज्य है। यह राज्य वन, खनिज और ऊर्जा संसाधनों से समृद्ध है और बिजली उत्पादन में सरप्लस राज्यों में शामिल है। इन संसाधनों के चलते यहां उद्योगों की स्थापना के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है. सरकार निवेशकों और नव उद्यमियों को हरसंभव सहयोग प्रदान कर रही है, ताकि प्रदेश में आर्थिक विकास और रोजगार के नए अवसरों को प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में फार्मा, रियल एस्टेट और आईटी क्षेत्र के प्रतिनिधियों से चर्चा के दौरान यह बात कही. इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, सचिव डॉ. बसवराजू एस., पी. दयानंद, राहुल भगत, उद्योग सचिव रजत कुमार और प्रबंध संचालक विश्वेष झा उपस्थित थे।

नई औद्योगिक नीति होगी आसान

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 लागू की गई है, जिससे निवेशकों के लिए उद्योग स्थापित करना पहले से अधिक सरल और सुविधाजनक हो गया है। इसके तहत ऑनलाइन आवेदन और त्वरित प्रोसेसिंग की व्यवस्था की गई है, जिससे निवेश प्रक्रिया पारदर्शी और तेज़ बनी है. इसके अतिरिक्त, 'सिंगल विंडो 2.0' प्रणाली लागू की गई है, जिससे सभी आवश्यक स्वीकृतियाँ आसानी से मिल रही हैं और निवेशकों को किसी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

पहली बार सेमीकंडक्टर और एआई सेक्टर को बढ़ावा

मुख्यमंत्री साय ने बताया कि नई औद्योगिक नीति लागू होने के बाद अब तक छत्तीसगढ़ को 1.23 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं. प्रदेश में एआई, आईटी, डाटा सेंटर, फार्मास्युटिकल, रियल एस्टेट और रोबोटिक्स जैसे सेक्टरों को विशेष प्रोत्साहन दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप, छत्तीसगढ़ में पहली बार सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर और एआई आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए निवेश प्रस्ताव मिले हैं, जो प्रदेश के औद्योगिक विकास में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होंगे।

सकारात्मक संवाद

मुख्यमंत्री साय ने बैठक के दौरान उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि छत्तीसगढ़ सरकार उद्यमियों को हरसंभव सहायता प्रदान करेगी. उन्होंने कहा कि प्रदेश की औद्योगिक नीति स्पष्ट, पारदर्शी और निवेशक-अनुकूल हैं, जिससे देश-विदेश के उद्योगपतियों को छत्तीसगढ़ में व्यापार स्थापित करने के लिए आवश्यक सुविधाएं दी जा रही हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने निवेशकों को आमंत्रित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार उनके व्यापार को सफल बनाने में हरसंभव सहयोग देगी. राज्य की नई औद्योगिक पहल प्रदेश को आर्थिक प्रगति और नवाचार के नए दौर में ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित उद्यमियों और निवेशकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें प्रमुख रूप से मैनकाइंड फार्मा से गौरव चौहान, एम्बेसी रीट के सीईओ विकास खडोलिया, यूअरस्टोरी की संस्थापक श्रद्धा शर्मा और मायट्री स्कूल ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप के फाउंडर रोहित कश्यप शामिल थे।

निवेश को मिलेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार नए औद्योगिक पार्कों की स्थापना कर रही है, जिससे उद्योगपतियों को आवश्यक बुनियादी ढाँचा और संसाधन उपलब्ध होंगे। इससे नव उद्यमियों को भी सशक्त वातावरण मिलेगा, जिससे वे अपनी व्यावसायिक यात्रा को मजबूती से आगे बढ़ा सके। इस पहल से न केवल औद्योगिक इकाइयों की संख्या बढ़ेगी, बल्कि प्रदेश में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

छत्तीसगढ़ में बढ़ी गर्मी... 36 डिग्री के साथ रायपुर सबसे गर्म

■ अंबिकापुर में चढ़ने लगा रात का पारा, कई शहरों में बादल-बारिश का भी अलर्ट



रायपुर/नवप्रदेश। मार्च के पहले सप्ताह में ही तापमान बदलने के आसार हैं। दिन में गर्मी और तेज होगी, वहीं रात में हल्की ठंड बनी रह सकती है। प्रदेश के कई शहरों में अगले 24 घंटे अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। वहीं कई जगहों पर बादल छाए रहने और हल्की बारिश भी चेतावनी है।

ड्राई मौसम के चलते शनिवार को रायपुर और बिलासपुर जिले सबसे गर्म रहे। यहां अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा है। सबसे कम न्यूनतम तापमान 15 डिग्री अंबिकापुर में दर्ज किया गया।

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अगले 2 दिनों में मध्य छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान में 1-2 डिग्री की गिरावट की संभावना है, जबकि अगले 4 दिनों में दक्षिणी छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

अगले 24 घंटे में क्या बदलाव होंगे?

- प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहेगा।
- कुछ जिलों में हल्के बादल छाने की संभावना है, लेकिन बारिश की संभावना नहीं है।
- अधिकतम और न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि का दौर जारी रहेगा।
- उत्तर छत्तीसगढ़ में तापमान स्थिर, जबकि मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में 1-3°C तक बढ़ने के बाद गिरावट संभव है।

रायपुर में गर्मी का असर तेज

रायपुर में मौसम साफ रहेगा, लेकिन तापमान में मामूली बढ़ोतरी हो सकती है। शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक रहा।

मार्च के शुरुआती दिनों में उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ में बादल छाए रहेंगे। इस दौरान कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। बंगाल की खाड़ी में पश्चिमी विक्षोभ के असर से सिस्टम बन रहा है। इसके असर से हवा में नमी की मात्रा बढ़ेगी।

क्या मौसम में कोई बड़ा बदलाव होगा?

- फिलहाल प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहेगा।
- अगले 2-3 दिनों तक तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना है, खासकर मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में।
- उत्तर छत्तीसगढ़ में फिलहाल कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।
- अंबिकापुर में रात का पारा नॉर्मल से अधिक
- यहां रात का तापमान 15 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से 5.3 डिग्री अधिक था। दिन का तापमान 34.6 डिग्री रहा जो सामान्य से 5.3 डिग्री अधिक था।

11वीं मंजिल से गिरी लड़की की मौत, सीसीटीवी फुटेज आया सामने

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के तेलीबांधा थाना क्षेत्र स्थित ऐश्वर्या एम्पायर में एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में 11वीं मंजिल से गिरने मौत हो गई। अब घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें युवती को बिल्डिंग परिसर में प्रवेश करते हुए और कुछ देर बाद छत से गिरते हुए देखा जा सकता है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह हत्या है, आत्महत्या या फिर कोई दुर्घटना है।

परिजनों को मिली मौत की खबर

मृतका की पहचान डीडी नगर निवासी आहना जैन के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आहना शनिवार दोपहर अपने दोस्त की बर्थडे पार्टी में जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटी। जिसके बाद परिजन उसकी तलाश में डीडी नगर थाना पहुंचे और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने लगे। इसी दौरान पुलिस को ऐश्वर्या एम्पायर के नीचे एक युवती का शव मिलने की सूचना मिली। जब परिजनों ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव की पहचान की, तो उनके होश उड़ गए।

पुलिस ने घटनास्थल से मृतका की स्कूटी बरामद की है. वहीं बिल्डिंग परिसर में लगेसीसीटीवी का फुटेज भी सामने आया है। पहले वीडियो में युवती बिल्डिंग परिसर में एंट्री करते दिख रही है। वहीं दूसरे वीडियो में वह छत से गिरते हुए नजर आई है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह हत्या थी, आत्महत्या या कोई दुर्घटना, फिलहाल, मामले में तेलीबांधा थाना पुलिस मर्ग कायम कर हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

भारतमाला परियोजना में किसानों को अब तक नहीं मिला मुआवजा

अधिकारियों ने किया लंबा खेल: टंकराम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भारतमाला परियोजना के तहत कई किसानों को उनकी अधिग्रहित भूमि का अब तक मुआवजा नहीं मिल सका है। इस सवाल को लेकर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि भारतमाला परियोजना बहुत बड़ी परियोजना है। भू अर्जन की प्रक्रिया में गड़बड़ी हुई है। इस मामले में जांच हुई है, जिसमें अधिकारियों की संलिप्तता पाई गई है। कुछ अधिकारियों को निलंबन भी किया गया है, मुआवजा नहीं मिलने का कारण है कि एक ही प्लाट को कई प्लाटों में बांट दिया गया है। 25 करोड़ रुपए मुआवजा देना था, उसको कई गुना मुआवजा देना पड़ा है। छत्तीसगढ़ में भारतमाला परियोजना के तहत राजधानी रायपुर से विशाखपट्टनम तक 950 कि.मी. सड़क निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना में रायपुर से विशाखापटनम तक फोरलेन सड़क और दुर्ग से आरंग तक सिक्स लेन सड़क बनना प्रस्तावित है।

दस्तावेज बताते हैं बाईसन की हत्या की गई

रायपुर/नवप्रदेश। जनवरी को बरनावापारा अभ्यारण से गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व भेजी गई मादा सब एडल्ट बाइसन की मौत 12 घंटे की ट्रक की यात्रा के बाद गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व पहुंचने पर हो गई थी। इस मामले में वन विभाग के ही दस्तावेज यह बता रहे हैं कि बाइसन की हत्या की गई। बेहोशी से निकालने की दवा कालातीत थी बड़े वन्य प्राणियों को ट्रांस्लोकेट करने के लिए पहले उन्हें पकड़ने (कैप्चर) करने के लिए बेहोश किया जाता है। बेहोशी से निकलने के लिए उसी बेहोश करने वाली दवा की एंटीडॉट (रेवेर्सल) का इंजेक्शन दिया जाता है। दुर्भाग्यपशाली मादा सब एडल्ट बाइसन को बेहोश करने की जो दवा दी गई थी वह कैपटीवान थी। कैपटीवान कितनी ताकतवार होती है इस बात का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह मोर्फिन से तीन से आठ हजार गुना ताकतवार होती है। मादा सब एडल्ट को कैपटीवान तो दी गई पर उसका असर पलटने के लिए जो एक्टिवोन का इंजेक्शन लगाया गया वह एक्टिवान 10 महीने पहले ही कालातीत (एक्सपार) हो गई थी, इसलिए वह एक्टिवोन असर नहीं कर पाई और मादा सब एडल्ट बाइसन की मौत ताकतवार कैपटीवान के असर में घंटो रहने के कारण हो गई। तड़प तड़प के मरी होगी यदि बेहोशी से निकालने वाली एक्टिवोन का प्रयोग नहीं किया जाता है या वह कालातीत होने से अप्रभावी हो जाती है, तो बाइसन जैसे वन्यप्राणी को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ते हैं। जैसे लंम्बे समय तक बेहोश रहने से सांस लेने की दर धीमी हो जाती है जिससे मौत हो जाती है। हृदय संबंधी जटिलताएं पैदा होती है जैसे रक्तचाप और हृदय गति पर असर, हृदयघात से मौत। लम्बे समय तक बेहोश रहने से वन्यप्राणी अपने शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में असमर्थ हो जाते हैं ऐसी बहुत तकलीफों से मादा सब एडल्ट बाइसन की मौत हुई होगी। क्या कहते है दस्तावेज बेहोश करने वाली कैपटीवान और बेहोशी से निकालने वाली एक्टिवोन, दोनों दवाईयां साउथ अफ्रीका के वाइल्डलाइफ फार्मास्युटिकल्स से दिसम्बर 2022 में जंगल सफारी प्रबंधन ने बुलवाई थी। इसमें से बेहोशी से निकालने वाली दवा एक्टिवोन के बैच का नंबर 123040 था जिसकी चार शीशी (प्रत्येक 10 मिलीलीटर की) आई, जिनका सीरियल नंबर 12/283, 284, 285, 286 था। इनकी कालातीत होने का समय कंपनी ने मार्च 2024 बताया था।

उपलब्धियों का प्रतीक | सहकार से समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

मुख्यमंत्री साय ने किया सहकारिता विभाग के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय में सहकारिता विभाग की गतिविधियों पर आधारित वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव, श्री विजय शर्मा, सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप सहित सभी कैबिनेट मंत्रीगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर सहकारिता विभाग के अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि ÷सहकार से समृद्धि÷ के मूलमंत्र पर आधारित यह कैलेंडर राज्य सरकार द्वारा सहकारिता के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों और उपलब्धियों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं में सहकारिता की भागीदारी छत्तीसगढ़ को समृद्धि और विकास के नए आयामों तक ले जाएगी।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहकारिता को मिली मान्यता: मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2025 को 'अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष' घोषित किया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में, भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय द्वारा ÷सहकार से समृद्धि÷ अभियान के तहत विविध गतिविधियाँ पूरे छत्तीसगढ़ में आयोजित की जा रही हैं।

वार्षिक कैलेंडर में समाहित योजनाएँ एवं कार्ययोजना : सहकारिता विभाग के इस वार्षिक कैलेंडर में ग्राम, जिला एवं प्रदेश स्तर पर संचालित विभिन्न गतिविधियों को शामिल किया गया है। इन गतिविधियों में धान खरीदी एवं भंडारण प्रक्रिया का विस्तार, प्रधानमंत्री जन औषधि स्टोर एवं कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापन, विश्व स्तर पर विशाल अन्न भंडारण के लिए नवीन गोदामों का निर्माण, किसानों को एटीएम कार्ड प्रदान करना एवं पैक्स में माइक्रो एटीएम के माध्यम से भुगतान सुविधा, नवीन पैक्स सोसाइटी, डेयरी एवं मत्स्य सहकारी समितियों का पंजीयन एवं सशक्तिकरण के सम्बन्ध में जानकारी दी गई है। वार्षिक कैलेंडर के विमोचन के साथ राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ को सहकारिता आधारित आर्थिक विकास की दिशा में आगे ले जाने का एक और मजबूत कदम उठाया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर सहकारिता विभाग को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि यह पहल राज्य के सहकारी तंत्र को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं लाभदायक बनाएगी।

सुविचार

मेहनत सीढ़ियों की तरह होती हैं और भाग्य लिफ्ट की तरह है। लिफ्ट तो कभी बंद भी हो सकती है लेकिन सीढ़ियां हमेशा उपर की ओर ले जाती हैं। - अज्ञात

बिहार में बढ़ती सियासी सरगर्मियां

बिहार विधानसभा चुनाव में अभी छह माह का समय बाकी है लेकिन अभी से वहां सियासी सरगर्मियां बढ़ गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया है। जिसमें सभी 7 नये मंत्री भाजपा के ही बनाये गये है। मंत्रीमंडल के इस विस्तार में जेडीयू का एक भी मंत्री न बनाए जाने के कारण बिहार में अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। वैसे तो भाजपा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बिहार विधानसभा चुनाव एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ेगा लेकिन चुनाव के बाद एनडीए को बहुमत मिलने की स्थिति में बिहार के मुख्यमंत्री पद पर किसकी नियुक्ति होगी इस बारे में भाजपा नेताओं ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। यही वजह है कि नीतीश कुमार के फिर से मुख्यमंत्री बनने को लेकर कई तरह के कयास लगाये जा रहे हैं। भाजपा नेताओं के मुताबिक एनडीए को बहुमत मिलने के बाद विधायकों की राय से मुख्यमंत्री का चयन होगा इसका मतलब साफ है कि नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री बनेंगे। इसे लेकर संसय की स्थिति बनी हुई है। जेडीयू दल के नेता चाहते हैं कि जब नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जा रहा है तो नीतीश कुमार को ही मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किया जाये। खुद नीतीश कुमार भी यही चाहते हैं कि भाजपा उन्हें सीएम के रूप में प्रोटेक्ट करे। यही नहीं बल्कि जेडीयू को 115 सीटें दिये जाने की भी मांग उठ रही है। 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा में जेडीयू बराबरी की सीटें चाहती है ताकि वह सबसे बड़े दल के रूप में उभर सके और नीतीश कुमार का मुख्यमंत्री पद पर दावा मजबूत हो सके किन्तु भाजपा इसके लिए भी तैयार नहीं हो रही है। भाजपा अधिकतम सीटें पर चुनाव लड़कर बिहार में बड़े भाई की भूमिका में आना चाहती है। ताकि बिहार में भाजपा का मुख्यमंत्री बन सके। यहीं पेंच फंसा हुआ है। इस बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे का भी राजनीति में पदार्पण होने की संभावना बढ़ गई है। गौरतलब है कि नीतीश कुमार राजनीति में परिवारवाद के सख्त खिलाफ है इसीलिए उनके बेटे अभी तक राजनीति से दूर थे किन्तु अब नीतीश कुमार उम्रदराज हो चुके हैं इसलिए जेडीयू के ही अनेक नेता यह चाहते हैं कि उनके बेटे राजनीति में आये और अपने पिता की विरासत को संभालें। कुल मिलाकर बिहार में मुख्यमंत्री पद को लेकर तथा सीटों के बटवारे को लेकर एनडीए में खींचतान की स्थिति बन गई है। नतीजतन राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू प्रसाद यादव तथा उनके पुत्र तेजस्वी यादव नीतीश कुमार पर डोरे डाल रहे हैं। ऐसे में यदि एनडीए नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित नहीं करती है तो एक बार फिर नीतीश कुमार के पलटी मारने की भी संभावना को नकारा नहीं जा सकता। अब देखना होगा की भाजपा चुनाव के पूर्व नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करती है या नहीं। वैसे भाजपा के कई नेता इस पक्ष में बताये जाते हैं की भाजपा को अपने स्टैंड पर कायम रहना चाहिए और सबसे ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहिए। यदि इससे नाराज होकर नीतीश कुमार एक बार फिर एनडीए का साथ छोड़ कर राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाले महागठबंधन में जाते हैं तो उन्हें जाने दिया जाये इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा और भाजपा बिहार में अपने अन्य सहयोगी दलों के साथ मिलकर सरकार बनाने में सफल हो जायगी। बहरहाल आने वाले कुछ दिनों में बिहार की स्थिति स्पष्ट होगी और यह पता चलेगा कि वहां क्या समीकरण बनता है।

बढ़ते ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने की जरूरत

छत्तीसगढ़ में स्कूलों और कॉलेजों की वार्षिक परीक्षायें शुरू हो गई हैं किन्तु बढ़ते ध्वनि प्रदूषण के कारण विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समय शादी ब्याह का भी सीजन चल रहा है जिसके चलते शहरों से लेकर गांव कस्बों तक लॉउडस्पीकर और डीजे के मनमाने उपयोग के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। देर रात तक डीजे के कानफोडू आवाज की वजह से छात्र परीक्षा की तैयारी नहीं कर पा रहे हैं। इस बारे में सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों की खुलेआम धज्जियां उड़ रहीं है और शासन प्रशासन मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रहा है। वैसे तो छात्रों की परीक्षाओं को मद्देनजर रखकर प्रदेश के सभी कलेक्टरों ने ध्वनि विस्तारक यंत्रों के दुरूपयोग पर रोक लगाने का और सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दे दिया है लेकिन इसके लिए जिम्मेदारी तय न हो पाने के कारण कोलाहाल अधिनियम का पालन नहीं हो पा रहा है। खासतौर पर डीजे पर तो कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है बेहतर होगा कि कोलाहाल अधिनियम का पालन कराने संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाये और इसका उल्लंघन होने की स्थिति में उनके खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जब तक इस कड़े कदम नहीं उठाये जाएंगे तब तक छात्रों को इस शोरशराबे से मुक्ति नहीं मिल पाएगी और वे पढ़ाई पर अपना ध्यान केन्द्रित नहीं कर पाएंगे। इसके लिए पुलिस विभाग को चाहिए कि वह साउंड सर्विस और डीजे वालों की बैठक बुलाकर उन्हें समझाइश दे और यह भी सुनिश्चित करे कि वे ध्वनि विस्तारक यंत्रों का मनमाने ढंग से दुरूपयोग न करें उन्हें कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी जाये तभी परीक्षा के समय बढ़ते वायु प्रदूषण पर प्रभावी रोक लग पाएगी।

प्रेरक प्रसंग

सफलता का रहस्य - सुकरात

सुकरात ने उस इंसान को कहा कि वह कल सुबह नदी के पास मिले, वही पर उसे अपने प्रश्न का जवाब मिलेगा। जब दूसरे दिन सुबह वह व्यक्ति नदी के पास मिला तो सुकरात ने उसको नदी में उतरकर, नदी की गहराई मापने के लिए कहा। व्यक्ति नदी में उतरकर आगे की तरफ जाने लगा। जैसे ही पानी उस व्यक्ति के नाक तक पहुंचा, पीछे से सुकरात ने आकर अचानक से उसका मुंह पानी में डुबो दिया। वह व्यक्ति बाहर निकलने के लिए झटपटाने लगा, कोशिश करने लगा लेकिन सुकरात थोड़े ज्यादा स्ट्रांग थे। सुकरात ने उसे काफी देर तक पानी में डुबाए रखा। कुछ समय बाद सुकरात ने उसे छोड़ दिया और उस व्यक्ति ने जल्दी से अपना मुंह पानी से बाहर निकालकर जल्दी जल्दी साँस ली। सुकरात ने उस व्यक्ति से पूछा -जब तुम पानी में थे तो तुम क्या चाहते थे? व्यक्ति ने कहा -जल्दी से बाहर निकलकर सांस लेना चाहता था। सुकरात ने कहा यही तुम्हारे प्रश्न का उतर है। जब तुम सफ्लता को उतनी ही तीव्र इच्छा से चाहोगे जितनी तीव्र इच्छा से तुम सांस लेना चाहते है, तो तुम्हें सफलता निश्चित रूप से मिल जाएगी।

आज का पंचांग

सूर्योदयः 06:48, सूर्यास्तः 18:31, चन्द्रोदयः 08:14, चन्द्रास्तः 21:04, अयन उत्तरायण, ऋतुः बसन्त, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (पिंगल), संवत्सर : क्रोधी, संवत्सरः (उत्तर) पिंगल, युगाब्द :(कलि संवत) 5126, मास : फाल्गुन, पक्ष : शुक्ल, तिथि : चतुर्थी, नक्षत्र : अश्विनी, योग : शुक्ल, प्रथम करण : तैतिल (10:35 तक), द्वितीय करण : गर (21:01 तक)

॥गोचर ग्रहाः॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : मीन, मंगल : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृषभ (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 12:16 से 13:03, अमृत काल 28:29+ से 29:55+, सर्वार्थ सिद्धि योग 06:48 से 08:59, रवि योग 08:59 से 30:39+, विजय मुहूर्त 14:36 से 15:23, गोधूलि मुहूर्त 18:28 से 18:53, सायाह्न सन्ध्या 18:31 से 19:44, निशिता मुहूर्त 24:14+ से 25:03+, ब्रह्म मुहूर्त 29:09+ से 29:59+, राहुकाल 07:30 से 09:01, गुलिक काल 15:35 से 17:03

नीरज मनजीत

कांग्रेस की पिछली सरकार ने हर स्तर पर जिस तरह से भ्रष्टाचार किया था, वह भी कांग्रेस की भारी पराजय की एक बड़ी वजह है। इन काले कारनामों की फाइलें जैसे-जैसे खुल रही हैं, परत-दर-परत भ्रष्टाचार के मामले सतह पर आ रहे हैं। सैकड़ों करोड़ के शराब घोटाले में पूर्व मंत्री कवासी लखमा सहित कई बड़े अधिकारी जेल में हैं। इस घोटाले की चर्चा अभी कम हुई भी नहीं थी कि दवा खरीदी और स्वास्थ्य उपकणों की खरीदी के घोटाले की फाइल खुल गई है। मीडिया में जब इस घोटाले की खबरें आईं, तो जनता अचरज में पड़ गई कि 10 रुपये की वस्तु का सैकड़ों गुना ज्यादा बिल बनाकर भी पैसा निकाला जा सकता है। इस मामले में संबंधित कंपनी के मालिकान की गिरफ्तारी हो चुकी है और कुछ बड़े अधिकारियों की गिरफ्तारी होनी बाक़ी है। पीडब्ल्यूडी और पीडीएस की फाइलें भी खुल चुकी हैं। अभी पता नहीं और कितने काले कारनामें सामने आएँगे। 15 वर्ष के लंबे वनवास के बाद छत्तीसगढ़ में सरकार चलाने का जो स्वर्णिम अवसर कांग्रेस को मिला था, उसे पाँच साल के भीतर कांग्रेसी नेताओं ने गंवा दिया। कुल मिलाकर पिछली कांग्रेसी सरकार ने जिस तरह से अंधेर नगरी चौपट राजा की कहावत चरितार्थ की थी, वही विधानसभा और नगरीय निकायों के परिणामो में उभरकर सामने आई है।

नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव : सौम्य सरल छवि और अथक परिश्रम की जीत

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के परिणाम पूरी तरह भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में गए हैं। सच कहा जाए तो यह साय सरकार की सौम्य सरल छवि, प्रदेश संगठन के परिश्रम और समर्पित कार्यकर्ताओं की जीत है। प्रदेश की सत्ता में भारतीय जनता पार्टी की वापसी के एक साल बाद साय सरकार और प्रदेश संगठन का यह दूसरा, किंतु बहुत ही महत्वपूर्ण, इम्तिहान था। पहला इम्तिहान लोकसभा के चुनाव में हुआ था। तब भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा की 11 में से 10 सीटें जीतकर कांग्रेस को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया था। कांग्रेस को एकमात्र सीट कोरबा से मिली थी, जहाँ से ज्योत्स्ना महंत ने जीत हासिल की थी। लोकसभा के चुनाव राष्ट्रीय मुद्दों पर लड़े गए थे, जहाँ प्रधानमंत्री मोदी सहित राष्ट्रीय संगठन की प्रतिष्ठा दाँव पर लगी थी। साय सरकार को सत्ता संभाले बामुश्किल चार महीने हुए थे, इसलिए इन परिणामों के आधार पर राज्य सरकार के कामों का मूल्यांकन नहीं किया जा सकता था। बिला शक इन चुनावों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश संगठन की परीक्षा भी होनी थी, मगर रिपोर्ट कॉर्ड पर इसका कोई असर नहीं होना था। लोकसभा की एकतरफा विजय का सेहरा स्वाभाविकतया मोदी की भरोसेमंद छवि और राष्ट्रीय संगठन के सर पर बांधा गया।

नगरीय निकाय और पंचायत के चुनाव दरअसल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश संगठन की कड़ी परीक्षा थे। इन चुनावों के परिणामों के आधार पर ही साय सरकार और प्रदेश संगठन के कार्यों का सही आकलन होना था और उनका रिपोर्ट कार्ड तैयार होना था। इस महत्वपूर्ण इम्तिहान में साय सरकार और प्रदेश संगठन मेरिट में अच्छे नंबरों से पास हुए हैं। राज्य में कुल 10 निगमों, 49 नगर पालिकाओं और 114 नगर पंचायतों में चुनाव हुए हैं। भाजपा ने पूरे 10 निगमों, 35 नगर पालिकाओं और 81 नगर पंचायतों पर जीत का परचम लहराया है। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के खाते में केवल 8 नगर पालिकाएँ दर्ज हुई हैं। निगमों में तो कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला। पंच सरपंच चुनाव यद्यपि पार्टी के आधार पर नहीं लड़े गए थे, पर इन चुनावों में भी ज़्यादातर भाजपा समर्थित उम्मीदवार ही जीते हैं।

इन परिणामों में विशेष बात यह रही कि भाजपा के प्रत्याशियों ने अच्छे खासे अंतर से जीत हासिल की है। मसलन निगम चुनाव में रायपुर में मीनल चौबे ने दीप्ति दुबे को डेढ़ लाख मतों से हराया। दुर्ग में अलका बाघमार ने प्रेमलता साहू को 60 हजार वोटों से पराजित किया। राजनांदगांव में मधुसूदन यादव ने निखिल द्विवेदी पर 40 हजार से ज़्यादा मतों से जीत दर्ज़ की। बिलासपुर में पूजा विधानी ने प्रमोद नायक को 66 हजार मतों से हराया। रायगढ़ में भाजपा के जीववर्धन चौहान और कांग्रेस की जानकी काटजू के बीच 45 हजार से ज़्यादा वोटों का अंतर था। कोरबा में संजू देवी राजपूत ने पूजा तिवारी को 48 हजार मतों से पराजित किया। नगर पालिकाओं के नतीजों में भी यही ट्रेंड देखा गया। भाजपा से जीतने वाले प्रत्याशियों ने कांग्रेस के उम्मीदवारों को अच्छे अंतर से हराया है, जबकि कांग्रेस ने बड़े ही कम अंतरों से जीत हासिल की है।

इन नतीजों से स्पष्ट है कि जनता ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव और विजय शर्मा तथा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव के साल भर के कार्यों और परिश्रम पर मुहर लगाई है। जनता ने विष्णुदेव साय की सौम्य सरल छवि, उनकी सरकार के विकास के मॉडल, किसानों महिलाओं वंचितजनों के कल्याण के लिए किए गए अच्छे कार्यों और किरण सिंह देव के नेतृत्व में प्रदेश संगठन की प्रभावी रणनीति के पक्ष में वोट दिया है। छत्तीसगढ़ में गाँव-गाँव, शहर-शहर में ग्रास रूट पर काम करने वाले पार्टी कैडर और नेपथ्य में रहकर काम करने वाली मीडिया टीम को भी इस प्रभावशाली जीत का श्रेय दिया जाएगा। सांगठनिक अनुशासन और ग्रास रूट पार्टी कैडर की सक्रियता के मामले में कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी से मीलों पीछे है। भाजपा के आरएसएस आधारित कैडर ने बाक़ायदा हर बूथ में योजना बनाकर ज़मीन पर जनता से जो जीवंत संपर्क कायम किया है और भाजपा की कल्याणकारी योजनाओं की जैसी जानकारी आम जन तक पहुंचाई है, वह कांग्रेस क़तई नहीं कर पाई। भाजपा के प्रत्याशियों को संगठन के ऊपरी स्तर पर भी अनुभवी नेताओं का साथ हासिल था। जबकि कांग्रेस का राष्ट्रीय और प्रदेश संगठन साफ़ तौर पर पूरी तरह बिखरा-बिखरा दिखाई पड़ रहा था। लगता है कांग्रेस प्रदेश के चुनाव में मिली अप्रत्याशित पराजय के सदमे से नहीं उबर पाई है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 2013 में 3 मार्च को ही संयुक्त राष्ट्र ने 'विश्व वन्य जीवन दिवस' के रूप में मनाने की ऑफिशियल घोषणा की थी। 1986 में आज ही के दिन आज ही के दिन ऑस्ट्रेलिया अधिनियम लागू होने के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ब्रिटेन से पूर्ण रूप से स्वतंत्र हुआ था। 1983 में 3 मार्च के दिन ही सातवां गुटनिरपेक्ष सम्मेलन नई दिल्ली में संपन्न हुआ था। 1956 में आज ही के दिन फ्रांस से उत्तर अफ्रीका के देश मोरक्को को आजादी मिली थी। 1939 में 3 मार्च के दिन ही महात्मा गांधी जी ने सविनय अवज्ञा आन्दोलन की शुरुआत हुई थी। 1938 में आज ही के दिन सऊदी अरब में कच्चे तेल की खोज हुई थी। 1924 में 3 मार्च के दिन ही कैल्विन कूलेज व्हाइट हाउस से रेडियो संदेस प्रसारित करने वाले पहले अमेरिकि राष्ट्रपति बने थे। 1923 में आज ही के दिन टाइम पत्रिका का पहली बार प्रकाशन हुआ था। 1857 में 3 मार्च के दिन ही चीन और फ्रांस-ब्रिटेन के बीच युद्ध हुआ था। 1845 में आज ही के दिन फ्लोरिडा अमेरिका का 28वां राज्य बना था।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

दूसरे की बातों

दूसरे की बातों को अपने अनुसार तोड़ मड़ोर कर सोचते परेशान होते रहने से अच्छा बातों को दूसरी तरह से भी सोच कर देखें हो सकता है उसकी बातों का वो मतलब न हो यकीन मानों नजरिया बदलो नजर अपने आप बदल जायेगी ।

- सुनिता पुरूपराज पांडेय

छुपाने आ गए हैं

छुपाने आ गए हैं ज़ख्म भी सब तलाशो मत अब इसमें कोई मतलब मोहब्बत के हसीं लम्हों को खो कर मोहब्बत क्या है ये आया समझ अब तू मेरी जान है, कहता रहा वो मैं उसको देखती ही रह गई तब बयां कर ही न पाई दिल में था जोसिले ही रह गये थे जाने क्यों लब अधूरी रह गई अपनी कहानी उठा करती है दिल में टीस जबतब

- ममता लड़ीवाल

ख़ास पाती

जब हम बदलाव के दौर से

जब हम बदलाव के दौर से गुजरते हैं, तो कभी-कभी असहजता और भ्रम महसूस होता है। लेकिन यह असहजता दरअसल इस बात का संकेत हो सकती है कि हम अपने पुराने विचारों, सीमाओं और पहचान को पीछे छोड़कर एक नए, अधिक परिपक्व रूप में विकसित हो रहे हैं। यह हमें धैर्य रखने और अपने विकास की प्रक्रिया को स्वीकार करने की प्रेरणा देता है - **रेनू शब्द मुखर**

गल मुंडों की माल है डमरू साजे

गल मुंडों की माल है,डमरू साजे हाथ। नंदी पर दूल्हा बने, बैठे भोलेनाथ।। जिसने भी दिल से किया,भोले का गुणगान। बदले में उसको मिला,....मन चाहा वरदान ।। भूत प्रेत पशु खग सकल,सभी थामकर हाथ। भोले के परिवार में,. ....रहते हिलमिल साथ ।। चन्दा साजे शीश पर,गल सर्पों का हार । करें नित्य शव-भस्म से,महाकाल श्रृंगार।। दिनभर खाने को मिले, फरियाली बिंदास। इसीलिये करते कई, शिव जी का उपवास ।। भूखे को रोटी नहीं ,कभी खिलाई एक । निराधार है आपका, शंकर का अभिषेक।। भोले जैसा दूसरा,ज्ज..दानी नही महान । असुरों को ही दे दिया, मनभावन वरदान ।। सागर मंथन से मिला,पीया गरल तमाम । नीलकंठ तबसे पड़ा,शिव शंकर का नाम।। - बच्चे खड़े कतार में ,भूखे जहाँ अनेक । वहीं दूध से हो रहा,भोले का अभिषेक ।। - **रमेश शर्मा**

मन भटकन से मिल गयी,

मन भटकन से मिल गयी, तुझको अगर निजात। जीवन के इस वृक्ष में, पुष्प खिलें हर पात। पहिया घूमे वक्त का, मिट्टी तन यह जान।कर्म किए जो अब तलक,कल देंगे पहचान।। घूम-घुमाकर आ गया, पंछी फिर निज डाल। मन की भी ऐसी रहे, प्रभु हरदम ही चाल।। - **शुचि 'भवि'**

भोले बाबा की नगरी में डम-डम

भोले बाबा की नगरी में ,डम- डम डमरू डोला है।पावन काशी का हर इक जन, बम -बम भोले बोला है।। दर्शन कर सब धन्य हुए हैं,जल से है अभिषेक किया। भोले बाबा के शिवलिंग पर ,सबने माथा टेक दिया।। शिव के मंदिर में जाकर फिर , भक्तों ने व्रत खोला है। पावन काशी का हर इक जन, बम -बम भोले बोला है।। बेल - धतूरा बेलपत्र से ,शंकर का श्रृंगार किया। धूप -दीप फल फूल चढ़ाकर,घंटे का टंकार किया ।। भाँग पीसकर मतवालों ने, मिश्री शर्बत घोला है । पावन काशी का हर इक जन, बम -बम भोले बोला है।। विश्व पटल पर शिव के जैसा ,और न कोई दूजा है। प्रेम भाव से शिव शंकर को , हमने मन से पूजा है।। हर इच्छा को पूरा कर दे , बाबा इतना भोला है । पावन काशी का हर इक जन, बम -बम भोले बोला है।। - **संजय कुमार गिरि**

आदरणीय श्री वादा किया था उसने

आदरणीय श्री वादा किया था उसने आने का किसी शाम कभी। आज तलक इंतज़ार ए चिराग़ जलाए हैं। सहर (सुबह) हो जाती है राह तकते तकते। वादा तोड़ने ही आ जाना ÷गोप÷ शाम कभी। - **गोप सोनी**

अपना दरबार वे लगायेंगे, तो वहां छिप

अपना दरबार वे लगायेंगे, तो वहां छिप के हम भी जायेंगे। आज शिव रात्रि है चलो मेला,माथ शिवनाथ पे झुकायेंगे। हारे कुछ लोगों से ये कहना है, हौसलों की कथा सुनायेंगे। दर्द ने हमको फिर से ठुकराया, तो कहाँ एक पल जी पायेंगे। आसमां को झुकाना मत हमदम,धरती को ऊंचा हम उठायेंगे। माँ की बीमारी गांव में बढ़ी है, क्या उन्हें बेटे शह्र लायेंगे। दानी इज्ज़त है मुल्क का परचम, उसको सबसे उपर लगायेंगे।

- संजय दानी

QUIZ TIME

1) हाल ही में चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि कब मनाई गई?

2) हाल ही में भारत में क्रेटेशियस काल के पेड़ का जीवाश्म कहाँ मिला है?

3) हाल ही में किसने कोलकाता में शहरी सेवाओं के विस्तार के लिए 200 मिलियन डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है?

4) हाल ही में चर्चा में रहा ओमदुरमान शहर कहाँ स्थित है?

5) 2025 सिडनी क्लासिक स्कवैश खिताब किसने जीता?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 27 फरवरी (2) झारखण्ड (3) एशियाई विकास बैंक (4) सूडान (5) सौरव घोषाल

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज का दिन आपके लिए धार्मिक कार्य से नाम कमाने के लिए रहेगा। आपके किसी मित्र की सेहत में गिरावट आने से आपको भागदौड़ अधिक रहेगी।

वृष : आज का दिन आपके लिए इनकम में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अपनी वाणी पर संयम रखने की आवश्यकता है।

मिथुन : आज का दिन आपके लिए कामकाज में कोई जोखिम लेने से बचने के लिए रहेगा।

कर्क : आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आप अपने कामों को कल पर टालने की कोशिश करेंगे।

सिंह : आज आपको किसी काम को जल्दबाजी में करने से बचना होगा। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी।

कन्या : आज का दिन आपके लिए अच्छा लाभ लेकर आने वाला है। आप अपने भविष्य को लेकर कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट करेंगे।

तुला : आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप किसी से कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोले।

वृश्चिक : आज का दिन आपके लिए किसी वाद-विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा। भाई बहनों को आपका पूरा सहयोग मिलेगा।

धनु : आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। नौकरी में आपको प्रमोशन के साथ-साथ ट्रांसफर मिल सकता है।

मकर : आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। पार्टनरशिप में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा।

कुंभ : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। कारोबार में आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आप किसी दूसरे के मामले में ज्यादा ना बोले।

मीन : आज का दिन रोजगार की तलाश में लगे लोगों के लिए खुशियां लेकर आने वाला है। आपको किसी कानूनी मामले में जल्दबाजी नहीं दिखानी और आप कोई जोखिम न लें।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. कतार, क्रम, पंक्ति 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हरिदर्शन के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाली 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पांचवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 342 का हल

न्यूज गैलरी

प्रभारी महासचिव पायलट से मिलकर विधायक देवेंद्र ने जताया आभार

भिलाई। विधायक देवेंद्र यादव ने राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट से मंगलवार को मुलाकात की। देवेंद्र ने अखिल भारतीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब से भी मुलाकात की। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति की जानकारी ली। जब विधायक देवेंद्र जेल में थे, तब सचिन पायलेट उनसे मिलने के लिए जेल गए थे। उन्होंने विधायक की मां और परिवारजनों से मिलकर उन्हें हिम्मत दी। जेल से बाहर आने के बाद विधायक देवेंद्र ने सचिन पायलेट के प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। मुलाकात के दौरान जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

कांग्रेसियों ने किया ईडी का पुतला दहन

भिलाई। सुपेला घड़ी चौक में कांग्रेसियों ने ईडी का पुतला दहन किया। इस दौरान मौजूद कांग्रेस के पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ता ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार शासन करने में विफल रही है और अब वह सरकारी एजेंसियों का राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही है. कार्यकर्ताओं ने भूपेश बघेल जिंदाबाद, भाजपा सरकार फेल है। इस दौरान पूर्व विधायक बदरूद्दीन कुरैशी, पार्षद लालचंद वर्मा, संजीत चक्रवर्ती, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, पूर्व महापौर नीता लोधी, सरसीज घोष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

नशीली टेबलेट बेचते युवक पकड़ाया

दुर्ग। मोहन नगर थाना पुलिस ने नशीली सिरप और गोलियां बेचने वाले दो युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नशीली सिरप और टेबलेट जब्त किया गया है। पुलिस टीम को विशेष सूत्रों से पता चला कि नितेश सिंह पिता बाबू नाथ सिंह, निवासी खुर्सीपार भिलाई स्टेशन रोड दुर्ग से नशीली दवाई अवैध रूप से परिवहन कर ले जा रहा है। सूचना पर गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुये नितेश सिंह को राजेन्द्र प्रसाद चौक दुर्ग में घेराबंदी कर पकड़ा गया। नितेश सिंह से जब्त नशीली दवाई के संबंध में पूछताछ करने पर देवा भगत फार्मेसी स्टेशन रोड दुर्ग से खरीदने की जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने मौके पर औषधि निरीक्षक दुर्गेश्वरी साहू को भी बुलाया। उनकी उपस्थिति में भगत फार्मेसी स्टेशन रोड दुर्ग में छापा मारकर प्रतिबंधित नशीली सिरप व टेबलेट जब्त किये गए। देवा भगत फार्मेसी के संचालक अजय देवांगन का फार्मेसी लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही के लिये प्रतिवेदन भेजा गया है।

निष्पक्षता की शपथ लेकर महापौर अल्का बाघमार ने किया पक्षपात

- महापौर के शपथ समारोह को लेकर कांग्रेस ने लगाए आरोप
- सरकारी कार्यक्रम का भाजपायीकरण करने पर भी घेरा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। महापौर अल्का बाघमार के शपथ ग्रहण समारोह का भाजपाईकरण किये जाने पर महापौर अल्का बाघमार घिर गई हैं। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय को खास तवज्जो न दिये जाने का मामला भी लगातार सुर्खियों में है। इधर कांग्रेस ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा है कि महापौर अल्का बाघमार ने शनिवार को निष्पक्षता से दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ ली है लेकिन समारोह में ही उनके द्वारा पक्षपात किया गया। ऐसी शपथ का औचित्य क्या है?

वर्मा का कहना है कि दूसरे जिले के विधायक को कार्यक्रम में आमंत्रित करना और दुर्ग जिले के विधायकों को आमंत्रण न देना सरासर पक्षपात है।

शपथ समारोह में बेमेतरा जिले के विधायक ईश्वर साहू को आमंत्रित किया गया, लेकिन दुर्ग जिले के दो विधायक पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और देवेंद्र यादव को आमंत्रित न कर सरासर पक्षपात किया गया।

वर्मा ने आगे कहा कि शपथ समारोह में एक और मामले में पक्षपात किया गया।

कार्यक्रम में निवर्तमान महापौर धीरज बाकलीवाल का सम्मान किया गया लेकिन समारोह स्थल पर मौजूद चार अन्य पूर्व महापौरों का सम्मान न करना पक्षपातपूर्ण रवैया है। समारोह में दुर्ग नगर निगम के पूर्व महापौर शंकरलाल ताम्रकार, आरएन वर्मा, सरोज पांडेय और चंद्रिका चंद्राकर मौजूद थे। उनका सम्मान न कर महापौर ने पक्षपात किया है। महापौर अल्का बाघमार का पक्षपात करते हुए निष्पक्षता की शपथ लेना दुर्भाग्यजनक है।

सरकारी कार्यक्रम में भाजपा नेताओं का सम्मान कैसे हुआ

इधर, शपथ ग्रहण समारोह के भाजपाईकरण को लेकर भी महापौर अल्का बाघमार पर सवाल किये जा रहे हैं। दरअसल, नगर निगम मुख्यालय में शुक्रवार को महापौर और पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह सरकारी कार्यक्रम था। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने महापौर और पार्षदों को कर्तव्यनिष्ठा से दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई। शपथ के बाद महापौर अल्का बाघमार ने जिला भाजपा संगठन के प्रभारी राजीव अग्रवाल और जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक को शाल व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। खास बात ये रही कि मंच पर बैठे दूसरी बार सांसद बने विजय बघेल ने ही राजीव अग्रवाल और सुरेंद्र कौशिक का सम्मान करने कहा। सरकारी कार्यक्रम की गरिमा को भूलकर समारोह का भाजपाईकरण किये जाने पर सांसद विजय बघेल और नवनिर्वाचित महापौर अल्का बाघमार पर उंगलियां उठ रही हैं।

दुर्ग जिले में फिर गरमाएगी भाजपा की गुटीय राजनीति

समारोह में पूर्व सांसद सरोज पांडेय, पूर्व मंत्री हेमचंद यादव से जुड़े ज्यादातर वरिष्ठ भाजपा नेताओं को किनारे कर दिया गया। सांसद गुट के बढ़ते दबदबे और मनमानी भरे रवैये के कारण शुरुआती दौर में ही भाजपा पार्षदों में नाराजगी के सुर उभरने लगे हैं। जानकार सूत्रों का कहना है कि निगम चुनाव के नतीजे आने के बाद 40 भाजपा पार्षदों में से आधे से ज्यादा भाजपा पार्षदों ने सांसद गुट की मनमानी पर नाराजगी जताई हैं। कहा जा रहा है कि दुर्ग जिले में भाजपा की गुटबाजी एक बार फिर गरमाएगी।

निगम कमिश्नर की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

शपथ ग्रहण कार्यक्रम के लिये मंच बनाया गया था। कार्यक्रम में शामिल होने वाले भाजपा के प्रमुख नेताओं के लिये नियमानुसार अलग मंच बनाना था। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। एक ही मंच पर कलेक्टर, एसपी के साथ महापौर सहित सभी भाजपा नेताओं के बैठने की व्यवस्था की गई। इससे निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। कार्यक्रम स्थल के लिये मुख्य मंच, पार्षदों की बैठक व्यवस्था के अलावा काफी छोटा पंडाल लगाया गया। पर्याप्त कुर्सियां भी नहीं रखी गई। अव्यवस्था और जगह की कमी के कारण निगम कमिश्नर की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

विजयंत पटेल को उपनेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी, दीपक साहू अपील समिति के सदस्य का चुनाव लड़ेंगे

दुर्ग नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष बने कोहले, सभापति का चुनाव लड़ेंगे भास्कर

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। आज राजीव भवन में कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से संजय कोहले को नगर निगम दुर्ग का नेता प्रतिपक्ष चुना गया। विजयंत पटेल को उपनेता प्रतिपक्ष बनाया गया है, जबकि भास्कर कुंडले को कांग्रेस ने निगम सभापति का चुनाव लडने् प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह दीपक साहू को अपील समिति के सदस्य चुनाव में प्रत्याशी नियुक्त किया गया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री व कांग्रेस प्रवक्ता सुबोध हरितवाल पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे।

बैठक में पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि कांग्रेस की भूमिका जनता के अधिकारों की रक्षा करना है। नगर निगम में अब कांग्रेस विपक्ष में है। कांग्रेस की जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है। पार्टी पूरी मजबूती के साथ जनता की समस्याओं को उठाएगी। प्रशासन को जवाबदेह बनाएगी और शहरवासियों के हक में संघर्ष करेगी। विपक्ष में रहकर भी कांग्रेस जनहित के लिए पहले की तरह कार्य करती रहेगी। बैठक में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, शंकरलाल ताम्रकार, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजेंद्र साहू, जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, दीपक दुबे, परमजीत सिंह भुई उपस्थित रहे।

ठाकुर रवि सिंह लगातार तीसरी बार बने राजपूत समाज उपसमिति अध्यक्ष

- उपसमिति के 15 पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए

भिलाई/ नवप्रदेश। आज महाराणा प्रताप मंगल भवन सुपेला में राजपूत समाज 1282 के उपसमिति भिलाई का त्रिवर्षीय चुनाव हुआ, जिसमें 15 पदाधिकारियों का चुनाव निर्विरोध हुआ। ठाकुर रवि सिंह को लगातार तीसरी बार उप समिति का अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। चुनाव पर्यवेक्षक ठाकुर राजेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, दिनेश, शेखर सिह, बिरेंद्र सिंह भूवाल उपस्थित रहे। नामांकन प्रक्रिया के दौरान 15 पदों के लिये निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। महिला मंडल के अध्यक्ष के लिये 3 व सचिव के लिए केवल 2 नामांकन दाखिल किए गये। इन पदों के लिये 9 मार्च को मतदान कराया जाएगा। निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष ठाकुर रवि सिंह, उपाध्यक्ष ठा. ओमप्रकाश सिंह, ठा. टीकम सिंह, सचिव ठा.लाल सिंह, कोषाध्यक्ष ठा. अनिल सिंह राजपूत, उपसचिव केंद्रीय निर्णायक सदस्य अशोक सिंह केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह राजपूत, चंद्रकांत सिंह राजपूत, राधेश्याम, छत्रपाल सिह, ओंकार सिंह, हिमाचल सिंह, युवा अध्यक्ष दीपक राजपूत, युवा सचिव विक्रांत ठाकुर शामिल हैं।

निगम आयुक्त ने तीन कर्मचारियों पर की कार्रवाई

भिलाई निगम का एक कर्मचारी सस्पेंड, दो को शोकाज नोटिस

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त ने निगम में काम करने वाले तीन क्रमचारियों पर कड़ी कार्रवायी की है। उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने पर चेतन ताम्रकार को सस्पेंड कर दिया है, वहीं दो कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

नगर निगम भिलाई से मिली जानकारी के मुताबिक निगम आयुक्त को लगातार ऐसी शिकायत मिल रही थी कि पूरे निगम में 42 ऐसे कर्मचारियों को जो विभागीय कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं। वो लोग कभी तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर ड्यूटी नहीं आते तो कभी कुछ और बहाना बना देते हैं।

निगम आयुक्त ने ऐसे सभी कर्मचारियों की एक लिस्ट बनवाई और उनकी ड्यूटी निगम के अलग अलग उद्यानों में पानी डालने और साफसफाई के कार्य में लगवाई थी। उन्होंने देखा कि ऐसा करने पर 30 कर्मचारी तो अपने कार्य पर उपस्थित हुए, लेकिन 12 काम पर नहीं पहुंचे।

उन्होंने जब इसका कारण जाना तो पता चला कि कुछ कर्मचारियों को विभागीय आवश्यकता को देखते हुए उनके उच्च अधिकारी द्वारा विभाग में ही रहने की मांग की गई थी। इससे उन्हें नई जगह ड्यूटी पर नहीं भेजा गया। वहीं सफाई कर्मचारी चेतन ताम्रकार ड्यूटी पर ही नहीं आया।

इसके चलते चेतन ताम्रकार को विभागीय कार्य के प्रति लापरवाही बरतने उच्च अधिकारी के साथ अभद्रता करने, आदेश को नहीं मानने, उपस्थिति दर्ज करकर कार्य नहीं करने के चलते उसे सस्पेंड कर दिया गया। वहीं सफाई कर्मी बिंदा बाई और ललिता बाई को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ये दोनों अपने कार्य स्थल पर ड्यूटी के दौरान अनुपस्थित पाई गई थीं।

कंप्यूटर ऑपरेटर भर्ती घोटाला की जांच कराने की मांग

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम चिंगरी में हुए कंप्यूटर ऑपरेटर भर्ती घोटाला की शिकायत कलेक्टर से की गई है। शिकायतकर्ता खोमेंद्र साहू ने तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी कांति ध्रुव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। यह घोटाला 2019 में हुआ था जिसकी शिकायत खोमेंद्र साहू लगातार कर रहे हैं। अब इस मामले में राज्य सूचना आयोग से भी शिकायत की गई है।

इस मामले की शिकायत को लेकर पंचायत सचिव ने अभी तक माकूल जवाब नहीं दिया। पंचायत द्वारा प्रस्ताव पारित कर भर्ती की गई थी। इस मामले में दबावपूर्वक षड्यंत्र का सहारा लेकर नियुक्ति कर दी गई। शिकायत में कहा गया है कि तत्कालीन जनपद पंचायत सीईओ कांति ध्रुव द्वारा पहले नियुक्ति निरस्त करने पत्र जारी किया गया। बाद में नियुक्ति देने के संबंध में पत्र जारी किया गया।

इस संबंध में उन्होंने तत्कालीन सीईओ, पंचायत सचिव पर साठगांठ कर नौकरी देने की आशंका जाहिर की है। उन्होंने फर्जी भर्ती के मामले में जनपद सीईओ व पंचायत सचिव कुलेश्वर साहू से भुगतान की रिकवरी की मांग भी की है।

ये है पूरा मामला

तृतीय वरीयता प्राप्त खोमेंद्र साहू कंप्यूटर ऑपरेटर का कार्य ग्राम पंचायत चिंगरी में कर रहे थे। प्रथम वरीयता प्राप्त अभ्यर्थी ने नौकरी छोड़ दी थी। इस दौरान द्वितीय वरीयता प्राप्त रमाकांत गांव में न होने और अन्यत्र कार्य करने की सूचना दी। इस आधार पर तृतीय वरीयता प्राप्त खोमेंद्र को नौकरी मिली। बाद में द्वितीय वरीयता प्राप्त रमाकांत ने शिकायत कर सरपंच, सचिव के खिलाफ जांच की मांग की। इस मामले में सरपंच, सचिव को छोड़कर कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ कार्रवाई की गई। जनपद पंचायत द्वारा जांच में भर्ती को निरस्त कर नए आवेदन लेने की बात कही गई। लेकिन बाद में द्वितीय वरीयता प्राप्त अभ्यर्थी को नियुक्ति देने के संबंध में पत्र जारी कर दिया गया। इस संबंध में सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त दस्तावेजों में नियुक्ति निरस्त करने के प्रतिवेदन का ही उल्लेख है। खोमेंद्र साहू ने कलेक्टर से शिकायत कर प्रतिवेदन के विपरीत कंप्यूटर ऑपरेटर की भर्ती करने पर जांच की मांग की है।

पूजन सामग्री निर्माण कार्यशाला

भिलाई। नवप्रदेश। भारती विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के लिये पूजन सामग्री निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मंदिर में चढ़े हुए फूलों से धूप बत्ती, हवन कप और सीड बॉल बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में फूलों को सुखाकर बारीक पीसकर उसमें कोयला, दशांग, तेजपत्ती, नारियल पील, लोभान, लौंग, कंडा और सुगंधित तेल मिलाकर उसमें गम ब्लाइंडर और घी मिलाकर धूपबत्ती का आकार देना सिखाया। सूखे फूलों से धूपबत्ती और हवन कप तैयार करना सिखाया गया। बंजर भूमि में पौधों के विकास को संभव बनाने के लिए सीड बॉल बनाने का भी प्रशिक्षण दिया। उपयोग किए फलों और सब्जियों के बीजों को सुखाने के बाद मिट्टी, खाद, गोबर, मिलाकर मिश्रण तैयार किया।

पाटन में एक और जनपद सदस्य भाजपा में शामिल : भाजपा की जीत पक्की

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। जनपद पंचायत पाटन के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष चुनाव से पहले भाजपा के पक्ष में सदस्यों का समर्थन लगातार बढ़ता जा रहा है। रविवार को पाटन ब्लॉक के ग्राम पतोरा निवासी निर्दलीय जनपद सदस्य चंद्रिका कलिहारी देवदास ने अपने समर्थकों के साथ जिला भाजपा कार्यालय पहुंचकर भाजपा में प्रवेश किया। इस मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विधायक ललित चन्द्राकर, निवर्तमान जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, जिला चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक व जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार पाध्ये, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीतपाल बेलचंदन, प्रदेश सहसंयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ शिव चन्द्राकर, जिला कार्यालय मंत्री मनोज सोनी, युवा भाजपा नेता नवीन पवार मौजूद रहे। जनपद सदस्य चंद्रिका देवदास कलिहारी के साथ उनके पति चित्रसेन देवदास भी मौजूद थे। चित्रसेन कांग्रेस पार्टी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के पाटन ब्लॉक महामंत्री हैं। उन्होंने भी कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र देकर भाजपा प्रवेश किया। उनके समर्थक चंचल यादव, रीना देवदास और काजल देवदास ने भी भाजपा में शामिल होने का फैसला किया है। इस मौके पर निवर्तमान जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि पिछले 5 सालों से पाटन जनपद में कांग्रेस काबिज रही। इस दौरान पूरे पाटन जनपद क्षेत्र में भ्रष्टाचार, तानाशाही और भर्राशाही होती रही। पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मान मिलना बंद हो गया।

यादव समाज सभी क्षेत्रों में आगे बढ़कर करें काम, शिक्षा का महत्व भी समझे : गजेंद्र

- चंदखुरी में यादव पंचायत में शामिल हुए विधायक

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कोडिया सर्किल के अंतर्गत ग्राम चंदखुरी में आयोजित यादव पंचायत में विधायक गजेन्द्र यादव शामिल हुए। गजेंद्र ने कहा कि विषम परिस्थिति में भी हंसकर चलना यादव समाज की पहचान है। युवाओं को भागवत गीता पढना चाहिए। इससे जीवन में विषम परिस्थितियों में भी हंसते हुए कार्य करने की सीख मिलती है। कार्यक्रम में यादवी परंपरा के अनुरूप विधायक गजेंद्र यादव को खुमरी और फुलेता भेंट कर सम्मानित किया गया।

विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि यादव समाज स्वाभिमानी समाज है। समाज ने अपनी संस्कृति और विरासत को संभाल कर रखा है। उन्होंने समाज के सभी क्षेत्रों में यादव समाज को आगे बढ़कर कार्य करने प्रेरित किया। यादव ने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए यादव समाज हमेशा से अग्रणी रहा है। उपस्थितजनों को भक्ति भावना से जुड़े रहने की अपील भी की। शासन की विभिन्न योजनाओं और नीतियों की जानकारी देते हुए समाज के अधिकतम लोगों को लाभान्वित करने की अपील की। गजेंद्र ने कहा कि समाज को शिक्षा का महत्व समझना चाहिए। समाज के सभी लोगों का शिक्षित होना जरूरी है। भाजपा सरकार में देश के निचले तबके के लोग भी आगे बढ़ रहे है। कार्यक्रम में उपस्थित बड़ी संख्या में उपस्थित सामाजिकजनों ने उनके समक्ष समाज में शादी ब्याह व दुख-सुख के आयोजन में प्लास्टिक डिस्पोजल व अन्य सामान का उपयोग बंद कर बर्तनों को बढ़ावा देने की मांग की।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला
क्रमांक: 202502101000009/अ-6अ/सन्- 2024-25
मामले की श्रेणी-राजस्व
कुरुद प.ह.न. 00046 हे.
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - राजेन्द्र अग्रवाल, / अनावेदक पक्षकार -
ईश्तहार
एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेंद्र अग्रवाल पिता/पति/विभाग-रामकुमार अग्रवाल पता-भिलाई द्वारा ग्राम - कुरूद प.ह.न. 46 रा.नि.म. कोहका, तहसील व् जिला दुर्ग की भूमि ख.न. 1051/2 रकबा 1.0100 हे. भूमि को आवेदक द्वारा क्रय कर नामान्तरण कराकर ऋण पुस्तिका प्राप्त कर लिया गया है। उक्त भूमि वर्तमान पटवारी अभिलेख में विक्रेता का नाम दर्ज है। आवेदक का नाम प्रदर्शित नहीं हो रहा है। जिसे त्रुटी सुधार किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
उपरोक्त भूमि का नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनाक 12.03.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/02/2025 को जारी किया जाता है।
मुहर — अति. तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला
क्रमांक: 202502101000008/अ-6अ/सन्- 2024-25
मामले की श्रेणी-राजस्व
कुरुद प.ह.न. 00046 हे.
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - शांतिलाल शर्मा, / अनावेदक पक्षकार -
ईश्तहार
एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शांतिलाल शर्मा पिता-कांतिलाल शर्मा पता-भिलाई द्वारा ग्राम - कुरूद प.ह.न. 46 रा.नि.म. कोहका, तहसील व जिला - दुर्ग की भूमि ख.न. 1014 रकबा 0.33 है. भूमि को आवेदक द्वारा कंप कर नामान्तरण कराकर ऋण पुस्तिका प्राप्त कर लिया गया है। उक्त भूमि वर्तमान पटवारी अभिलेख में विक्रेता का नाम दर्ज है। आवेदक का नाम प्रदर्शित नहीं हो रहा है। जिसे त्रुटी सुधार किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
उपरोक्त भूमि का नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनाक 12.03.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/02/2025 को जारी किया जाता है।
मुहर — अति. तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला
क्रमांक: 202502101000010/अ-6अ/सन्- 2024-25
मामले की श्रेणी-राजस्व
कुरुद प.ह.न. 00046 हे.
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - डॉ. नीलम मिश्रा,/ अनावेदक पक्षकार -
ईश्तहार
एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक डा नीलम मिश्रा पिता/पति/विभाग अनिल कुमार मिश्रा पता-भिलाई द्वारा ग्राम - कुरूद प.ह.न. 46 रा.नि.म. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग की भूमि ख.न. 522/19 रकबा 0.009 हे. भूमि को आवेदक द्वारा क्रय कर नामान्तरण कराकर ऋण पुस्तिका प्राप्त कर लिया गया है। उक्त भूमि वर्तमान पटवारी अभिलेख में विक्रेता का नाम दर्ज है। आवेदक का नाम प्रदर्शित नहीं हो रहा है। जिसे त्रुटी सुधार किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
उपरोक्त भूमि का नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनाक 12.03.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/02/2025 को जारी किया जाता है।
मुहर — अति. तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग
-: सीमांकन सूचना:-
दिनांक 01.03.2024
आमजनता को सूचित किया जाता है कि माननीय तहसीलदार महोद्य दुर्ग के न्यायालयीन आदेशानुसार आवेदक/आवेदिका श्रीमती नफीशा खान पिता/पति सलीम खान निवासी इन्द्रवती नगर कोहका भिलाई द्वारा आवेदित स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम/मौजा कोहका प.ह.नं. 45 रा.नि.मं कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थिति भूमि खसरा नं. 2167/2 रकबा 0.020 हे. भूमि का सीमांकन दिनांक 17.03.2025 पूर्वान्ह/अपरान्ह 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन किया जाना है।
अतः जिस किसी भी हितबद्ध पक्षकारों/संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो समस्त के साथ सीमांकन पूर्व मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा विधिवत् सीमांकन कर दी जाएगी।
मुहर — राजस्व निरीक्षक, कोहका

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग
-: सीमांकन सूचना:-
दिनांक 01.03.2024
आमजनता को सूचित किया जाता है कि माननीय तहसीलदार महोद्य दुर्ग के न्यायालयीन आदेशानुसार आवेदक/आवेदिका श्री संजीव झा पिता स्व. इन्द्रदेव झा निवासी कोहका भिलाई द्वारा आवेदित स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम/मौजा कोहका प.ह.नं. 45 रा.नि.मं कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थिति भूमि खसरा नं. 1318/57 रकबा 0.020 हे. भूमि का सीमांकन दिनांक 17.03.2025 पूर्वान्ह/अपरान्ह 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन किया जाना है।
अतः जिस किसी भी हितबद्ध पक्षकारों/संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो समस्त दस्तावेजो के साथ सीमांकन पूर्व मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा विधिवत् सीमांकन कर दी जाएगी।
मुहर — राजस्व निरीक्षक, कोहका

बिजली उपभोक्ताओं के लिए 'बिजली मितान बॉट' सेवा की शुरुआत

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा उपभोक्ता सेवाओं में विस्तार करते हुए 'बिजली मितान बॉट' की सुविधा शुरू की गई है। लगभग 64 लाख उपभोक्ताओं के लिए प्रारम्भ की गई इस सेवा का लाभ उठाने की अपील समस्त उपभोक्ताओं से अपील की गई है। पॉवर कंपनी द्वारा विद्युत कर्मियों को नई सुविधा के संबंध में उपभोक्ताओं को जानकारी देने कहा गया है। व्हाट्सऐप बॉट का उपयोग करने के लिए पावर कंपनी के व्हाट्सऐप बॉट नंबर 9425551912 पर ....लिखकर भेजना होगा। वेब बॉट का उपयोग करने के लिए डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की वेबसाइट पर ....विजिट करना होगा। पहले चरण में उपभोक्ता बिजली मितान बॉट के माध्यम से बिजली आपूर्ति, ट्रांसफार्मर खराबी और बिजली दुर्घटना से सम्बंधित शिकायत आसानी से दर्ज कर सकते हैं। उसकी स्थिति भी इस बॉट के माध्यम से जान सकते हैं। अगर उपभोक्ता को अपनी बकाया राशि, अंतिम बिल और अंतिम भुगतान की जानकारी के लिये 'बिजली मितान बॉट' के माध्यम से मिल सकती है।

कुछ उपभोक्ताओं को बिल प्राप्त न होने की शिकायत होने पर वे बड़ी आसानी से इस बॉट के माध्यम से बिल की पीडीएफ की प्रति डाउनलोड कर सकते हैं। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की विस्तृत जानकारी भी इस बॉट के माध्यम से मिल सकती है।

भविष्य में बिजली मितान बॉट में बिजली बिल भुगतान, मोबाइल नंबर पंजीकरण, नए बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन, लोड परिवर्तन, नाम परिवर्तन, टैरिफ की जानकारी, बिजली चोरी की सूचना देने की सुविधा, स्मार्ट मीटर से संबंधित जानकारी के साथ-साथ अन्य कई प्रकार की उपभोक्ता सेवाएं इस बॉट के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।

न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़ टैक्स बार काउंसिल की बैठक संपन्न

जगदलपुर/ नवप्रदेश। 1 मार्च को छत्तीसगढ़ टैक्स बार काउंसिल की बैठक शगुन फार्म में जगदलपुर टैक्स बार एसोसिएशन के आतिथ्य मे संपन्न हुआ, जिसमें संपूर्ण छत्तीसगढ़ से अधिवक्ता एवं छ.. सम्मलित हुए।उक्त बैठक में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ बार काउंसिल के अध्यक्ष श्री अखिलेश मिश्रा एवं महासचिव श्री शिव सोनी के अतरिक्त जगदलपुर टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र तिवारी एवं सचिव प्रतीक चीखलीकर एवं विभिन्न टैक्स बार एसोसिएशन के प्रतिनिधि सदस्य उपस्थित हुए। बार काउंसिल के उक्त आयोजन में वक्ता के रुप में रायपुर से अधिवक्ता श्री विवेक सरस्वतएवं उनकी टीम द्वारा जीएसटी से संबंधित नवीन संशोधन एवं विभिन्न प्रावधानों के सन्दर्भ में व्याख्यान दिया गया जहां उपस्थित सदस्यों द्वारा अपनी जिज्ञासाओं के अतरिक्त जीएसटी के अंतर्गत विभिन्न प्रावधानों के सन्दर्भ मे नवीन जानकारी प्राप्त की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन जगदलपुर शहर के युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट श्री विशाल दुल्हानी के द्वारा किया गया।

महिला कर्मचारी का निजी वाहन चालक वाहन लेकर फरार

जगदलपुर /नवप्रदेश। बस्तर वन मंडल की एक महिला कर्मचारी का निजी वाहन चालक वाहन लेकर फरार है जिसकी शिकायत बोधघाट थाने में दर्ज किया गया है किंतु दो दिन बाद भी वाहन व चालक दोनों का पता नहीं लग पाया है।प्रतिदिन की भांति कुम्हारपारा जगदलपुर निवासी श्रीमती कुंती कश्यप (वनपाल) की गाड़ी लेकर चालक महेंद्र कश्यप गाड़ी लेकर निकला किंतु वह वापस नहीं आया जिसके बाद महेंद्र कश्यप के बस्तर जनपद क्षेत्र कोलचुर ग्राम में जाकर पतासाजी किया गया किन्तु वहां भी वह नदारद रहा जिसके बाद बोधघाट पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है किंतु अभी भी वाहन चालक लापता है। लापता वाहन सीजी 17 केव्ही 9935 है ।

कोल्हेनझरिया कलस्टर के ग्रामों में 01 से 07 मार्च तक सुशासन शिविर का होगा आयोजन

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रशासन द्वारा दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में सुशासन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के विकासखंड फरसाबहार में कोल्हेनझरिया कलस्टर के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्राम पंचायतों में विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं विभागों की संतृप्तिकरण हेतु सुशासन शिविर का आयोजन 1 मार्च से 07 मार्च तक किया जा रहा है। बाजारडाड़ के समीप, 02 मार्च को ग्राम पंचायत जोरण्डाझरिया के हाईस्कूल मैदान परिसर में, 03 मार्च को ग्राम पंचायत महुआडीह के पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में, 04 मार्च को कोलेनझरिया या सम्मिलित ग्राम पंचायत जामटोली हेतु सायपुरडीह के प्राथमिक शाला परिसर में, 05 मार्च को ग्राम पंचायत हाथीबेड़ के प्रा.शाला परिसर में, 06 मार्च को ग्राम पंचायत कुल्हारबुड़ा के पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में तथा 07 मार्च को ग्राम पंचायत कोल्हेनझरिया के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिविर का आयोजन प्रात: 10:30 बजे से सायं 4 बजे तक किया जाएगा। इसी तरह 07 मार्च को ग्राम पंचायत कोल्हेनझरिया के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के द्वारा दिव्यांग हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए शिविर का आयोजन प्रात: 10:30 बजे से सायं 4 बजे तक किया जाएगा।

आप रिटायर हुए हैं, टायर्ड नहीं, समाज को दें समय: काले

भारतीय पेंशनर्स मंच के पहले राज्य स्तरीय अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष ने किया मार्गदर्शन

रायपुर/ नवप्रदेश। आप सभी अपनी नौकरी से रिटायर हुए हैं, टायर्ड नहीं हुए, इसलिए अब आप खुद को और समाज को अपना समय दें। नौकरी के चक्कर में अब तक जिस काम के लिए आपस समय नहीं निकाल पाए, वो सारे काम करिए। मन में अगर थोड़ा भी यह विचार आया कि काम बहुत हो गया, अब आराम करना है तो जीवन कठिन हो जाएगा। आप सभी अपना रुटीन उसी तरह रखिए, जैसा कि आप नौकरी के दिनों में रखते थे। सुबह 9.30 बजे खाना खाया और काम पर निकल गए। उक्ताशय के विचार महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने भारतीय पेंशनर्स मंच के पहले राज्य स्तरीय अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए।

काले ने कहा कि भारतीय पेंशनर्स मंच वर्ष 2018 में जब गठित हुआ, तो गिनती के सदस्य थे। राज्य समन्वयक संजय किरवई के माध्यम से इस मंच की लगातार बैठकें यहां हो रही हैं। हर बैठक के साथ संगठन मजबूत होता दिखाई दिया। आज पहले राज्य स्तरीय सम्मेलन में आपकी उपस्थिति यह बता रही है कि संगठन बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं आपको बताना चाहता हूं कि हर संगठन पहले छोटा ही होता है। महाराष्ट्र मंडल रायपुर भी वर्ष 1935 में कुछ सदस्यों के साथ शुरू हुआ। आज 90 वर्षों के सफर में मंडल कई प्रकल्पों को 4500 से अधिक आजीवन सभासदों और 200 से अधिक सक्रिय सदस्यों के साथ संचालित करते हुए समाजसेवा में जुटा है। नि:संदेह भारतीय पेंशनर्स मंच भी समय के साथ विशाल वटवृक्ष का रूप लेगा। काले ने कहा कि संगठन बनाना आसान हैं, लेकिन उसे गति प्रदान करना कठिन काम है।

कार्यक्रम के विशेष अतिथि भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र नामदेव ने कहा कि पेंशन का इतिहास 150 साल पुराना है। 1871 में इंडियन पेंशन एक्ट के तहत इसे लागू किया गया। अंग्रेजों के शासन काल में पेंशन अंग्रेजों द्वारा अपने अच्छे मुलाजिमों को पुरस्कार स्वरूप दी जाती थी। समय के साथ इसमें बदलाव आया। पेंशन एक रिटारमेंट प्लान है, ताकि पूरी उम्र सरकार की सेवा करने वाले का जीवन रिटायरमेंट के बाद अच्छे से व्यतीत हो सके।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतीय पेंशनर्स संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीएस यादव ने कहा कि संगठन की शक्ति से आप भली-भांति परिचित हैं। लंबे समय से समाज और संघ को दिए समय के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि मेरे जीवन में एक समय ऐसा भी आया जब मैंने इन चीजों से दूरी बना ली और आध्यात्म की ओर चला गया।

एसएसपी ने थाना कोतवाली बेमेतरा एवं चौकी देवरबीजा, खण्डसरा का किया वार्षिक निरीक्षण

थाना में विभिन्न अपराधों में जप्त वाहनों की कराई गिनती।

बेमेतरा / नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा एवं चौकी देवरबीजा, खण्डसरा वार्षिक निरीक्षण किया। एसएसपी महोदय द्वारा निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी/ कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ ही कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया। एसएसपी ने निरीक्षण के दौरान पुलिस जवानो की समस्याओं को सुनते हुए यथोचित निराकरण का आश्वासन दिया गया।

उन्होने थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा में विभिन्न अपराधो में जप्त वाहन जो थाना परिसर में खडी है उनकी गिनती कराई और यह सुनिश्चित किया कि जप्ती माल रजिस्टर में जप्त वाहन की संख्या है जितना दर्ज किया गया है वह वाहन परिसर में खडी है कि नहीं, थाना की जप्ती माल, मालखाना, जप्ती रजिस्टर, जरायम, शिकायत, डियुटी रजिस्टर, मुर्त रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट, ग्राम अपराध पुस्तिका, फ्रिंगर प्रिंट रजिस्टर, थाना की अन्य रजिस्टर व तख्ती चेक किये। एवं थाना की साफ सफाई हेतु विशेष ध्यान रखने तथा लंबित अपराधो, मर्ग, गुम, शिकायत और लंबित वारंटो की निकाल करने एवं असमाजिकतत्वो के विरूद्ध अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक एवं बाउंड ओवर की कार्यवाही करने व असामाजिक तत्वों तथा निगरानी बदमाशों, गुण्डों, शराब पीकर हुल्लड/मारपीट करने वालों के विरूद्ध सख्त प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने निर्देश दिये गए। तथा वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त पत्रों का सही समय में निकाल करने एवं वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त दिशा निर्देशों का पालन करने, ई-साक्ष्य का उपयोग करने व समस्त स्टाफ को डियुटी के दौरान निर्धारित साफ सुथरी वर्दी धारण करने तथा थाना में रिपोर्ट करने आये महिला आगंतुक / रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने तथा निर्देशों का पालन नहीं करने पर अधिकारी/ कर्मचारीको दंडित किए जाएंगे, थाना/चौकी प्रभारी को अवैध कारोबारियो, अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगो के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने, मजबूत सूचना तंत्र विकसित कर बेहतर पुलिसिंग करने, थाना/चौकी का भ्रमण कर थाना/चौकी की साफसफाई हेतु विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया। तथा चोरियो एवं अपराधो पर अंकुश लगाने हेतु रात्रि में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त सुदृढ करने, गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त के दौरान हाटल, लाज, ढाबा, एटीएम, बैक, बस स्टैण्ड, प्रतिक्षालय एवं संदिग्ध व्यक्तियो कि चेकिंग करने, अधिकारियों व जवानों को रात में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त कर गली कूचे मोहल्लों एवं चप्पे-चप्पे पर अपनी पैनी नजर रखने, साथ ही आसपास के ग्रामीण इलाकों में गस्त को बढ़ाने व लगातार रात में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। सायबर अपराध पर नियंत्रण हेतु रेंज तथा जिलों में सायबर प्रहरी का प्रचार-प्रसार कर व्हाट्सएप ग्रुप बीट वाईस बनाया गया है उसमें अधिक से अधिक लोगो को जोडकर जन जागरूकता अभियान चलाया जाने एवं सामुदायिक पुलिसिंग के लिए ÷हमर पुलिस हमर बजार÷ एवं ÷हमर पुलिस हमर गांव÷ अभियान के माध्यम से हॉट/बाजारों एवं ग्रामों में जागरूकता अभियान चलाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा मनोज तिर्की, थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू, उप निरीक्षक शैल शर्मा, सहायक उप निरीक्षक दीनानाथ सिंहा, उदल राम टांडेकर, यागेश्वर देशमुख, छन्नूलाल ध्रुव, स्टेनो अजय कुमार देवांगन, एसएसपी रीडर सहायक उप निरीक्षक विष्णु सप्रे सहित थाना के अन्य अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे।

पैराडाइज स्कूल में फाउंडेशन क्लास के बच्चों के लिए पोयम रिसाइटिग कॉम्पिटिशन का हुआ आयोजन

कांकेर / नवप्रदेश। पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में फाउंडेशन क्लास नर्सरी से क्लास टू के बच्चों के लिए अंग्रेजी भाषा में ज्ञानअभिवृद्धि करने हेतु एवं कविता को लय एवं हाव-भाव से बोलने तथा अंग्रेजी भाषा के शब्द भण्डार में अभिवृद्धि करने हेतु अंग्रेजी पोयम रिसाइटिग कॉम्पिटिशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अधिक संख्या में छोटे-छोटे बच्चों ने बहुत आंनद और खुशी के साथ मंच पर अंग्रेजी पोयम सुनाये। इस पोयम रिसाइटिग कॉम्पिटिशन में एल.के.जी क्लास से प्रथम स्थान अनुभव खरे, प्रियांशु मरकाम, अनुष्का गोस्वामी, सेवन्या सिन्हा, द्वितीय स्थान मे ओमेघा साहू, लिसिका देवांगन एवं हार्दिक प्रजापति, जिशा मेहरा, कुशन सिंह ठाकुर, हर्षिवी ठाकुर, मो. हसन रजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किये। यू.के.जी क्लास से प्रथम स्थान अलीजा बानो, ग्रंथ पाण्डे, युग सिन्हा द्वितीय हुनैन खान, सार्थक मण्डावी, मान्यता कश्यप, मायरा सेवानी, लावन्या देवांगन, शेख इरम, यषस्वी मरकाम ने तृतीय स्थान प्राप्त किये। इस कार्यक्रम में कोऑर्डिनटर पूनमजीत कौर, इन्चार्ज टिचर वर्षा रमानी, सरिता मिश्रा, सलमा खान, इतिश्री गोलुगुरी, मेघा सेवा, शबाना परवीन, एस.मर्सी, अपूर्वा ठाकुर, रामेश्वरी साहू, यमुना बिलोधिया का अथक प्रयास एवं महत्वपूर्ण योगदान रहा।

पोयम रिसाइटिग कॉम्पिटिशन का आयोजन बच्चों ने अपनी बातों को सभी के बीच गीत एवं हाव-भाव के साथ कहने तथा छोटे बच्चों में भी आत्मविश्वास जागृत करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस सफल कार्यक्रम को संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान एवं अन्य शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

जन सहयोग समाजसेवी संस्था ने पीजी कॉलेज परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

कॉलेज स्टॉफसहित आसपास के दुकानों का मिला सहयोग

कांकेर / नवप्रदेश। रविवार की सुबह स्थानीय पीजी कॉलेज में शहर के प्रसिद्ध जन सहयोग समाजसेवी संस्था प्रमुख अजय पप्पू मोटवानी ने पीजी कॉलेज में अपनी टीम के साथ स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। स्वच्छता अभियान में स्टॉफ, स्टूडेंट्स, पार्षद तथा भूतपूर्व सैनिकों का सहयोग मिला जिसके चलते बड़े पैमाने पर स्वच्छता कार्य संपन्न कर दिया गया। कॉलेज परिसर में आसपास के दुकानदारों द्वारा कचरा फेंकने और नियमित सफ़ाई नहीं होने के कारण बहुत अधिक कूड़ा करकट जमा हो गया था, जिसकी सफ़ाई हेतु कॉलेज स्टॉफ स्टूडेंट्स तथा पूर्व सैनिक एवं ÷जन सहयोग÷ के सदस्य समाजसेवी पक्के इरादे के साथ एकत्र हुए और स्वच्छता अभियान में लग गए। इसी दौरान उदय नगर वार्ड के नवनिर्वाचित पार्षद चंद्रलोक ठाकुर भी किसी कार्य से उधर जाते हुए रुक गए और उन्होंने अपनी ओर से दिलचस्पी लेते हुए सक्रियता पूर्वक साफसफाई में भाग लिया। उन्होंने जन सहयोग संस्था की प्रशंसा करते हुए भविष्य भी अपनी ओर से विभिन्न अभियानों में साथ देने का वादा भी कर लिया ।

आज के इस स्वच्छता अभियान में पीजी कॉलेज की ओर से कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर डी एन पटेल,लाल क्रियान्वय अधिकारी अलका केरकेट्टा मीनाक्षी साहू, रतना प्रिया सेन भूमि सिन्हा, समारू पोडियाम, पूर्व सैनिक टेश्वर जैन ,पूर्व जनपद सदस्य संजय कुंजाम उदय नगर पार्षद चंद्रलोक ठाकुर के अलावा जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी, वरिष्ठ समाज सेवक डॉक्टर श्याम देव, बल्लू राम यादव, करण नेताम ,सरदार मनमीत सिंह उपस्थित थे।

मंडल के सभागृह में रामरक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ

आध्यात्मिक समिति के अभियान में 61वें सप्ताह भी महिलाओं में सामूहिक पाठ को लेकर दिखा उत्साह

रायपुर/ नवप्रदेश।। महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति की ओर से महाराष्ट्र मंडल के क्षत्रपति शिवाजी सभागृह में शनिवार को डअवंती विहार, शंकर नगर और देवेंद्र नगर महिला केंद्र के महिलाओं की ओर से रामरक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। वहीं वल्लभनगर, बूढ़ापारा और सरोना केंद्र की महिलाओं ने अपने- अपने क्षेत्रों के मंदिरों में राम रक्षा स्तोत्र व हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ का साप्ताहिक अभियान इस सप्ताह भी पूरे जोश के साथ जारी रखा।

मंडल के आध्यात्मिक समिति की समन्वयक आस्था काले ने बताया कि मंडल के सभी महिला केंद्रों की ओर से हर शनिवार को रामरक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का नियमित पाठ किया जा रहा है। इस शनिवार, एक मार्च को अवंती विहार, शंकर नगर और देवेंद्र नगर महिला केंद्र की संयोजिका नीता भंडारकर, आरती गोवर्धन और सविता भागडीकर ने मंडल के मिनी हाल में रामरक्षा स्त्रो त और हनुमान चालीसा का साप्ताहिक पाठ किया। मंडल की आध्यात्मिक समिति की ओर से इस अभियान को एक मार्च 2025 को 61 सप्ताह पूरे हो गए हैं। महिला केंद्रों में इस अभियान को लेकर अभी भी उनता ही जोश है, जितना अभियान की शुरुआत में था।

शंकर नगर बाल वाचनालय व गार्डन की प्रभारी रेणुका पुराणिक ने बताया कि प्रियदर्शिनी नगर स्थित मंदिर में वल्लभनगर केंद्र की महिलाओं ने हनुमान चालीसा और रामरक्षा स्तोत्र का पाठ किया। इस दौरान मनीषा सदन, सीना, दुबे, दीपाली गोयल, श्रीवास्तव, नीलू दवे सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। वहीं सालासर सोसयटी सरोना स्थित हनुमान मंदिर में सरोना केंद्र की महिलाओं ने सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का मिलकर पाठ कर श्रीराम की स्तुति की। इस दौरान विभा पाण्डे, आरती ठोंबरे, मीना परदेशी, गायत्री चन्द्राकर, तनु श्रीधर, गिरजा साहू प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन

जशपुरनगर। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, कांटाबेल विकासखंड मनोरा, जिला जशपुर श्री संजय कुमार पटेल विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनोरा के मार्गदर्शन में मनोरा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कांटाबेल में विगत दिवस राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के प्रधान पाठक श्री मंगल देव तिर्की ने अपने स्वागत संबोधन में विज्ञान दिवस के महत्व को रेखांकित किया और विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच विकसित करने हेतु प्रेरित किया।

इसके पश्चात विज्ञान शिक्षक श्री ओमप्रकाश चौधरी ने विभिन्न रोचक वैज्ञानिक प्रयोगों का प्रदर्शन कर बच्चों को विज्ञान की ओर आकर्षित किया। इन प्रयोगों में बिना बाहरी हवा के गुब्बारा फूलना, नॉन-न्यूटोनियन फ्लूड, उत्प्लावन, सघन और विरल द्रव का प्रभाव आदि शामिल थे।

प्रतियोगिताओं का आयोजन एवं परिणाम

कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला, निबंध लेखन एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों की सूची इस प्रकार है

निबंध लेखन प्रतियोगिता

प्रथम स्थान - सृष्टि बाई द्वितीय स्थान - आशिका मिंज तृतीय स्थान - आलोक प्रधान चित्रकला प्रतियोगिता

प्रथम स्थान - आलोक प्रधान द्वितीय स्थान - आशिका मिंज, बजरंग मोहक बैरागी, अरुणा सिंह तृतीय स्थान - भागवत बैरागी क्विज प्रतियोगिता

प्रथम स्थान - प्रणिता इंदुवार द्वितीय स्थान - आलोक प्रधान तृतीय स्थान आशिका मिंज

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों श्रीमती सुधा तिर्की, श्री परमजीत कुमार बघेल एवं श्री देवेंद्र कुमार साहू का विशेष सहयोग रहा।

प्रथम पेज का शेष

आज खुलेगा सौगातों का...

अस्पतालों का विकास होगा।

सरकारी सिस्टम को डिजिटआइजेशन पर जोर

बजट में सरकारी विभागों को डिजिटल बनाने और ई-गवर्नेंस को मजबूत करने के लिए भी प्रावधान किए जा सकते हैं।

25 साल पहले ऐसा था छत्तीसगढ़ का पहला बजट

छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद पहला बजट वर्ष 2000 में पेश किया गया था, जिसका आकार सिर्फ 5,700 करोड़ रुपये था. 25 वर्षों में यह 30 गुना बढ़कर 1,60,000 करोड़ रुपये तक का हो सकता है. यह साफ दर्शाता है कि राज्य ने आर्थिक रूप से काफी प्रगति की है। छत्तीसगढ़ के लोगों को इस बजट से नई नौकरियों, किसानों के लिए आर्थिक राहत, महिलाओं के लिए सशक्तिकरण योजनाएं और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की उम्मीदें है. देखना होगा कि सरकार जनता की उम्मीदों पर कितनी खरी उतरती है।

नशा तस्करों को दंडित ...

के अनुसरण में, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि ये सजाएँ अदालतों के समक्ष दायर मामलों के सफल अभियोजन को सुनिश्चित करने के लिए ब्यूरो के समर्पण का उदाहरण हैं। ब्यूरो प्रधानमंत्री के 2047 तक नशा मुक्त भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए लगातार काम कर रहा है। वह नशीली दवाओं के खिलाफ लड़ाई में लोगों का समर्थन चाहता है। मादक पदार्थों की तस्करी के बारे में जानकारी ब्यूरो के मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर गोपनीय रूप से प्रदान की जा सकती है।

गुंडराजगुडेम पुलिस-नक्सल...

कर चली। मुठभेड़ समाप्त होने के बाद, दोनों माओवादियों के शव और उनके पास से कई महत्वपूर्ण सामग्रियां बरामद की गईं।

मारे गए माओवादियों की पहचान

सोड़ी लिंगे- एसीएम (एरिया पडियारो पोल्लो अध्यक्ष), निवासी पश्चिम बस्तर बीजापुर, ईनामी 5 लाख रुपये। पोड़ीआम हड़मा -एसीएम (जनताना सरकार अध्यक्ष), निवासी पश्चिम बस्तर बीजापुर, ईनामी 5 लाख रुपये।

बरामद सामग्री-1 नग बीजीएल लांचर,1 नग 12 बोर बंदूक,5 नग बीजीएल सेल, 5 नग 12 बोर रायफल के जिंदा राउंड, 1 नग वायरलेस सेट, 4 नग बीजीएल कॉटीज। भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और नक्सल साहित्य जब्त किया।

नक्सलियों के खात्मे को लेकर पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. ने कहा कि बस्तर पुलिस, डीआरजी, एसटीएफ, सीएएफ और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की टीमें लोकतंत्र की रक्षा और क्षेत्र की शांति बनाए रखने के लिए पूरी कर्तव्यनिष्ठा से काम कर रही हैं। आने वाले दिनों में हमारा संकल्प और प्रयास और भी मजबूत होगा।

छत्तीसगढ़ में विदेशी शराब होगी...

योजना में धान एवं चावल परिवहन की दर के लिए गठित राज्य स्तरीय समिति की अनुशंसा दर को स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया।

छत्तीसगढ़ श्रम विधियां संशोधन एवं विविध प्रकीर्ण उपबंध विधेयक-2025 के माध्यम से कारखाना अधिनियम-1948, औद्योगिक विवाद अधिनियम-1947 तथा ट्रेड यूनियन अधिनियम-1976 में संशोधन के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

■ न्यूज गैलरी

नवनिर्वाचित सरपंच, पंचगण ने शपथ से पहले की भगवान राम की पूजा, आज लेंगे शपथ

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छुरिया वि.खं.के ग्राम पंचायत करमरी में नवनिर्वाचित सरपंच दीनदयाल (दीनू) साहू द्वारा सपथ ग्रहण के पूर्व ग्राम पंचायत भवन में रामचरित मानस नुतन मानस परिवार करमरी का रामायण का आयोजन किया गया। छुरिया वि.खं.के यह पहले पंचायत होगा जो शपथ ग्रहण के पूर्व सरपंच द्वारा रामायण पाठ का आयोजन किया गया।सरपंच दीनदयाल (दीनू) साहू ने कहा कि कोई भी शुभ मुहूर्त के पहले हमारे ग्राम पंचायत के भवन में रामकथा के साथ भगवान का पूजन और अराधना आवश्यक है, क्यों कि यह छत्तीसगढ़ कि धरती भगवान श्री राम कि नैनीहाल की धरती है भगवान श्री राम चौदह वर्ष के बनवास में कई दिनों तक इसी छत्तीसगढ़ के धरती पर अपना समय व्यतीत किया।इसी उद्देश्य को लेकर हमने रामचरित मानस और रामायण का आयोजन किया गया।भगवान श्री राम कि कृपा से ग्राम पंचायत करमरी निरंतर विकास की ओर अग्रसर रहेगा।ग्राम पंचायत करमरी के प्रांगण में समस्त नवनिर्वाचित पंच एवं ग्राम पंचायत के नागरिक उपस्थित थे।

कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन से मान्यता प्राप्त जिले के पहले जज बने ऋषभ सिंह चौहान

भाटापारा/नवप्रदेश। कराते इंडियन ऑर्गेनाइजेशन के

तत्वाधान में छत्तीसगढ़ कराटे डू एसोसिएशन के द्वारा जज रेफरी एवं कोच सेमिनार का आयोजन दुर्ग में हुआ, जिसमें एग्जामिनर के रूप में सेंसई शाहीन अख्तर एशियाई कराटे फेडरेशन के टेक्निकल कमिशन मेंबर एवं वर्ल्ड कराटे फेडरेशन ,एशियाई कराटे फेडरेशन रेफरी ने सभी प्रतिभागियों का परीक्षण किया एवं सेंसाई अमल तालुकदार एशियाई कराटे फेडरेशन जज एवं छत्तीसगढ़ कराटे डू एसोसिएशन सचिव ने सेमिनार का आयोजन किया, जिसमें बलौदा बाजार भाटापारा जिला कराते संघ सचिव ऋषभ सिंह चौहान कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन द्वारा मान्यता प्राप्त पहले जज एवं रेफरी बने ।

फेडरेशन के कैलेंडर विमोचन समारोह में प्रांतीय पदाधिकारी भी हुए शामिल

कलेक्टर ने सभी पदाधिकारियों को लोक सेवा के लिए कटिबद्ध होने की अपील की

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन राजनांदगांव के कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम कलेक्टर संजय अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ,प्रांतीय सचिव राजेश चटर्जी, प्रांतीय महासचिव आर . के. रिछारिया , प्रांतीय कोषाध्यक्ष सतीश मिश्रा अपाक्स के प्रांताध्यक्ष सत्येंद्र देवांगन ,एसडीएम खेमलाल वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल, तहसीलदार मनीष वर्मा के कर कमलों से होटल पंचशील (रेलवे स्टेशन के पास) के सभागार में जिला संयोजक सतीश ब्यौहरे जिला संरक्षक डॉ के एल टांडेकर के संयुक्त मार्गदर्शन में समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ के एल टांडेकर के स्वागत संबोधन से हुआ।

इस दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी पदाधिकारियों को लोक सेवा के लिए कटिबद्ध होकर जन सेवा का कार्य करने की अपील की, कर्मचारियों अधिकारियों से आह्वान किया कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा ,लगन एवं ईमानदारी से करेंगे ताकि प्रशासन में एक अच्छी छवि बनी रहे ।प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने कहा कि पुरे राज्य में राजनांदगांव जिला एकजुटता, संघर्षशीलता एवं जुझारूपन के लिए अपनी अलग पहचान बनाया है । उन्होंने आगे कहा कि हम सबके समेकित प्रयास से ही पिछले सभी आंदोलन सफल रहे हैं और हम सबको मिलकर फेडरेशन के मजबूती के लिए कार्य करना है । राजेश चटर्जी ने कहा कि फेडरेशन की ताकत आप सब हैं आपके माध्यम से ही हम शासन और प्रशासन में अपनी बात रख सकते हैं अपनी जायज मांगों को हम पूरा करा पाते हैं ।

सतीश ब्यौहरे जिला संयोजक ने अपने उद्बोधन में मंच पर विराजमान समस्त अतिथियों का अभिवादन करते हुए कार्यक्रम में पधारने के लिए उन्हें हृदय से आभार व्यक्त किया। और उन्होंने कहा कि आप सभी के आतिथ्य में आज का यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका है । कमल वर्मा द्वारा सतीश ब्यौहरे को जिला संयोजक का नियुक्ति पत्र सौंपा गया ।इस दौरान समस्त पदाधिकारियों ने अपनी अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराई। आभार प्रदर्शन बृजभान सिन्हा के द्वारा किया गया। फेडरेशन के पदाधिकारियों में मुख्य रूप से सतीश ब्यौहरे ,डॉ के एल टांडेकर , पी. आर. झाड़े, उत्तम पंदियाल,डी एल चौधरी, रामनारायण बघेल, डॉ अशोक जैन, वीरेन्द्र रंगारी, बृजभान सिन्हा , भूपेंद्र कांडे,अरुण देवांगन, संजय तिवारी, कृतलाल साहू, पी एल साहू, सी एल चंद्रवंशी, मुकेश शुक्ला, अब्दुल करीम खान, सोहन निषाद,विनोद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

बजट से उम्मीद.... क्या जिले के अनुरूप विकास को मिल पाएगी रफ्तार ...

बेमेतरा/नवप्रदेश। मीठा पेयजल योजना में क्या अतिरिक्त किया जाएगा प्रावधान... बेमेतरा को जिला का दर्जा तो मिला पर पूरे 13 साल बीत जाने के बाद जी लेकर अनुरूप ना तो किसानों का ध्यान रखा गया ना तो कृषि आधारित उद्योग को बजट में प्राथमिकता दी गई क्योंकि विष्णु देव सरकार के अपने कार्यकाल का दूसरा बजट 3 मार्च को प्रस्तुत होना है जिसके चलते जिले वासियों को एक बार फिर से उम्मीद बनी हुई है कि क्या बेमेतरा जिले में जिले के अनुरूप बजट में जगह मिल पाएगी किसानों के हित में बजट में ऐसा कोई प्रावधान किया जाएगा जिसे किसानो की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके और जिले की अपनी एक पहचान बन सके हालांकि सभी वर्ग के लोगों को काफी उम्मीद इस नए बजट से है साथ ही साथ प्रदेश के वित्त मंत्री का लगाव बेमेतरा जिले से भी स्वाभाविक रूप से कहा जा सकता है तथा उनके बेमेतरा आगमन पर बेमेतरा की समस्याओं से उन्हें अवधि कराया गया था जिसके चलते जिले वासियों को उम्मीद है कि हमारे वित्त मंत्री तो ओ पी चौधरी जिले का ध्यान अवश्य ही रखेंगे।

इस मसले पर जब बेमेतरा के विधायक दीपेश साहू से जब चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि निश्चित रूप से इस बार के बजट में बेमेतरा जिले के समुचित विकास का ध्यान अवश्य ही रखा जाएगा साथ ही साथ कई लंबित मामलों को बजट में जगह मिल पाएगी जिसके चलते बेमेतरा विधानसभा की एक अपनी पहचान और जिला मुख्यालय की एक अपनी पहचान बन सके। बेमेतरा के पूर्व विधायक अवधेश चंदेल से जब इस बारे में बात की गई तो उन्होंने राज्य सरकार से बेमेतरा जिले के लिए विशेष जगह मिलने की उम्मीद जताई है इसके साथ ही साथ जिले में कृषि आधारित उद्योग की प्राथमिकता भी बजट में तय करने की उम्मीद जताई है ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार किया जा सके। बेमेतरा जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा से जब इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने बताया कि कृषि आधारित उद्योग बेमेतरा की अपनी पहचान बनी रह सके यह बजट में प्रावधान किया जाएगा ऐसी उम्मीद के साथ-साथ जिला मुख्यालय बेमेतरा की स्कूलों के मामले में नवनिर्माण की उम्मीद भी जताई है ताकि स्कूलों की नवनिर्माण कर उन्हें सजाया और सवारा जा सके।

बेमेतरा नगर पालिका के नव निर्वाचित अध्यक्ष विजय सिंन्हा से जब आगामी बजट के संबंध में चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि निश्चित रूप से शहर की आधारभूत और मूलभूत आवश्यकता को ध्यान में रखकर बजट में प्रावधान किया जाएगा तथा विष्णु सरकार के सुशासन बजट में देखने को अवश्य ही मिलेगा इसके साथ ही साथ नगर पालिका बेमेतरा की अपनी एक पहचान जिले के अनुरूप हो सके तथा पर्याप्त विकास सुनिश्चित कराया जा सके इसके लिए बजट में प्रावधान अवश्य ही किया जाएगा।

किसान नेता योगेश तिवारी से जब आगामी बजट के संबंध में चर्चा की गई उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा की कृषि प्रधान जिला बेमेतरा में किसने की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके ऐसा प्रावधान किया जाना आवश्यक होगा तथा यह राज्य सरकार से उम्मीद भी करते हैं कि कृषि आधारित उद्योग की प्राथमिकता तय कर बजट में प्रावधान किया जाएगा जिससे किसानों की दशा और दिशा में सुधार हो सके।

नव निर्वाचित सरपंच व पंच ने विधायक ललित चंद्राकर से मिलकर आभार जताया

उतई/नवप्रदेश। ग्राम खपरी , मंचादुर के नव निर्वाचित सरपंच व पंच ने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर से उनके निज निवास में मुलाकात कर आशीर्वाद लिया और इस जीत के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया । विधायक ललित चंद्राकर ने सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई देते हुए उनसे पार्टी को मजबूत बनाने का आवाहन किया ।जनता के विश्वास और आशीर्वाद से नवचयनित प्रतिनिधियों का यह नया सफर गांव के विकास और जनकल्याण के प्रति समर्पित रहेगा। सभी के साथ मिलकर समाज हित के कार्यों को गति देने और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकल्प लिया।

समर्पित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति और सभी का स्नेहिल सहयोग, समाज की सेवा में निरंतर ऊर्जा और प्रेरणा देता है। विधायक ललित चंद्राकर के निवास में मुलाकात करने वाले में,नव निर्वाचित सरपंच ललित निषाद, रोहिणी निषाद तुलेश्वरी निषाद, दुलेश्वरी देवदास पूर्णिमा ठाकुर,सुरेखा यादव ,किरण निषाद ,सुमित्रा मांडवी, मंजू नेताम , नंदकिशोर नेताम, ललिता यादव राम अवतार यादव, अनीता रवाना हीरा ठाकुर महेश निषाद राय कुमार निषाद शिव कुमार साहू तोरण ठाकुर महेश निषाद , शिवकुमार साहू, तोरण ठाकुर, राकेश रवाना राकेश पुरी गोस्वामी तुकाराम अवतार रूपेश धनकर आशीष मिश्रा बबलू ठाकुर सरपंच युगल किशोर साहू ,रवि शंकर गिरी गोस्वामी ,वीरेंद्र कुमार साहू, तोरण लाल साहू ,शिवकुमार साहू, थानसिंह साहू, हरीश साहू, अशोक साहू ,लोकेश साहू ,गीता पटेल, गणपत साहू कालिंद्री देवांगन ,गोपाल साहू ,शैल देवांगन मोहम्मद महमूद खान, असलम खान चित्तेश्वरी साहू, गायत्री साहू एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री नगर पंचायत पिपरिया के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों के शपथ ग्रहण में हुए शामिल

कवर्धा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और सांसद संतोष पाण्डेय नगर पंचायत पिपरिया में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। शपथ ग्रहण समारोह में एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक ने नव निर्वाचित अध्यक्ष घुरुवा राम साहू और अन्य पार्षदों को शपथ दिलाई। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि पिपरिया नगर पंचायत में अब ट्रिपल इंजन की सरकार के साथ पूर्ण बहुमत से नई सरकार का गठन हुआ है। यह सरकार अनुभवी नेताओं और युवा प्रतिनिधियों के संयोजन के साथ शहर के समग्र विकास को एक नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि नगर पंचायत पिपरिया में राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया जाएगा, जिससे नगर क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं और बुनियादी ढांचे का समुचित विकास संभव हो सके। विष्णुदेव सरकार का उद्देश्य पिपरिया को स्वच्छ, सुंदर और सुविधाओं से युक्त बनाना है। हम शहर में जल आपूर्ति, सड़क निर्माण, स्वच्छता और अन्य विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगे। अब नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों के नेतृत्व में इन प्रयासों को और गति मिलेगी, जिससे नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर मिलेगा और शहर की बुनियादी सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा। इस अवसर पर इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, मोतीराम चंद्रवंशी, पूर्व विधायक अशोक साहू, राजेन्द्र चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला भट्ट, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, कैलाश चंद्रवंशी, डॉ. वीरेन्द्र साहू ईश्वरी साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, देवकुमारी चंद्रवंशी, गोपाल साहू, सतविंदर पाहुजा, क्रांती गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विक्की अग्रवाल सहित समस्त जनप्रतिनिधि, पिपरिया के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

उन्होंने नगर पंचायत पिपरिया के जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे जनसेवा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाएं और नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करें। उन्होंने विश्वास दिलाया कि राज्य सरकार शहरों के विकास के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी और नागरिकों की भलाई के लिए लगातार काम करेगी। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

धारदार चाकू से डराने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

धारदार बटनदार चाकू किया गया जब्त

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रार्थी रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात्रि करीबन 00 बजे से 00.30 बजे के मध्य प्रार्थी कन्हैया साहू उर्फ सुनील साहू पिता श्री गिरधारी लाल साहू उम्र 46 वर्ष निवासी चिखली वार्ड नंबर 10 पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव का पुलिस चौकी चिखली उपस्थित आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटना दिनांक 01.03. 2025 के रात्रि करीबन 12.00 बजे से 12.30 बजे के मध्य आरोपी राजू कोयला बुलेट मो0सा0 से इसके पास आकर घटनास्थल बिहारी चाल चिखली रोड के पास इसका रास्ता रोककर मां बहन की अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने लगा कि इसके पूर्व देवेश वैष्णव के खिलाफ जो अपराध पंजीबद्ध करवाया गया उसमें जिसने-जिसने गवाही दिया है उन सब का मर्डर करूंगा बोला और उसमें तुम्हारा नंबर पहला है बोलकर अपने पास रखे धारदार चाकू को निकालकर मुझे डरा धमका रहा था मैं अपने बचाव में पीछे हटा तो मेरे पेट में बांयी और चाकू से चोट लगा है कि रिपोर्ट पर धारा

126 (2),296,351 (2) भादवि 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध दर्ज कर मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियो को दिया गया श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री टीम गठित कर पुष्पेन्द्र मार्गदर्शन में व चौकी प्रभारी निरीक्षक उमेश बघेल के नेतृत्व में टीम अश्लील गाली गलौच कर चाकू लहराकर डराने धमकाने वाले आरोपी राजू मेश्राम उर्फ करिया राजू पिता राजेन्द्र मेश्राम उम्र 25 साल साकिन शांतिनगर वार्ड नंबर 06 गली नंबर 02 पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव को त्रिवेणी परिसार से घेराबंदी कर पकडा गया कडाई से पुछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार करने पर आरोपी को विधिवत गिरप्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया ।

जिला साहू संघ ने जताई कांग्रेस के प्रति नाराजगी

जिला साहू संघ के अध्यक्ष को कांग्रेस के नेताओं ने षड्यंत्र कर हराया

जिला साहू संघ की बैठक में चार विषय सर्वसम्मति से पारित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आज जिला साहू संघ में बैठक आहूत की गई। जिसमें सर्वप्रथम जिला संघ के अध्यक्ष भागवत साहू सहित सभी पदाधिकारी ने मां कर्मा की पूजा अर्चना कर बैठक की शुरुआत की गई। जिसमें विभिन्न विषयों को लेकर बैठक हुई। उक्त बैठक में चार विषयों को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

कर्मा जयंती 25 मार्च 2025 जिला साहू संघ में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया उक्त तिथि को किसी भी अन्य ग्राम परिक्षेत्र तहसील में कर्मा जयंती का आयोजन नहीं किया जाएगा उसी प्रकार तहसील परिक्षेत्र में कर्मा जयंती होने पर उक्त अन्य आयोजन नहीं किया जाएगा। मां भानेश्वरी जयंती 9 में मई को मनाने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। ग्राम परिक्षेत्र तहसील का सामाजिक चुनाव 15 अप्रैल से 30 में तक होगी।

छत्तीसगढ़ राज्य के राजनांदगांव जिला में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सामाजिक पदाधिकारी के विरुद्ध डोंगरगांव विधायक के द्वारा उसके चुनाव को प्रभावित करने का कार्य किया विधायक के उक्त के लिए कृत्य के लिए जिला साहू समाज द्वारा निंदा प्रस्ताव पारित किया गया साथ ही जिला साहू संघ के सामाजिक कार्यक्रमों में सामाजिक गतिविधियों में सम्मिलित नहीं करने का प्रस्ताव पारित किया गया। मोती साहू, भागवत साहू, शैलेंद्र कुमार साहू, नीलमणि साहू, नोबल साहू, नीरा साहू, भुनेस्वरी साहू, कुलेश्व साहू, अंजु साहू, ज्ञानचंद साहू, मिलाप साहू, चंदन साहू, माधव साहू, महेश साहू, गंभीर साहू, परदेशी राम साहू, चंद्रशेखर साहू, छबिल साहू, खिलेश्व साहू, कांति साहू, प्रभीत साहू, देवेंद्र कुमार साहू, कुलदीप साहू, लक्ष्मण साहू, देवेंद्र साहू, नरेंद्र साहू, आशीष साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, जागेश्वर साहू, पवित साहू, विनय कुमार साहू, इतवारी साहू, तिलक साहू सहित जिला साहू संघ के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

संत का स्मरण संत गाडगे जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

संत गाडगे महाराज ने जीवन समाज सेवा में समर्पित किया, उनके विचार अनुकरणीय :

कवर्धा/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा आज वीर सावरकर भवन में आयोजित संत गाडगे महाराज जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने संत गाडगे महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण की और उनके आदर्शों को स्मरण किया। उन्होंने समाज को संबोधित करते हुए संत गाडगे महाराज के जीवन और उनके द्वारा समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने घोटिया रोड में चौक के नामकरण, सौंदर्यीकरण और संत गाडगे महाराज की मूर्ति स्थापना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह समाज के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगा और संत गाडगे महाराज के विचारों को आगे बढ़ाने में सहायक होगा। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ सियाराम साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जिला पंचायत सदस्य कैलाश चंद्रवंशी, विजय पटेल सहित समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि संत गाडगे महाराज का जीवन समाज सेवा और स्वच्छता के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने पूरे समाज को स्वच्छता का महत्व समझाया और लोगों को अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संत गाडगे महाराज के विचार हम सभी के लिए अनुकरणीय हैं, और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही हम समाज के विकास में योगदान दे सकते हैं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ाने

के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि समाज के हित में चल रहे कार्य निरंतर जारी रहेंगे और सरकार इसमें हरसंभव सहयोग देगी।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने धोबी समाज की प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि समाज को एकजुट होकर शिक्षा, व्यवसाय और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में और अधिक सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज के वरिष्ठजन जब एक साथ बैठकर समाज की उन्नति के लिए विचार-विमर्श करते हैं, तो इससे नए कार्यों की दिशा तय होती है और समाज को आगे बढ़ने का मार्ग मिलता है। उन्होंने समाज के युवाओं को इस दिशा में आगे आने और प्रेरित होने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि युवा शक्ति किसी भी समाज की रीढ़ होती है। अगर युवा समाज सेवा और स्वच्छता जैसे कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे, तो पूरा समाज प्रगति की ओर बढ़ेगा। उन्होंने युवाओं से संत गाडगे महाराज के सिद्धांतों को अपनाने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर समाज के प्रमुख पदाधिकारी, वरिष्ठजन, युवा वर्ग और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

हत्या की कोशिश सिद्ध होने पर आरोपी को सात साल की सजा

अपर सत्र न्यायालय ने सुनाया फैसला

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद के अपर सत्र न्यायालय ने हत्या की कोशिश करने के एक मामले में आरोपी के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर सजा सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश तजेश्वरी देवी देवांगन ने थाना छुरा के एक प्रकरण की सुनवाई करते हुए आरोपी थनवार निषाद निवासी रानीपरतेवा, थाना-छुरा को दोषसिद्ध पाते हुए भा.दं.संहिता की धारा 307 के तहत सात साल का सश्रम कारावास एवं एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रार्थी भोजराम साहू ने घटना दिनांक 10.11.2021 को थाना छुरा में उपस्थित होकर इस आशय की मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया था कि वह ग्राम करकरा में रहता है। खेती किसानी का काम करता है। उसके नाम से ग्राम करकरा के बाहरानार खार में स्थित कृषि भूमि में धान कटाई हेतु रानीपरतेवा से मजदूर लाकर दिनांक 08.11.2021 से धान कटाई करवा रहा था। घटना दिनांक 10.11.2021 को प्रातः लगभग 09 बजे मजदूर लोग धान फसल काट रहे थे, तभी ग्राम रानीपरतेवा का थनवार निषाद पीछे से आया और रेखाबाई यादव को ÷आज तुझे जान से मार दूंगा’ कहते हुए तलवार जैसे लोहे के धारदार पट्टी से जान सहित मारने की नीयत से प्राणघातक वार किया, जिससे रेखाबाई यादव के बांए कान व चेहरे में चोट आई।

प्लेसमेंट नियुक्ति में नया विवाद, कई कर्मचारियों को कार्य से बाहर किए जाने का आरोप

कुरुद/नवप्रदेश। नगर पंचायत कुरूद में भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद, कई कर्मचारियों को कार्य से बाहर किए जाने की घटना ने विवाद को जन्म दिया है। इसी बीच, नगर पंचायत के प्लेसमेंट कर्मचारी परमेश्वर पटेल ने एक बड़ा खुलासा किया है। उनका आरोप है कि जब कांग्रेस नगर पंचायत के सत्ता में थी, तब निजी कार्यों के लिए प्लेसमेंट कर्मचारियों को रखा जाता था। यह आरोप न केवल कांग्रेस पार्टी के कार्यकाल की कार्यशैली पर सवाल उठाता है, बल्कि नगर पंचायत के कार्यों और कर्मचारियों के नियुक्ति संबंधी प्रथा को लेकर भी नए विवाद को जन्म दे रहा है।

नगर पंचायत कुरूद में भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद, शपथ ग्रहण से पूर्व छह प्लेसमेंट कर्मचारियों को अचानक कार्य से बाहर कर दिया गया। ये कर्मचारी प्लेसमेंट, स्वच्छता कमांडो और एसएसजी में नियुक्त थे। इन कर्मचारियों के नाम थेः उत्तम साहू, रूपेंद्र चन्द्रकार, विकास देवांगन, नीरज कश्यप, अरमान साहू और लेखनारायण बागे। इन कर्मचारियों को बिना किसी पूर्व सूचना या शिकायत के कार्य से बाहर कर दिया गया, जिससे राजनीतिक द्वेष की संभावना जताई जा रही है। यह कदम भाजपा सरकार की प्रशासनिक निर्णयों पर सवाल उठाता है, जो कर्मचारियों की सुरक्षा और अधिकारों के लिए चिंता का कारण बन गया है।

कांग्रेस पार्टी के निर्वाचित पार्षदों ने नगर पंचायत कुरूद के प्रशासक श्रीमती दुर्गा साहू और मुख्य नगरपालिका अधिकारी महेन्द्र राज गुप्ता को लिखित शिकायत दी है। उन्होंने इन कर्मचारियों की पुनः बहाली की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द कोई कदम नहीं उठाया जाता, तो वे धरना प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के सभी निर्वाचित पार्षद रजत चंद्राकर, श्रीमति मंजू प्रमोद साहू, राखी चंद्रकार, मनीष साहू, देवव्रत साहू, डुमेश साहू और उत्तम साहू उपस्थित थे। लेकिन इस पूरे विवाद में एक नया मोड़ आया जब नगर पंचायत के प्लेसमेंट कर्मचारी परमेश्वर पटेल ने गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने खुलासा किया कि जब कांग्रेस नगर पंचायत के सत्ता में थी, तो कई प्लेसमेंट कर्मचारियों को निजी कामों के लिए रखा जाता था। उदाहरण के तौर पर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष द्य के समय में, उनके करीबी सहयोगी जैसे भरदा और कुरुद में कुक के काम में लगे थे, जबकि अन्य कर्मचारी जैसे गाड़ी चालक और , आफिस कार्य के लिए जैसी भूमिका में कार्य कर रहे थे। यह सवाल उठता है कि क्या ये कर्मचारी अपनी नियमित सरकारी जिम्मेदारियों को छोड़कर निजी कार्यों में लगे थे?

प्लेसमेंट कर्मचारियों को निजी कार्यों के लिए रखने के आरोप ने नगर पंचायत के कार्यों और कर्मचारियों के चयन प्रक्रिया पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कर्मचारियों को उनके कार्यों में व्यस्त रखने की बजाय, क्या उन्हें राजनीतिक लाभ के लिए निजी कार्यों में लगाया गया था? यह सवाल न केवल कांग्रेस पार्टी के कार्यकाल की कार्यशैली पर बल्कि नगर पंचायत की पूरी प्रशासनिक व्यवस्था पर भी गहरा असर डालता है।

इस खुलासे ने पूरे मामले को और जटिल बना दिया है, और अब यह देखना होगा कि नगर पंचायत के प्रशासन और कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर किस तरह की कार्रवाई करते हैं।

न्यूज गैलरी

अर्जुन्दा के कलाकार की प्रस्तुति उमरगांव में आज

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम उमरगांव में सोमवार रात्रि में लोक रंग अर्जुन्दा के कामेडियन घेवर यादव की श्री गंगा मानस परिवार की मनमोहक प्रस्तुति आज रात्रि में होनी है। जिसमें केंवट प्रसंग का व्याख्यान करेंगे यह कार्यक्रम रंगमंच बाजार चौक में रात्रि 8 बजे होगा। इसके मुख्य अतिथि सोहन पटेल सहकारी समिति सांकरा, अध्यक्षता श्रीमती अंजना ध्रुव सरपंच, विशेष अतिथि रुप में मोहन पुजारी, महेश अग्रवाल, बलराम साहू, अंगेश हिरवानी, देवेन्द्र सेन, महेन्द्र साहू, लक्ष्मीनाथ काशिव, मानिक साहू, राम प्रसाद साहू, कृष्ण मारकोले, फ्लेन्द्र साहू, संगीता साहू के अतिथ्य में होगा।

सरपंच प्रत्याशी रुपेन्द्र कुमार और पुष्पा देवी मंडावी ने गांव में निकाले विजय जुलूस

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत कलेमेटा सरपंच के प्रत्यासी रुपेन्द्र कुमार मरकाम और जनपद क्षेत्र क्रमांक राजपुर पुष्पा देवी मंडावी विजय हुये जिसमे दिन रविवार को विजय जुलुस निकालकर गांव के लोगो को आभार व्यक्त किया गया साथ वही लोगो के द्वारा सरपंच और जनपद सदस्य का गुलाल तिलक लगा कर आत्मीय स्वागतकरते दिखाई दिये ग्रमीन जन साथ जिसमे पंचायत नव निर्वाचित पंचगण व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थिति थे वही जिसमे दयाराम कमार, तिरधारी,अशोक मरकाम, सियाराम पटेल, मनीष कुमार धुव, भारत मरकाम, दौलत निर्मलकर,गांगा बाई, देवक निर्मलकर, दिलीप कुमार, ललितादेवदास,जुलुस मे बड़ी सख्या मे गांव महिला पुरुष दिखाई दी।

वार्षिक स्नेह सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री ने विकास कार्यों को लेकर दिया आश्वासन

कवर्धा/नवप्रदेश। शासकीय राजमाता विजया राजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय कवर्धा में आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा और राजनांदगांव लोकसभा सांसद श्री संतोष पांडेय शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इन आयोजन के लिए महाविद्यालय परिवार और विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने खेल, कला,सहित शिक्षा के क्षेत्र में महाविद्यालय का नाम रौशन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगो की कड़ी मेहनत से राज्य के इस महाविद्यालय का नाम की ख्याति फैल रही है।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने महाविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता और आधारभूत संरचना को मजबूत करने पर बल दिया। उपमुख्यमंत्री और सांसद ने आश्वासन दिया कि महाविद्यालय की जरूरतों को शीघ्र पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान महाविद्यालय की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और वर्षभर की उपलब्धियों के लिए विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने महाविद्याल के प्राचार्य द्वारा सौपे गए मांग पत्रों का जिक्र करते हुए कहा कि महाविद्यालय की समस्याओं और आवश्यक मांगों को पूरी गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैंने इन मांगों को ध्यानपूर्वक सुना है और इन्हें प्राथमिकता में रखते हुए पूरा करने का हरसंभव प्रयास करूंगा।

महाविद्यालय की बुनियादी सुविधाओं को लेकर माँग पत्र

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती के. तिग्गा ने महाविद्यालय के आधारभूत विकास से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर उपमुख्यमंत्री एवं सांसद को मांग पत्र सौंपा। प्राचार्य ने महाविद्यालय के प्रथम तल निर्माण, बाउंड्रीवाल, साइकिल स्टैंड, स्नातकोत्तर कक्षाओं की शुरुआत तथा अतिरिक्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पदों की स्वीकृति की मांग की। उन्होंने यह भी बताया कि महाविद्यालय में फिलहाल केवल स्नातक स्तर की कक्षाएं संचालित हैं। छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए एम.एस.सी. (वनस्पतिशास्त्र, प्राणीशास्त्र, भौतिकशास्त्र, गणित, कम्प्यूटर साइंस), एम.ए. (राजनीतिविज्ञान, समाजशास्त्र, हिंदी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, भूगोल) एवं एम.कॉम. विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रारंभ करने की मांग की गई है। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत सेमेस्टर प्रणाली लागू होने से महाविद्यालय में अतिरिक्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पदों की आवश्यकता जताई गई है। प्राचार्य ने मांग पत्र में महाविद्यालय के समुचित संचालन के लिए नए पदों की स्वीकृति की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने महाविद्यालय के प्रथम तल निर्माण को लेकर विशेष प्रयास किए जाने की बात कही और कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा, उन्होंने भारतीय दंड संहिता में राष्ट्रहित और लोकहित में किए गए संशोधनों पर भी चर्चा की और कहा कि नए कानून देश की सुरक्षा और विकास में अहम भूमिका निभाएंगे।उन्होंने नई शिक्षा नीति पर भी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह शिक्षा नीति शिक्षा के साथ सशक्त रोजगार देने में भी अपनी भूमिका निभाएगी।

सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाई का अवसर मिलेगा, जिससे ज्ञान अर्जन और अधिक सहज होगा। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की आधारभूत जरूरतों को पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ सियाराम साहू, पूर्व विधायक अशोक साहू, जिला पंचायत सदस्य कैलाश चंद्रवंशी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं महाविद्यालय के प्रोफेसर एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष ने एजुकेशन हब का किया निरीक्षण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने राजनांदगांव प्रवास के दौरान गौरव पथ स्थित एजुकेशन हब का निरीक्षण किया। इस दौरान सांसद श्री संतोष पाण्डेय, नवनिर्वाचित महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल विशेष रूप उपस्थित थे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने एजुकेशन हब में शिक्षा सत्र 2025-26 में प्रस्तावित प्रवास विद्यालय प्रारंभ करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने बताया कि प्रयास विद्यालय के प्रारंभ होने की स्थिति में कक्षा 9वीं के 100 छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा, जो प्रतिवर्ष 100 छात्र-छात्राओं के प्रवेश के साथ कक्षा 12वीं तक संचालित किया जाएगा। जिससे कुल 400 छात्र-छात्राएं लाभान्वित होंगे। प्रयास आवासीय विद्यालय में शाला संचालन के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषय विशेषज्ञों द्वारा कराई जाएगी। जिससे क्षेत्र के छात्र-छात्राओं में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अनुकूल वातावरण तैयार होगा। कलेक्टर ने बताया कि शिक्षा सत्र 2024-25 में जिले के प्रत्येक ब्लॉक से कक्षा 10वीं एवं 12वीं के चयनित छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु 15 दिवसीय आवासीय कोचिंग का संचालन एजुकेशन हब में किया गया था।

इस दौरान अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक श्री सचिन बघेल, श्री खूबचंद पारख, श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री संतोष अग्रवाल, श्री राजेन्द्र गोलछा, श्री सौरभ कोठारी, श्री भावेश बैद, श्री राधेश्याम गुप्ता, श्री अतुल रायजादा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, एसडीएम श्री खेमलाल वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास कुमार सिंह बघेल, अधीक्षण अभियंता नगर पालिक निगम श्री यूके रामटेके, सहायक संचालक शिक्षा विभाग श्री आदित्य खरे, जिला नोडल मण्डल परीक्षा श्री मनोज चौहान, जिला परीक्षा प्रभारी शिक्षा विभाग श्री अभिषेक श्रीवास्तव सहित अन्य स्थानीय वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

डीआरयूसीसी की बैठक में शामिल हुए राजेश शर्मा

रायपुर से रायगढ़ फास्ट लोकल ट्रेन फिर से चलाने रखी मांग

भाटापारा/नवप्रदेश। रायपुर रेलवे मंडल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (डीआरयूसीसी) की बैठक मंडल रेल प्रबंधक दयानंद की अध्यक्षता में शुक्रवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक में समिति सदस्य विधायक रायपुर-पश्चिम राजेश मूणत सहित डीआरयूसीसी सदस्य गण एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी और रायपुर मंडल के संबंधित वरिष्ठ अधिकारी गण शामिल हुए ।

बैठक में सर्वप्रथम समिति के सचिव एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने सभी सदस्यों का स्वागत परिचय कराते हुए डीआरयूसीसी मीटिंग के महत्व के बारे में विस्तार से बताया । उन्होंने कहा कि डीआरयूसीसी मीटिंग रेल प्रशासन एवं यात्रियों के मध्य सेतु का काम करने वाले सदस्यों की समिति है । मंडल रेल प्रबंधक श्री दयानंद की अध्यक्षता में हुई इस प्रथम बैठक में समिति के सदस्य राजेश शर्मा ने रेल और रेल यात्रियों के हित में कई महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी बात रखी। राजेश शर्मा ने अपनी बात रखते हुए अमृत भारत योजना के तहत भाटापारा स्टेशन में रुका हुआ निर्माण कार्य पुनः चालू करने ,एस्केलेटर सुविधा पुनःदेने,भाटापारा गुड्स शेड मार्ग की सड़क चौड़ीकरण करने, लगभग 2 वर्षो से बंद 68745/68746 रायपुर कोरबा लोकल को पुनः चालू करने,,अंचल की समस्त मेमू लोकल ट्रेनों के डिब्बों की संख्या 8 से बढ़ाकर 12 करने, सिकंदराबाद से रायपुर तक चलने वाली 3 दिवसीय 12771/12772 एक्सप्रेस को भाटापारा होते हुए बिलासपुर तक बढ़ाने,दुर्ग हटिया के मध्य चल रही स्पेशल ट्रेन 08185/08186 को नियमित ट्रेन के रूप में चलाने,पूर्व के वर्षों में चलाई गई रायपुर रायगढ़ फास्ट मेमू लोकल ट्रेन को पुनः चालू करने तथा रेल डिविजन के विभिन्न स्टेशन में कोरोना काल के पूर्व रुक रही उन ट्रेनों का स्टॉपेज पुनः बहाल करने की बात रखी है। उक्त सभी बिंदुओं पर सार्थक रूप से विचार विमर्श हुआ और श्री शर्मा ने भरोसा जताया कि भाटापारा स्टेशन में अमृत भारत योजना के तहत चल रहा विकास का कार्य पुनः चालू होगा,इसके अलावा यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एस्केलेटर की सुविधा भी फिर से शीघ्र चालू होगी।इस अवसर पर बैठक में अपने संबोधन में मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने कहा कि रायपुर मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति द्वारा समय समय पर प्राप्त होने वाले सुझाव अति महत्वपूर्ण है।

भागवत महापुराण में श्री कृष्ण जन्म उत्सव पर झूमे श्रोतागण

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम उमरगांव में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन हो रहा है जिसमें चतुर्थ दिवस पर श्री कृष्ण जन्म उत्सव पर गीत पर श्रोतागण झूमने लगे साथ ही वासुदेव जी ने सुपा में बालक को लेकर आये जिससे लोगों में हर्षोल्लास रहा। महाराज जय शर्मा जी द्वारा तिल लड्डू और चाकलेट वितरण किया गया। प्रतिदिन दानदाताओं द्वारा भोजन व्यवस्था की गई है।

डीडब्ल्यूपीएस के विद्यार्थियों को मिला 'इनवेंट्री रोबोट' का पेटेंट

नवाचार के क्षेत्र में रचा इतिहास

भाटापारा/नवप्रदेश। खमरिया भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए 'इनवेंट्री रोबोट' के लिए पेटेंट प्राप्त किया है। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे शैक्षणिक जगत के लिए गर्व का विषय बनी हुई है। इस सफलता से छात्रों का उत्साह दोगुना हो गया है, और विद्यालय में हर्ष का माहौल है।इस पेटेंट को कक्षा नौवीं के मेधावी छात्र अर्नव मोदी, क्षितिज शर्मा, सक्षम मिश्रा, संस्कार गोयल और विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश पोपट ने अपने नवाचार और कठोर परिश्रम से प्राप्त किया। इस पूरी प्रक्रिया में विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश पोपट का अमूल्य मार्गदर्शन रहा। उन्होंने छात्रों को अनुसंधान की दिशा में प्रेरित किया और उन्हें तकनीकी सहायता प्रदान की। उनके नेतृत्व में छात्रों ने इस अभिनव परियोजना को साकार किया। इस 'इनवेंट्री रोबोट' को आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए इनवेंट्री मैनेजमेंट को स्वचालित और कुशल बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है।



इससे गोदामों, सुपरमार्केट, लॉजिस्टिक्स और अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में सामान को सुव्यवस्थित तरीके से प्रबंधित करने में सहायता मिलेगी। यह रोबोट स्वचालित रूप से इनवेंट्री का निरीक्षण कर सकेगा, स्टॉक की गणना कर सकेगा और आवश्यक डेटा प्रदान करेगा, जिससे

अब प्रोटोटाइप निर्माण की ओर छात्र आगे बढ़ सकेंगे। पेटेंट मिलने के बाद, अब छात्र इसके प्रोटोटाइप निर्माण की दिशा में कार्य करेंगे। यह उनके तकनीकी कौशल को और मज़बूत करेगा और उन्हें वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा।

विद्यालय के प्रबंधक अश्विनी शर्मा और संदीप गोयल ने छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

छोटे भाई ने बड़े भाई को उतारा मौत के घाट

मामला नगरी से 2 किमी की दूरी पर स्थित ग्राम छिपली की घटना

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकास खण्ड के गांव छिपली कि घटना शनिवार को रात है,खाना बनाने को लेकर हुआ दोनों भाई के बीच में हुआ झगड़ा हुआ । झगड़ा इतना बड़ा की दोनों के बीच हाथापाई हुई। जिसमें छोटे भाई ने बड़े भाई बड़े के सर में पत्थर से मारा सर में चोट लगने से बड़ा भाई घायल हो गया।और वहीं पर गिर गया और छोटे भाई को भी चोट आने से इलाज कराने अस्पताल गया इलाज। इलाज करा कर वापस जब घर पहुंचा बड़े भाई की स्थिति गंभीर था देख उसे भी रात को नगरी के शासकीय अस्पताल में लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने मृत्यु घोषित किया प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम छिपली के नवज्योति टिकरापारा की चिंताराम नवरंग का बड़े लड़के कन्हैया लाल नवरंग उम्र 42 साल का छोटे भाई पानेश कुमार नवरंग उम्र 40 साल के साथ झगड़ा हुआ छोटे भाई ने पत्थर से सर मे मारा दिया ज्यादा ब्लेडिंग होने के कारण बड़े भाई कन्हैया लाल नवरंग का मौत हो गया ।नगरी में पोस्टमार्टम होने के बाद पता चला कि सर में गहरा चोट लगने से काफी खून बहन के चलते हुआ मौत। पुलिस पुलिस जांच जुटी हुई है छोटे भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ।

वैदिक मंत्रोच्चारण, शंखनांद और ईश्वर की शपथ के साथ अध्यक्ष और पार्षदों ने पद, गोपनीयता की शपथ ली

स्वच्छ-सुंदर और विकसित कवर्धा शहर की परिकल्पनाओं को साकार किया जाएगा - विजय शर्मा

कवर्धा/नवप्रदेश । कवर्धा नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी सहित पार्षदों को बहुत ही यादगार और अनोखे अंदाज में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कबीरधाम जिले के सभी प्रसिद्ध मंदिरों के पुजारियों के वैदिक मंत्रोउच्चार, शंखनांद और ईश्वर की शपथ के साथ शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडेय और विशेष रूप से आमंत्रित श्री राजीव लोचन जी महराज विशेष रूप से उपस्थित थे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अध्यक्ष सहि सभी पार्षदों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर अतिथियों ने सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, मोतीराम चंद्रवंशी, पूर्व विधायक अशोक साहू, राजेन्द्र चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला भट्ट, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, कैलाश चंद्रवंशी, डॉ. वीरेन्द्र साहू ईश्वरी साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, श्रीमती देवकुमारी चंद्रवंशी, गोपाल साहू, श्रीमती सतविंदर पाहुजा, क्रांती गुप्ता सहित समस्त जनप्रतिनिधि, मंदिर के पुजारी, समाज प्रमुख, स्व सहायता समूह की दीदीया, कवर्धा शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शपथ ग्रहण समारोह के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी की कार्यशैली और उनके समर्पण की सराहना की। विजय शर्मा ने कहा कि वे एक जननेता हैं और युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत के रूप में उभरे हैं। उनका कार्य केवल राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्होंने कवर्धा शहर के प्रत्येक वर्ग युवाओं, बुजुर्गों, माताओं-बहनों, व्यापारियों सहित सभी समुदायों के साथ मिलकर काम किया है। वे ऐसे मिलनसार नेता हैं, जिन्होंने प्रचंड मतों से चुनाव जीतकर अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। जिस दिन चुनाव परिणाम आया, उस दिन सुबह से ही कवर्धा शहर की सड़कों पर काम करते हुए दिखाई दिए थे। यह उनके समर्पण और मेहनत का प्रतीक है। वे हमेशा शहर के व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए चिंतित रहते हैं और इस समय भी वे शहर के विकास के मुद्दों पर सोच-विचार कर रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में कवर्धा नगर पालिका में बहुत सकारात्मक बदलाव आएगा। कबीरधाम जिले के सभी नगरीय निकायों में जनादेश के साथ ट्रिपल इंजन की सरकार बनगी है। अब और तेज गति के साथ पूरे जिले का जन आकांक्षाओं के साथ समुचित विकास की अवधारणाओं के पूरा किया जाएगा। कवर्धा नगर पालिका में व्यवस्थागत सुधार होंगे और यहां की नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कवर्धा में बड़ी परियोजनाओं का कार्य तेजी से चल रहा है। कई करोड़ों रुपए की विकास कार्य चल रहें है, जो शहर के विकास को नई दिशा देने में सहायक होंगी। उन्होंने यह भी बताया कि विष्णुदेव सरकार ने कवर्धा में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत की है, जिससे शहर के नागरिकों को और भी बेहतर जीवन की सुविधाएं मिल सकेंगी। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी को इस नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में आने वाले समय में कवर्धा को एक बेहतर, स्वच्छ और विकसित नगर बनाने का विश्वास जताया।

न्यूज गैलरी

देवांगन समाज ने मुक्तिधाम निर्माण कार्यों का जायजा लिया

मुंगेली/नवप्रदेश। देवांगन समाज के मुक्तिधाम में निर्माण कार्य लगातार किया जा रहा है। इस दौरान देवांगन समाज के अध्यक्ष आनंद देवांगन अधिवक्ता सहित समाज के सक्रिय सदस्य मुक्तिधाम पहुंचे और निर्माण कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुक्तिधाम के सौंदर्यीकरण व निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की समझौता नही करने की बात कही। इस अवसर पर प्रदेश देवांगन समाज उपाध्यक्ष विष्णु देवांगन, मीडिया प्रभारी कोमल देवांगन और सक्रिय सदस्य नानू देवांगन मौजूद रहे।

सोम वर्मा को पुष्पांजलि अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी मुंगेली के महामंत्री एवं पूर्व पार्षद सोम वर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके 2 मिनट का मौन धारण किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने उन्हें याद करते हुए कहा कि वर्मा सरल एवं कर्मठ व्यक्तित्व के धनी थे। उनके असमय निधन से एक बडी क्षति हुई है जो अपूर्णीय है। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा ने उन्हें याद करते हुए कहा उनका निधन एक बडी क्षति है। इस अवसर पर घनश्याम वर्मा, संजीत बनर्जी, चंद्रभान बारमते, श्याम वर्मा, स्वतंत्र मिश्रा संजय यादव, थानेश्वर साहू, दीपक गुप्ता, जैतराम खांडे, दिलीप बंजारा,सागर सोलंकी,अरविन्द वैष्णव संजय जायसवाल एजाज खोखर मनोज सोनकर श्रवण सोनकर अजय साहू, याकूब अली, राजा मानिक, जित्तू श्रीवास्तव उर्मिला यादव, मंजू शर्मा, मोना नागरे नूरजहाँ, निधी सिंह ठाकुर दादू मल्हा, कलेश्व गर्ग, रमेश सिंह राजपूत, बशीर शेख, पुष्पा धृतलहरे, राहुल रुपवानी, साधना वर्मा, शिव कुमार, रवि प्रकाश, मकबूल खान, अरुण कुलमित्र, संदीप यादव शत्रुघ्न सोनकर रवि वर्मा, नवनीत शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

प्रधान आरक्षक मनहरण को दी विदाई

रायगढ़/नवप्रदेश। पुलिस विभाग में दीर्घकालिक सेवा के बाद प्रधान आरक्षक मनहरण सिदार सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर रक्षित केंद्र रायगढ़ में पुलिस विभाग की परंपरा अनुसार उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने सेवानिवृत्त प्रधान आरक्षक मनहरण सिदार को शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया और विभाग में उनके योगदान के लिए आभार प्रकट किया। इस दौरान एसपी ने मुख्य लिपिक मनोरमा बहिदार से पेंशनर को मिलने वाले सभी देय लाभों की जानकारी ली और सेवानिवृत्त प्रधान आरक्षक को आश्वस्त किया कि किसी भी विभागीय अथवा व्यक्तिगत समस्या पर वे बेझिझक पुलिस कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

जिपं सीईओ ने पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा की

शासन की योजनाओं को योजनाबद्ध तरीके से क्रियान्वयन करने निर्देश

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा की। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विभाग द्वारा संचालित योजनाएं मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के कार्यों एवं मछली पालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा कर प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने जिले के ग्रामीण इलाकों के विकास हेतु संचालित निर्माण कार्यों को तेज गति से संचालित करने और नियमित मॉनिटरिंग करने के साथ ही निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए।उन्होंने जिले में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजनान्तर्गत स्वीकृत आवास को समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ तोमर ने प्रधानमंत्री आवास की समीक्षा करते हुए कहा कि योजना अंतर्गत प्रथम किस्त प्राप्त हितग्राहियों को आवास निर्माण जल्द से जल्द प्रारंभ कर प्लिंथ स्तर तक पूर्ण करने प्रेरित करें।

साथ ही लक्ष्य के अनुरूप दैनिक प्रगति में सुधार व भौतिक प्रगति के अनुरूप हितग्राहियों को अगली किस्त तत्काल जारी किये जाने हेतु निर्देश दिए।उन्होंने ग्रामीण

यांत्रिकी अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आवास निर्माण हेतु सामग्री की उपलब्धता एवं तकनीकी मार्गदर्शन हेतु उपअभियंताओं को जिम्मेदारी दी गई है, सभी आपस में समन्वय करते हुए कार्यों में प्रगति लाना सुनिश्चित करेंगे। जिला पंचायत सीईओ तोमर ने कहा कि जिले को वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवास निर्माण हेतु अब तक की वृहद लक्ष्य 55 हजार 366 प्राप्त हुई है। जिसमे से 40 हजार 434 की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने वृहद लक्ष्य को पूर्ण किये जाने हेतु ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक के अधिकारियों , कर्मचारियों को जिम्मेदारीपूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए निर्धारित समयावधि में कार्यों को पूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि आवास निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। उन्होंने बैठक में आवास को गुणवत्ता के साथ 30 मार्च तक , मनरेगा के अंतर्गत90 मानव दिवस सृजन करते हुए प्राथमिकता से पूर्ण कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा- निर्देश भी दिए गए । उन्होंने पीएम-जनमन योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति (च्अज्ळ) के वर्ग हेतु 3040 स्वीकृत आवासो को समय-सीमा मे पूर्ण कराये जाने हेतु जनपद सीईओ को योजनाबद्ध तरीके से शीघ्रता से कार्य करने हेतु निर्देशित किया। जिला पंचायत सीईओ ने मत्स्य विभाग से विभागीय गतिविधियों की जानकारी ली और ग्राम पंचायतों में स्थित तालाबो को मछली पालन हेतु लीज पर देने व मत्स्य विभाग की गतिविधि को बढ़ाने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए स्वच्छता के कार्यों को प्रमुखता के साथ करने कहा है। साथ ही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी, जनपद सीईओ, उपसंचालक मत्स्य विभाग, एसडीओ आरईएस, सब इंजीनियर, पीओ मनरेगा, विकासखण्ड समन्वयक, समस्त तकनीकी सहायक सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की

भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में किया गया पुतला दहन

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तानाशाहीपूर्ण कार्यवाही और केंद्र की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में जिला/ शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान मे पुतला दहन का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, समस्त ब्लॉक अध्यक्षगण एवं पदाधिकारीगण, वरिष्ठ कांग्रेसजन, कार्यकर्ता, पूर्व विधायक, पूर्व प्रत्याशी, निगम-मंडल-प्राधिकरण के पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारीगण, नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षदगण, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत के पदाधिकारी सदस्य एवं सरपंच, महिला कांग्रेस, सेवादल, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सभी अनुषांगिक संगठन, मोर्चा, विभाग, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, जोन, सेक्टर एवं बूथ स्तर के पदाधिकारी समलित हुए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष

घनश्याम वर्मा ने कहा कि जिस प्रकार की तानाशाही और जनता की आवाज आवाज दबाने का जो कार्य किया जा रहा है हम इसका विरोध करते है, प्रदेश कांग्रेस कमेंट के निर्देश पर उक्त कार्यक्रम को रखा गया था। जिसमें बडी संख्या मे हमारे कार्यकर्ताओ ने एक जुट होकर हिस्सा लिया। आनेवाले वाले समय मे जनता ऐसे तानाशाही कार्यवाही का जवाब देगी। वही शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा ने कार्यक्रम मे आये सभी कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर घनश्याम वर्मा, संजीत बनर्जी, चंद्रभान बारमते, श्याम वर्मा, स्वतंत्र मिश्रा संजय यादव, थानेश्वर साहू, दीपक गुप्ता, जैत राम खांडे, दिलीप बंजारा, सागर सोलंकी, अरविन्द वैष्णव संजय जायसवाल एजाज खोखर मनोज सोनकर श्रवण सोनकर अजय साहू, याकूब अली, राजा मानिक, जित्तू श्रीवास्तव श्रीमती उर्मिला यादव, मंजू शर्मा, मोना नागरे नूरजहाँ, निधी सिंह ठाकुर दादू मल्हा, कलेश्व गर्ग, रमेश सिंह राजपूत, बशीर शेख, पुष्पा धृतलहरे, राहुल रुपवानी, साधना वर्मा, शिव कुमार, रवि प्रकाश, मकबूल खान, अरुण कुलमित्र, संदीप यादव शत्रुघ्न सोनकर रवि वर्मा, नवनीत शुक्ला उपस्थित रहे।

भाजपा व संघ कार्यालय के लिए कहां से पैसा आया ईडी जांच करे : कांग्रेस

सक्ती/नवप्रदेश। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा विगत दिनों कॉग्रेस पार्टी के मुख्यालय राजीव भवन में रेड मारी गई तथा कॉग्रेस नेताओं के जासूसी कराने के विरोध में कॉग्रेस जनो द्वारा कचहरी चौक पर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया इस अवसर पर महिला कॉग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष अलका जायसवाल ने कहा कि देश भर में सर्वसुविधायुक्त भाजपा और आरएसएस के कार्यालय बनाये गए है हिम्मत हो तो ई डी जांच करके बताए नगर कॉग्रेस अध्यक्ष दिगम्बर चौबे ने कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर कई हथकंडे अपना कर कॉग्रेस नेताओं को परेशान किया जा रहा है पंचायत चुनाव में पूरे छत्तीसगढ़ में कॉग्रेस जनो ने पंच सरपंच जनपद सदस्य जिला पंचायत में जीत हासिल की हैं लेकिन प्रशासनिक डर से उन्हें दबाया जा रहा है विधायक प्रतिनिधि कलेक्टर कार्यालय गिरधर जायसवाल ने कहा कि भाजपा को विकास कार्य से कोई मतलब नहीं साम्प्रदायिक सौहार्द विगाड़ कर लोगों को भ्रमित कर रही हैं पुतला दहन के अवसर पर नगर कॉग्रेस अध्यक्ष दिगम्बर चौबे अलका जायसवाल राकेश रोशन महन्त विधायक प्रतिनिधि पिंटू ठाकुर विधायक प्रतिनिधि सम्मे लाल गवेल अधिवक्ता पीयूष राय मनोज जायसवाल गिरधर जायसवाल अरविंद भरद्वाज लव सोनी सचिव पटेल चांदनी सहिस महन्त दुर्गा साहू सहिस सहित कॉग्रेस जनो ने उपस्थित होकर भाजपा सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए पुतला जलाया गया जलते हुए पुतले को बाद में पुलिस ने पानी से बुझाकर अपने कब्जे में लिया।

ट्रेलर-बोलेरो में टक्कर एक घायल,किया रिफर

लखनपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय राजमार्ग 130 बिलासपुर अम्बिकापुर मुख्य मार्ग हादसों का सड़क बनता जा रहा है। तेज़ रफ़्तार वाहन यमदूत बन दौड़ रहें हैं।

इसी कड़ी में ग्राम नवापारा के पास ट्रेलर एव बोलेरो में जबरदस्त तरीके से टक्कर हो गई जिसमें बोलेरो चालक जगदीश साहू उम्र 40 वर्ष जिला कोरबा को जिस्मानी गंभीर चोटें आई हैं प्रत्येक्ष दर्शीयो ने घटना की सूचना थाना लखनपुर में दी पुलिस टीम मौके पर पहुंच घायल को प्राथमिक उपचार कराने लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई। डाक्टरों ने घायल की नाजूक हालत को देखते हुए तत्काल अम्बिकापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। दुर्घटना कारित ट्रेलर को जप्त कर थाने में खडा करा दिया है तथा चालक को पकड़ लिया है। बताया जा रहा है बोलेरो चालक कोरबा से अम्बिकापुर की ओर जा रहा था तब यह घटना हो गई। बोलेरो वाहन क्षति ग्रस्त हो गया है। फिलहाल राष्ट्रीय राजमार्ग 130 में रफ्तार पर कोई नियंत्रण नहीं रहा है। जिससे हादसों का ग्राफ दिन-ब-दिन बढ़ने लगी है।

केंद्रों में परीक्षाएं शांतिपूर्ण हो रही संचालित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित की जाने वाली हायर सेकण्डरी स्कूल मुख्य परीक्षा 01 मार्च को हिन्दी विषय से परीक्षा प्रारंभ हो गई है। 71 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार कलेक्टर द्वारा गठित उड़नदस्ता दल द्वारा शा.उ.मा.वि. नगरपालिक निगम, मल्टीपरपज, विवेकानंद, कन्या शा.उ.मा.वि. अम्बिकापुर, कन्या शा.उ.मा.वि. उदयपुर, बालक शा.उ.मा.वि. उदयपुर, सलका, वंदना एवं भूसू में निरीक्षण किया गया। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी अम्बिकापुर से गठित दल द्वारा शा.उ.मा.वि. डांडगांव, खम्हरिया एवं लटोरी का निरीक्षण किया गया।

नपा उपाध्यक्ष पद को लेकर मुंगेली में सियासी सरगर्मी तेज

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर पालिका उपाध्यक्ष पद को लेकर मुंगेली में सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। नगर पालिका द्वारा उपाध्यक्ष के चुनाव हेतु समय सारणी घोषित कर दी गई है 7 मार्च को नगर पालिका कार्यलय मे नव निवार्चित सदस्यों की उपस्थिति मे चुनाव सम्पन्न कराया जाएगा।

कांग्रेस के पास बहुमत होने के बावजूद उपाध्यक्ष पद की राह इतनी आसान नहीं दिख रही, क्योंकि भाजपा भी पूरे दमखम के साथ मैदान में उतर चुकी है। जिला मुख्यालय के नगर पालिका मे आयोजित होने वाले चुनाव में कुल 22 वार्ड है, जिसमें से कांग्रेस के 11, भाजपा के 10 और 01 निर्दलीय पार्षद हैं। अध्यक्ष पद कांग्रेस के खाते में जाने के बाद अब उपाध्यक्ष पद पर किसका कब्जा होगा, इस पर सभी की निगाहें टिकी हैं।'कांग्रेस से प्रमुख दावेदारो मे सूरज यादव है श्री यादव पहली बार चुनाव लड़े और भाजपा के गढ़ शिवाजी वार्ड में कांग्रेस का परचम लहराया। इसके अलावा कांग्रेस के अरविंद वैष्णव है, वे कांग्रेस के मजबूत नेता माने जाते है,श्री वैष्णव 5 बार पार्षद रह चुके हैं और तीन अलग-अलग वार्डो से जीत चुके हैं।कांग्रेस के ही गौरी श्रवण सोनकर भी प्रमुख दावेदार है,नगर पालिका के इतिहास में अब तक कोई महिला उपाध्यक्ष नहीं बनी, जिससे उनका नाम भी चर्चा में है। 'भाजपा से प्रमुख दावेदारो मे जितेंद्र दावड़ा लगातार दूसरी बार पार्षद बने, सरल स्वभाव के कारण वरिष्ठ नेताओं की पसंद माने जा रहे हैं। मोहन मल्लाह पूर्व उपाध्यक्ष, शांत स्वभाव के नेता हैं और अनुभव रखते हैं। जय प्रकाश मिश्रा इन दिनो चर्चा में बने हुए हैं,अब देखना यह होगा कि निर्दलीय पार्षद किसका समर्थन करते हैं और क्या कांग्रेस अपनी ही पालिका में इस पद को सुरक्षित रख पाती है या भाजपा कोई सियासी उलटफेर कर देती है। आने वाले 07मार्च कों तस्वीर साफ हो जाएगी।

अवैध रेलवे टिकट बनाने वाला युवक गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। अवैध रूप से रेलवे टिकट बनाने वाले युवक को आरपीएफ ने घरघोड़ा से गिरफ्तार किया है। आरपीएफ पुलिस मुखबिर की सूचना के बाद कार्रवाई करने घरघोड़ा पहुंची। जहां स्थानीय पुलिस की मदद से टिकट बनाने वाले युवक को पकड़ा।

आरपीएफ पुलिस ने टिकट बनाने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग की। लेकिन फोटो कॉपी दुकान का संचालन करने वाले युवक ने वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाया। आरपीएफ ने पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के साथ टिकट बनाने में

उपयोग होने वाल डिवाइस भी जब्त किया है। रेलवे सुरक्षा बल रायगढ़ को मुखबिर से सूचना मिली कि घरघोड़ा नवापारा मंदिर चौक के पास स्थित मनोज कम्प्यूटर दुकान में टिकट बनाया जाता है।आरपीएफ टीम ने दोपहर 3 बजे दुकान में दबिश दी।

दुकान के संचालक से पूछताछ में अपना नाम मनोज निषाद निवासी टेंडा नवापारा बताया। रेलवे ई टिकट की जांच के लिए नोटिस देकर इलेक्ट्रानिक डिवाइस कम्प्युटर की जांच किया गया। जिसमें एक यूजर आईडी से 11 नगर रेलवे ई-टिकट बनाने की जानकारी मिली। ई टिकट बनाने के संबंध में वैध दस्तावेज मांगा गया। दुकान संचालक के द्वारा कोई भी वैध दस्तावेज नहीं दिखाया। उसने बताया की दुकान सव्या गुप्ता के नाम से है और पिछले 10 साल से किराया में लेकर ऑनलाइन, फोटो कॉपी का कर रहा है।

रेलवे ई-टिकट का काम 2 साल से कर रहा है। गिने चुने लोगों का प्रति टिकट 30 रुपए कमीशन लेकर बनाता था। आरपीएफ उप निरीक्षक संजय कुमार एस ने इस मामले रेलवे अधिनियम कि धारा 143 का कार्रवाई करते हुए इलेक्ट्रानिक डिवाइस जब्त किया है।

आयोजन | हमारे महापौर और पार्षद जनता के विश्वास पर खरा उतरेंगे

नगर पालिक निगम अंबिकापुर के नवनिर्वाचित महापौर व पार्षदों ने ली शपथ

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम अंबिकापुर पीजी कॉलेज हॉकी स्टेडियम में आज नवनिर्वाचित महापौर एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर विलास भोसकर ने नवनिर्वाचित महापौर मंजूषा भगत एवं पार्षदों को 8-8 के समूह में शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने नव निर्वाचित महापौर मंजूषा भगत एवं पार्षदों को बधाई देकर नगर विकास के लिए शुभकामनाएं

दी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि नगर निगम अंबिकापुर के महापौर एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में हम सब साक्षी बने, कार्यक्रम में प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, मंत्री रामविचार नेताम एवं सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज एवं विधायकों की उपस्थिति में शपथग्रहण समारोह भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर उन्होंने कहा कि महापौर एवं पार्षदों के लिए जनता से बहुत बड़ा विश्वास मिला है। हमारे महापौर और पार्षद जनता के विश्वास पर खरा उतरेंगे, हमने जो अटल विश्वास पत्र जारी किया था उसे हमारी सरकार पूरा करेगी।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

खेत में काम कर रहे किसान को लगा करंट, बचाने आए दूसरे की भी मौत

रायगढ़/नवप्रदेश। खेत में काम करने के दौरान एक किसान सिंचाई के लिए लगाए पंप के खुले तार के संपर्क में आ गया। जिससे वह खेत में ही बेहोश होकर गिर गया। पास के खेत में काम कर रहा दूसरा किसान जब उसे देखने गया तो वह भी करंट की चपेट में आ गया। ग्रामीण को जब जानकारी लगी तो दोनों बेहोश किसान को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्रारंभिक जांच में ही मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद पुसौर पुलिस मामले दर्ज कर जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार सीताराम सिदार (44), सुभाष निषाद (55) शनिवार की सुबह साढ़े 10 बजे अपने अपने खेतों में काम कर रहे थे। इसी दौरान सीताराम के खेत में सिंचाई के लिए लगाए बोर पंप का तार टूटा हुआ था। खेत में दवा छिड़काव के दौरान सीताराम खुले तार की चपेट में आ गया और वह खेत में बेहोश होकर गिर गया। सीताराम की खेत के बगल में सुभाष निषाद का खेत है जहां वह खेतों में कीटनाशक का छिड़काव कर रहा था।

ऐसे आयोजनों में शामिल लोगों पर जुर्माना व वाहन भी होंगे जब्त

सड़कों पर जन्मदिन, पार्टियां व किसी भी निजी आयोजनों पर प्रतिबंध

बिलासपुर/नवप्रदेश। सार्वजनिक स्थलों पर जन्मदिन मनाने सहित अन्य यातायात को बाधित करने वाले कार्यक्रमों पर पुलिस अब कड़ी कार्रवाई करेगी। इसी कड़ी में आज एसपी रजनेश सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे ने यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध जिला यातायात पुलिस बिलासपुर द्वारा मोटरयान अधिनियम के तहत सघन कार्रवाई की जा रही है।

कई बार ऐसा भी देखने मे मिलता है कि कुछ जगहों पर बिना सम्बन्धित विभाग के परमिशन लिए अनाधिकृत रूप से कहीं पर भी जन्मदिन मनाने, भंडारा लगाने एवं अन्य प्रयोजन से पंडाल आदि लगा दी जाती है जिससे सार्वजनिक आवागमन के मार्ग अवरुद्ध होने के साथ-साथ आम जनमानस को अपने गंतव्य तक जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उक्त परेशानियों को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ कार्यालय से लगातार दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन प्राप्त हो रहे हैं कि ऐसे आयोजनों पर अभिलंब प्रतिबंध लगाई जाए एवं इन पर मोटर व्हीकल एक्ट, एंटी अप्रोचमेंट एक्ट, नगर पालिका अधिनियम के सुसंगत अधिनियमों के तहत तथा भारतीय न्याय संहिता के सुसंगत धाराओं के तरह सख्त दंडात्मक कार्यवाही किया जाए ताकि सार्वजनिक प्रयोजन के लिए बनाई गई सड़कों पर आवागमन निर्बाध रूप से संचालित संचालित हो सके और किसी भी व्यक्ति को आवागमन के दौरान अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। ज्ञातव्य हो कि सार्वजनिक स्थल पर किसी भी प्रकार के आयोजन हेतु विधिवत रूप से संबंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने एवं विधिवत विशेष शर्तों के अनिवार्य रूप से अनुपालनीय कंडिकाओ के साथ अनुमति मिलने पश्चात ही आयोजन संपादित किया जाता है परंतु कई बार यह देखने में आता है कि सार्वजनिक मार्ग को निजी उपयोग हेतु न किसी प्रकार की परमिशन ली जाती है नहीं संबंधित विभाग को इस संबंध में सूचना प्राप्त होता है।

यातायात बाधित करना अपराध की श्रेणी में

अनुमति प्राप्त होने पर दिए गए निर्देश और विशेष शर्तों का पालन नहीं किया जाता जिसके कारण कई बार अव्यवस्था की स्थिति बनती है पुनः विदित हो कि ऐसे आयोजनों के संबंध में यातायात विभाग को जानकारी प्राप्त होने की स्थिति में पूर्व से ही यातायात के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समुचित रूप से पूर्व निर्धारित ड्यूटी लगाई जाती है क्योंकि यातायात को निर्बाध रूप से संचालित करने हेतु डायवर्सन प्लान, पार्किंग एवं अन्य तात्कालिक व्यवस्था तैयार किया जाता है परंतु किसी भी प्रकार के सार्वजनिक मार्ग पर आकस्मिक आयोजन की स्थिति में वाहनों की कतार लगने की संभावना बन जाती है मार्ग को किसी के द्वारा अवरुद्ध करना अपराध के श्रेणी में आता है।

> इस संबंध में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान एवं पूरे वर्ष भर लगातार यातायात जन जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरुक भी किया जा रहा है परंतु फिर भी इस तरह की अवांछित गतिविधियों समय-समय पर शहर में दिखाई देती है, जिस पर शासन से निर्देश प्राप्त हुआ है। अतः लोगों से अपील है कि किसी भी आयोजन के दौरान यातायात व्यवस्था बाधित न हो इस बात का समुचित ध्यान रखें।
>
> **रामगोपाल करियारे**
> **यातायात**
> **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक**

न्यूज गैलरी

मंदिर में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। मंदिर से सामान शिवलिंग में लगे तांबे के नाग एवं कलश चोरी करने वाले आरोपी को सीपत पुलिस ने गिरफ़्तार किया है। पुलिस के अनुसार सीपत थाना क्षेत्र में गांव के मंदिरों से पीतल का नाग सांप, लोटा, घंटी, पीतल का त्रिशूल, बाल्टी एवं मंदिर का अन्य सामग्री चोरी हो रहा है कि सूचना मिल रही थी। इसी तारतम्य में 28 फरवरी को प्रार्थी कुंजराम पटेल थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम कर्रा के बंधवा तलाब के पास शिव मंदिर स्थित है मंदिर में शिवलिंग स्थापित है जो रात्रि में कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा शिवलिंग में लगे तांबे के सर्प एवं तांबे के कलश, त्रिशूल, घंटी अन्य सामग्री कीमती 35,000 रूपये को चोरी कर ले गया सूचना पर थाना सीपत में अपराध क्रमांक 126/2025 धारा 331(4), 305(ए), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उक्त घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियो को दिया गया जिस पर अज्ञात आरोपी को तत्काल धर पकड़ करने की दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये पूर्व में चोरी के आरोपी अमन साहूं को हिरासत में लेकर हिकमत अमली से पूछताछ किया गया जो घटना को अर्जून देवार के साथ मिलकर रात्रि में ग्राम गुड़ी, कर्रा धनिया का राम मंदिर में चोरी करना स्वीकार किया।

क्षेत्रीय स्तर पर हर शनिवार और संभागीय स्तर पर सप्ताह में तीन दिन होगी कार्रवाई

बिजली बिल नहीं पटाने वालों की खैर नहीं, 54 घरों-दुकानों का कटा कनेक्शन

बिलासपुर/नवप्रदेश। अब बिजली बिल नहीं पटाने वालों की खैर नहीं। बिजली विभाग ने बीते शनिवार अलग-अलग 8 टीम बनाकर 103 लोगों से करीब 17 लाख की वसूली की और 54 लोगों की बिजली बिल जमा नहीं करने के कारण कनेक्शन काट दी।

क्षेत्रीय स्तर पर हर शनिवार को और संभागीय स्तर पर सप्ताह में तीन दिन बकाया बिजली बिल वसूली करने बिजली विभाग ने अभियान तेज कर दी है। अब उन उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ेंगी जो लंबे समय से बिजली बिल नहीं पटा रहे हैं और मुफ्त में सुविधा का लाभ ले रहे हैं। शहर में कई ऐसे बकाएदार हैं जो लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं किए हैं। विभाग में इनकी लगातार शिकायतें भी आ रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए मुख्य अभियंता श्री अम्बष्ट ने निर्देश जारी किया है कि हर शनिवार को अलग-अलग टीम बनाकर क्षेत्रीय स्तर पर और सप्ताह में कम से कम तीन दिन संभागीय स्तर पर बकाया बिजली बिल की वसूली की जाए। इसी कड़ी में गोलबाजार जोन में श्री मुख्तार के अगवाई में अलग-अलग 8 टीमें बनाई गई थीं, जो 188 उपभोक्ताओं से संपर्क किया जिनसे करीब 37 लाख 53 हजार 432 रुपए की वसूली करना है, लेकिन 103 लोगों से ही 17 लाख 1 हजार 90 रुपए की वसूली हो पाई और 54 लोगों ने बिल जमा नहीं किया जिसके कारण टीम द्वारा उनके घर बिजली काट दिया गया। इनसे करीब 16 लाख 73 हजार 714 रुपए की वसूली की जानी है।

> लोगों से अपील है कि बकाया बिजली बिल की राशि तत्काल जमा करें और कोई कानूनी कार्रवाई से बचें। समय पर यदि बिजली बिल जमा नहीं की जाती है तो विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई करेंगे। समय पर बिजली बिल भुगतान करने से उपभोक्ता को ही लाभ मिलता है।
>
> **सैय्यद मुख्तार**
> **कार्यपालन यंत्री, नगर संभाग पश्चिम (नेहरु नगर)**

जन औषधि की सस्ती दवा के प्रति लोगों को जागरूक करने जनजागरण रैली

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा बिलासपुर द्वारा कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेडक्रास अवनीश शरण के मार्गदर्शन में जन औषधि सप्ताह के अंतर्गत प्रथम दिवस जन औषधि की सस्ती दवा के प्रति आम जनों को जागरूक करने के उद्देश्य से जनजागरण रैली आयोजित की गई। रैली का आयोजन जिला अस्पताल परिसर से शहर के मुख्य मार्गों को भ्रमण करते हुए रिवर व्यू तक किया गया। रैली को डॉ अनिल गुप्ता सिविल सर्जन एवं अमरजीत सिंह दुआ कोषाध्यक्ष रेडक्रास प्रबंध समिति के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। श्री दुआ पूरे समय रैली में उपस्थित रहे रैली समापन के अवसर पर सौरभ सक्सेना ने आमजन को उद्बोधन दिया व श्री दुआ ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा चालू की गयी इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोग ले तथा आर्थिक स्थिति कमजोर होने पर कोई भी व्यक्ति दवा के अभाव में परेशान न हो। रैली का सफल संचालन आदित्य पांडेय एवं प्रणय मजूमदार नोडल अधिकारी जनऔषधि के द्वारा किया गया। रैली में लक्ष्मीनारायण मिश्रा, मनीष मिश्रा, सुशील राजपूत, आशीष गोविंद मिश्रा, मोहन वैष्णव, अंजू ठाकुर, दिनेश राठौर गीतेश्वरी चंद्रा, नेहा राय, रचना राय, ममता लहरे, साथ ही शहर में संचालित अन्य जन औषधि केंद्रों के प्रबंध एवं फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

एसपी के निर्देश पर तीन सवारी चलते पुलिसकर्मी का कटा ई-चालान

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन पर जिला यातायात पुलिस बिलासपुर द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में दीगर जिला से वीआईपी ड्यूटी में आये पुलिस के जवानों द्वारा शहर में वाहन तीन सवारी चलते हुए पाया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक श्री रजनेश सिंह के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा आई. टी. एम. एस. के माध्यम से तत्काल ही तीन सवारी का 500 का ई चालान जुर्माना भेजा गया। विदित हो कि 28 फरवरी को वाहन क्रमांक सीजी 10बीएम 3098 में पुलिस की वर्दी पहने हुए पुलिस के जवानों के द्वारा विभागीय कार्यों की शीघ्रता हेतु ट्रिपल सवारी दुपहिया वाहन चलाई जा रही थी जिसकी फोटो और वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल किया गया था और विभाग के चालानी कार्यवाही पर प्रश्न चिन्ह भी लगाने का प्रयास किया गया था परंतु यातायात विभाग के द्वारा पूर्व में भी विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारी जिन्होंने अनाधिकृत रूप से वाहन चालन के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन किया है उन पर मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी करवाई किया गया है आगे भी जिस भी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा इस तरीके की यातायात नियमों का अनदेखा या उल्लंघन किया जाएगा।

संकेतक चिन्हों को ध्यान में रखकर चलें

आम जनमानस के साथ-साथ विभिन्न शासकीय, अर्ध शासकीय विभागों एवं निजी संस्थानों में कार्यरत समस्त व्यक्तियों से यातायात जिला पुलिस ने अपील कि है कि वाहन चालन के दौरान यातायात नियमों का समुचित पालन करते हुए ही वाहनों का चालन करें एवं आवागमन के दौरान मार्गो में दिए गए संकेतक चिन्हों, स्पीड लिमिट्स के लिए दर्शाए गए सूचना पटल एवं मार्गो के सिग्नल संकेत, सुरक्षात्मक दिशा निर्देश बोर्ड आदि का विशेष रूप से ध्यान रखते हुए ही वाहन चलावे ताकि आम जनमानस में किसी भी प्रकार के कार्यवाही के सम्बंध में भ्रामक या असमानता का भाव न निर्मित हो और लोगों में वरिष्ठ कार्यालय के दिशा निर्देश पर की जा रही कार्यवाही में निष्पक्षता पारदर्शिता और स्पष्टता पर विश्वास सदैव बना रहे।

कबड्डी की पहली अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी बनी संजू देवी

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में खेल प्रतिभाओं को मिल रहे अच्छे अवसर और सुविधाएं। बिलासपुर के बहतराई खेल प्रशिक्षण केंद्र में कोरबा जिले की प्रशिक्षित कबड्डी खिलाड़ी संजू का चयन एशिया कबड्डी चैंपियनशिप के लिए। ईरान में आयोजित प्रतियोगिता में राज्य और देश का प्रतिनिधित्व करेंगी ।

तनावमुक्त अध्ययन ही सफलता की कुंजी: अमर

■ परीक्षा की सफलता पर विशेष संवाद

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर विधायक अमर अग्रवाल ने शनिवार को फेसबुक लाइव के दौरान प्रतियोगी,स्कूली और महाविद्यालय के छात्रों से संवाद किया। इस दौरान अमर अग्रवाल ने शिक्षकों और अभिभावकों के साथ ना केवल परीक्षा तैयारियों को लेकर बातचीत किया। बल्कि छात्रों को तैयारियों को लेकर जरूरी टिप्स भी दिया। शनिवार को नगर विधायक पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने फेसबुक लाइव के दौरान छात्र समेत अभिभावकों और शिक्षकों से संवाद किया। इस दौरान अमर अग्रवाल स्कूली और महाविद्यालय समेत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर चर्चा किया। उन्होने बताया कि सफलता में मेहनत और लगन की अहम भूमिका होती है। लेकिन इससे कहीं ज्यादा सुनियोजित रणनीति के साथ अध्ययन का होना बहुत ही जरूरी है। हमें लक्ष्य को सामने रखकर आगे बढ़ना होगा। अमर अग्रवाल ने कहा कि परीक्षा सिर्फ अंकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए और होती भी नहीं है। जीवन में सीखने की भूख का होना बहुत जरूरी है। सफलता में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास की भूमिका अहम् होती है। फिर लक्ष्य को हासिल करना भी आसान हो जाता है। अमर ने बोर्ड परीक्षाओं में शामिल हो रहे छत्तीसगढ़ के लाखों विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। जोर देते हुए कहा कि रटने से बेहतर विषय वस्तु को समझ कर पढ़ना चाहिए। आज अध्ययन की दुनिया करवट ले रही है।

गुरु महिमा पाठ व कबीर भजन के साथ संत समागम शुरु

कबीर कुटी में संत समागम समारोह आयोजित

करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। कबीर कुटी कोटसागर में दो दिवसीय कबीर संत समागम समारोह अत्यंत गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। प्रथम दिवस प्रातः काल महंत सुखमदास साहेब एवं कबीर कुटी के अध्यक्ष रविप्रकाश मानिकपुरी तथा ब्लाक अध्यक्ष भरतदास मानिकपुरी के द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किये तथा छेदीदास दीवान साहेब ने गुरू महिमा पाठ किया पश्चात् सुमिरन दास साहेब सिल्ली वाले एवं बोधीदास साहेब द्वारा कबीर भजन एवं ग्रंथ वाणी प्रस्तुत किए। दोपहर में भोजनावकाश के बाद बालम दास साहेब एवं संतोष दास साहेब द्वारा कबीर भजन एवं ग्रंथ वाणी मधुर स्वर में प्रस्तुत किए जिसे उपस्थित संत समाज ने बहुत सराहा। इसी प्रकार द्वितीय दिवस प्रातः काल महंत सुखमदास साहेब द्वारा गुरु महिमा पाठ कर कबीर भजन एवं ग्रंथ वाणी प्रस्तुत किया। पश्चात् जिला कोरबा पाली लाफा दादर से पधारे चंद्रशेखर दास साहेब द्वारा कबीर भजन प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में दोपहर नगर पंचायत कोटा के पूर्व अध्यक्ष अमृता प्रदीप कौशिक, पार्षद उषा बाबा गोस्वामी एवं कोटसागर वार्ड नं 13 के नव निर्वाचित पार्षद जब्बार खां शामिल हुए तथा चौका आरती कार्यक्रम का दर्शन कर समाज को संबोधित किए। इस अवसर पर नगर पंचायत कोटा के नव निर्वाचित अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू, पार्षद वेंकट अग्रवाल, पार्षद गिरिराज गोस्वामी एवं विवेक गुप्ता भी उपस्थित होकर सद्गुरु कबीर साहेब की चित्र पर माल्यार्पण कर चौका आरती का दर्शन किए तथा उपस्थित संत समाज को संबोधित किए सात्विक चौका आरती सम्पन्न होने के पश्चात् भोजन भंडारा कार्यक्रम हुआ जिसमें हजार भर लोगों ने भोजन ग्रहण किए।

जूनियर महिला डॉक्टर से यौन उत्पीड़न आरोपी डॉक्टर को जमानत नहीं

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला एवं सत्र न्यायालय ने जूनियर महिला डॉक्टर से छेड़छाड़ व यौन उत्पीड़न के आरोपी डॉ पंकज की अग्रिम जमानत आवेदन को खारिज किया है।

उल्लेखनीय है कि सिम्स मेडिकल कालेज की जूनियर महिला डॉक्टर के साथ मेडिसिन विभाग का एचओडी पंकज परीक्षा में कम अंक देने की धमकी देकर यौन उत्पीड़न कर रहा था। पीड़िता ने इसकी पहले सिम्स के विशाखा कमेटी से शिकायत की। इस पर कोई कार्रवाई नहीं होने एवं आरोपित की हरकत बढ़ने पर उन्होंने सीएम से शिकायत की। इसके बाद डीएन ने दिखावे की कार्रवाई की। पीड़िता ने मामले की सिटी कोतवाली थाना में रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने आरोपित डॉ पंकज के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। आरोपित ने गिरफ्तारी से बचने अग्रिम जमानत आवेदन पेश किया था। दूसरी ओर पीड़िता ने जमानत दिए जाने पर आपत्ति पेश की थी। न्यायालय ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपित की अग्रिम जमानत आवेदन को खारिज किया है।

विज्ञान दिवस

सीवीआरयू में मनाया गया विज्ञान दिवस

लीवर, थर्मोमीटर, प्लास्टिक, पॉलिथीन, व अन्य महत्वपूर्ण प्रयोग के बारे में दी जानकारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। विश्वविद्यालय में रमन सेंटर फॉर साइंस कम्युनिकेशन एवं फैकल्टी ऑफ़ साइंस के तत्वावधान में विज्ञान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित साइंस कम्युनिकेटर बृजेश दीक्षित विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने व्यावहारिक विज्ञान को सरल माध्यम से सभी के सामने रखा।

इस अवसर पर उन्होंने पदार्थ पर ताप का प्रभाव, लीवर, थर्मोमीटर, प्लास्टिक, पॉलिथीन, एवं कई अन्य महत्वपूर्ण प्रयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। गौरतलब है कि डॉक्टर सीवी रमन को 28 फरवरी '1928' को प्रकाश प्रकीर्णन की खोज में सफलता मिली थी इसी उपलब्धि के लिए सन 1930 में डॉक्टर सी वी रमन को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। सन 1987 में भारत सरकार के द्वारा प्रतिवर्ष रमन प्रभाव की उपलब्धियां पर 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 का थीम था- एंपावरिंग इंडियन यूथ फॉर ग्लोबल लीडरशिप इन साइंस इनोवेशन का विकसित भारतष् विषय पर रखा गया था। इस अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रवि प्रकाश दुबे ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी को विज्ञान की बुनियादी जानकारी मिलती है, और उनकी रुचि बढ़ती है। कार्यक्रम में रमन सेंटर फॉर साइंस कम्युनिकेशन के प्रमुख डॉ ए के श्रीवास्तव, डॉ रश्मि वर्मा, डॉ अमित शर्मा, डॉ रत्नेश तिवारी, डॉ विकास मिश्रा, डॉ राकेश कुमार यादव, डॉ यामिनी यादव, डॉ एसके तिवारी, डॉ आशुतोष पांडेय, डॉ आरके सिंह एवं अन्य प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

कार्यक्रम वनांचल क्षेत्र के लिए संजीवनी: तिवारी

कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय की कुल सचिव डॉ अरविंद तिवारी ने कहा कि यह आयोजन वनांचल के क्षेत्र के लिए संजीवनी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के संदर्भ में यह कार्यक्रम वैज्ञानिक प्रेरणा के रूप में उभरेगा। कार्यक्रम में अनुसंधान के अंतर्गत प्रोजेक्ट मॉडल भी विद्यार्थियों द्वारा तैयार किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता एकेडमिक डॉ जयंती चटर्जी ने विद्यार्थियों को शोध से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

न्यूज गैलरी

क्रूट्रिम से एक साल में बाहर हो गए कई अधिकारी-कर्मचारी, रिपोर्ट में किया दावा

नईदिल्ली। ओला समूह की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनी क्रूट्रिम में पिछले एक साले अधिकारी-कर्मचारियों के जाने का सिलसिला लगा हुआ है।इनमें नेतृत्व की भूमिका में रहे कम से कम आधा दर्जन अधिकारियों और एक दर्जन से अधिक अन्य कर्मचारियों की विदाई हुई है।अधिकांश स्टॉफ मार्च और नवंबर, 2024 के बीच हुए बाहर हुआ है। इनमें से कुछ ने फर्म में शामिल होने के एक साल के भीतर नौकरी छोड़ दी, जबकि कुछ पिछले महीनों में बाहर हुए हैं।रिपोर्ट के अनुसार, क्रूट्रिम छोड़ने वाले अधिकारियों में प्रोडक्ट उपाध्यक्ष विपुल शाह, एआई इंजीनियरिंग के प्रमुख के उपाध्यक्ष गौतम भार्गव और मशीन लर्निंग के निदेशक सम्राट साहा शामिल हैं।इसके अलावा उत्पाद प्रबंधन के निदेशक अचल कुमार मॉल, उत्पाद प्रबंधन के वरिष्ठ निदेशक मिखिल राज और उपाध्यक्ष अशोक जगन्नाथन भी चले गए हैं।नेतृत्व की भूमिका में रहने वाले इन अधिकारियों में से अधिकांश ने पिछले साल मार्च से नवंबर के बीच नौकरी छोड़ी है।कंपनी के एक अधिकारी के हवाले से रिपोर्ट में बताया है कि 7 अधिकारियों में से शाह, भार्गव और जैन वरिष्ठ प्रबंधन स्तर से थे, बाकी जूनियर से लेकर मध्य प्रबंधन स्तर तक के थे।सूत्रों ने पिछले साल रिपोर्ट दी थी कि मई, 2023 में ओला इलेक्ट्रिक के बिजनेस हेड रूप में लगाए गए रवि जैन ने कंपनी छोड़ दी थी। जैन के लिंक्डइन अकाउंट से पता चला है कि उन्होंने नवंबर में नौकरी छोड़ दी थी।

शेयर बाजार निवेशकों को विशेषज्ञ की राय, 'दीर्घावधि पर ध्यान देने का यही सही समय

नई दिल्ली। बाजार पर नजर रखने वालों के अनुसार, शॉर्ट-टर्म बिकवाली के बावजूद, मजबूत मैक्रो फंडामेंटल, आय वृद्धि और आकर्षक वैल्यूएशन ने मिलकर निवेशकों के लिए तात्कालिक अस्थिरता के बजाय दीर्घावधि अवसर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मौजूदा समय को महत्वपूर्ण बना दिया है।मैक्रो फ्रंट पर स्थितियां स्थिर बनी हुई हैं। राजकोषीय घाटा नियंत्रण में है, साथ ही कर कटौती से खपत बढ़ने की उम्मीद है। मुद्रास्फीति 4.31 प्रतिशत पर कम है और ब्याज दरों में कटौती शुरू हो गई है, जिससे आर्थिक विकास को समर्थन मिलना चाहिए।कैपिटलमाइंड रिसर्च में कृष्णा अप्पाला ने कहा, घरेलू निवेशक म्यूचुअल फंड में लगातार पैसा लगा रहे हैं, जिससे विदेशी बिकवाली के दबाव को कुछ हद तक कम किया जा सकता है। हालांकि बाजार के सटीक निचले स्तर को जान पाना मुश्किल है, लेकिन बहुत ज्यादा नेगेटिविटी अक्सर एक महत्वपूर्ण मोड़ का संकेत देती है।वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गई, जबकि वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में संशोधित आंकड़ा 5.6 प्रतिशत था।वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी वृद्धि दर अब 6.5 प्रतिशत अनुमानित है, जबकि 2023-24 के लिए आर्थिक विकास दर को संशोधित कर 8.2 प्रतिशत कर दिया गया है, जो 12 साल का उच्चतम स्तर है।विशेषज्ञों के अनुसार, भारत के वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के जीडीपी डेटा ने उम्मीदों को पूरा किया, जिसमें वित्त वर्ष के लिए मामूली संशोधन कर 6.5 प्रतिशत कर दिया गया।कृषि क्षेत्र ने तीसरी तिमाही में स्थिर वृद्धि दर्ज की, जो खरीफ फसल में संभावित सुधार का संकेत देती है, जो ग्रामीण खपत को बढ़ावा दे सकती है।जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, निवेशक प्रमुख आगामी घटनाओं जैसे टैरिफ पॉलिसी, यूएस कोर पीसीई प्राइस इंडेक्स और जॉबलेस दावों पर बारीकी से नज़र रखेंगे। निकट भविष्य में बाजार की स्थिति कमजोर रहने की उम्मीद है, जिसमें वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही से आय में सुधार और वैश्विक व्यापार नीति अनिश्चितताओं के कम होने के साथ धीरे-धीरे सुधार की उम्मीद है।विशेषज्ञों ने कहा कि बाजार हमेशा एक ही दिशा में नहीं चलते हैं।

मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आजादी के सौ साल पूरे होने की समय सीमा तय की

विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लिए सुधारों को लागू करने का दे रहा अवसर: आईएमएफ

संयुक्त राष्ट्र। भारत की विवेकपूर्ण नीतियों की सराहना करते हुए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के कार्यकारी बोर्ड ने कहा है कि देश का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लिए महत्वपूर्ण सुधारों को अपनाने में मदद कर सकता है।आईएमएफ द्वारा जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया, भारत का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल करने के लिए जरूरी अहम और चुनौतीपूर्ण संरचनात्मक सुधारों को लागू करने में मदद कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आजादी के सौ साल पूरे होने की समय सीमा तय की है। रिपोर्ट में आईएमएफ के कार्यकारी निदेशकों ने भारतीय अधिकारियों की विवेकपूर्ण व्यापक आर्थिक नीतियों और सुधारों की सराहना की, जिन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और एक बार फिर सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनाने में योगदान दिया है।रिपोर्ट में बताया गया कि भारत के वित्तीय क्षेत्र का स्वास्थ्य, मजबूत कॉरपोरेट बैलेंसशीट और अच्छा डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर दर्शाता है कि देश की वृद्धि दर मध्यम अवधि में तेज रहेगी। साथ ही जनकल्याण की योजनाएं भी जारी रहेंगी।रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया कि भू-आर्थिक विखंडन और धीमी घरेलू मांग से उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करते हुए, व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए उचित नीतियां जारी रखना आवश्यक है।इसके अलावा, रिपोर्ट में भारत द्वारा हाल ही में घटाए गए टैरिफ का भी स्वागत किया गया है। इससे देश की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी।पिछले महीने पेश किए गए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऑटोमोबाइल से लेकर शराब तक कई प्रकार के आयात पर टैरिफ कम कर दिया था।आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने कहा कि संरचनात्मक सुधार देश में उच्च-गुणवत्ता की नौकरियां पैदा करने और निवेश के लिए काफी जरूरी हैं।रिपोर्ट में आगे कहा गया कि भारत को लेबर मार्केट सुधारों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और महिला भागीदारी को लेबर फोर्स में बढ़ाना चाहिए।

इंडस्ट्री से छोटे निवेशकों के हितों की सुरक्षा करने और बाजार में उतार-चढ़ाव को कम करने का आग्रह किया

'एफआईआई' नहीं, घरेलू निवेशक तय करेंगे भारत का भविष्य : पीयूष गोयल

मुंबई। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने हाल ही में कहा कि भारत का भविष्य विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) नहीं, बल्कि घरेलू निवेशक तय करेंगे। उन्होंने इंडस्ट्री से छोटे निवेशकों के हितों की सुरक्षा करने और बाजार में उतार-चढ़ाव को कम करने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री गोयल ने जोर देकर कहा कि म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) करीब 70 लाख करोड़ रुपये हैं और जल्द ही 100 लाख करोड़ रुपये हो जाएंगी, जो बाजार पर हावी होंगी। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) समिट 2025 में अपने संबोधन के दौरान गोयल ने कहा कि म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री ने वित्तीय साक्षरता को प्रोत्साहित किया है और उद्योग और निवेशकों तक नए वित्तीय विचारों को पहुंचाकर भारत की विकास गाथा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।केंद्रीय मंत्री ने कोविड के बाद एफआईआई द्वारा पैदा की गई कमी को पूरा करने के लिए घरेलू निवेशकों की सराहना की।केंद्रीय मंत्री गोयल ने उपस्थित लोगों से कहा, घरेलू निवेशकों के साथ-साथ एसआईपी जैसे निवेश के तरीकों ने बाजार को सहारा दिया। उन्होंने देश के हर हिस्से में वित्तीय जागरूकता और वित्तीय उत्पादों को फैलाने में मदद की। बड़े पैमाने पर फंड का प्रवाह और निवेशकों के बीच आकर्षक शेयरों को खोने का डर राइटसाइजिंग के दौरान निवेशकों के बीच संकट लेकर आया। गोयल ने कहा कि बाजार की एकतरफा राह पर चलने की कभी न खत्म होने वाली क्षमता के बारे में बहुत सारी गलत सूचनाएं जारी हुई हैं। उन्होंने शेयर बाजार की अनिश्चितता को इंडस्ट्री और उसके छोटे निवेशकों के लिए एक वेक-अप कॉल बताया।उन्होंने जोर देकर कहा कि एएमएफआई को भी गुमराह निवेशकों को बाकी लोगों से अलग कर अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत होना चाहिए। हाल की उथल-पुथल के दौरान भी हिम्मत वाली कंपनियों ने शेयर बाजार में उचित मूल्य बनाए रखा है।गोयल ने कहा, बाजार के प्रति इंडस्ट्री के कर्तव्य और जिम्मेदारियां निवेशकों को अल्पावधि में मिलने वाले लाभदायक रिटर्न से कहीं अधिक हैं।उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी खर्च और निजी पूंजीगत व्यय में वापसी के संकेत मिल रहे हैं। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की अपने निवेशकों के प्रति जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताते हुए मंत्री ने प्रतिभागियों से निवेशकों को जोखिम लेने से सावधान करने में अधिक सतर्क रहने का आग्रह किया।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने उम्मीद जताई कि इस तरह की पहल अगले 22 वर्षों के लिए भारत की विकास गाथा को गति देने में मददगार होगी।

मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में भी मजबूत वृद्धि देखी

पीएलआई का असर! भारत ने शुरू किया हाई-एंड इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों का निर्यात

नई दिल्ली। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब देश से हाई-एंड इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों का निर्यात ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के लिए शुरू हो गया है।

केंद्रीय रेलवे, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर की पोस्ट में वैष्णव ने कहा कि सरकार घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों के लिए उपकरणों, सब-असेंबली और कैपिटल उपकरणों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने आगे लिखा कि भारत इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में नए आयाम छू रहा है।वैष्णव ने आगे कहा कि देश ने वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग गंतव्यों के लिए हाई-एंड इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों का निर्यात शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य इस सुनियोजित कदम के जरिए निर्यात हासिल करना और मूल्यवर्धन बढ़ाना है। देश में घरेलू स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने के लिए लाई गई प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) और मेक इन इंडिया पहल ने घरेलू स्तर पर उत्पादन बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम करने में मदद की है। इससे भारतीय मैन्युफैक्चरर्स को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में भी मदद मिल रही है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर भारत में डिजाइन और मैन्युफैक्चर किए गए लैपटॉप को दिखाया था।स्वदेशी लैपटॉप इलेक्ट्रॉनिक्स हार्डवेयर में देश की बढ़ती मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन क्षमता को दिखाता है।पिछले महीने, सरकार ने कहा था कि आईटी हार्डवेयर के लिए लाई गई पीएलआई 2.0 योजना के तहत 10,000 करोड़ रुपये का उत्पादन हुआ है और इसने लॉन्च के केवल 18 महीनों के भीतर 3,900 नौकरियां पैदा की हैं।देश के इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में पिछले एक दशक में मजबूत वृद्धि हुई है और कुल उत्पादन 2014 में 2.4 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024 में 9.8 लाख करोड़ रुपये हो गया है। भारत में मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में भी मजबूत वृद्धि देखी गई है, देश में उपयोग किए जाने वाले 98 प्रतिशत मोबाइल फोन अब घरेलू स्तर पर उत्पादित किए जा रहे हैं।

देश की प्रमुख इंडस्ट्रीज की वृद्धि दर जनवरी में 4.6 प्रतिशत रही

नई दिल्ली। देश की आठ प्रमुख इंडस्ट्रीज के संयुक्त सूचकांक में सालाना आधार पर जनवरी 2025 में 4.6 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी किए गए आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।आंकड़ों के मुताबिक, सीमेंट, रिफाइनरी उत्पादों, कोयला, स्टील, फर्टिलाइजर और इलेक्ट्रिसिटी में साकारात्मक वृद्धि देखी गई है।इन आठ मुख्य इंडस्ट्री की औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में हिस्सेदारी 40.27 प्रतिशत है।चालू वित्त वर्ष के अप्रैल से जनवरी की अवधि में आठ प्रमुख इंडस्ट्रीज के संयुक्त सूचकांक की संचयी वृद्धि दर पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 4.4 प्रतिशत पर रही है।जनवरी में कोयला उत्पादन पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 4.6 प्रतिशत बढ़ गया, जबकि इसका संचयी सूचकांक अप्रैल से जनवरी 2024-25 तक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 6 प्रतिशत बढ़ा है। पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादन, जिसका सूचकांक में भार 28.04 प्रतिशत है, जनवरी 2025 में जनवरी 2024 की तुलना में 8.3 प्रतिशत बढ़ गया है। इसका संचयी सूचकांक अप्रैल से जनवरी 2024-25 तक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 3.3 प्रतिशत बढ़ गया है।जनवरी 2025 में फर्टिलाइजर उत्पादन में जनवरी 2024 की तुलना में 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई क्योंकि इस वर्ष बेहतर मानसून के कारण रबी की बुआई में तेजी आई है। स्टील उत्पादन, जिसका सूचकांक में भार 17.92 प्रतिशत है, जनवरी 2025 में जनवरी 2024 की तुलना में 3.7 प्रतिशत बढ़ गया। इसका संचयी सूचकांक अप्रैल से जनवरी 2024-25 तक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 5.9 प्रतिशत बढ़ गया है।

रिस्क और फायदे भी...आ गया निवेशकों के लिए करोड़पति बनने का समय

मुंबई। शेयर बाजार में लेहमन ब्रदर्स, डिमोनेटाइजेशन और कोविड के समय आई गिरावट में एक बात सामान्य थी कि यह सभी खरीदारी के अच्छे मौके थे। इस कारण मौजूदा शेयर बाजार की गिरावट को निवेशकों को एक मौके के रूप में देखना चाहिए। यह बयान जानकारों ने शनिवार को दिया।कैपिटलमाइंड रिसर्च में सीनियर एनालिस्ट, कृष्णा अप्पाला ने कहा कि मौजूदा शेयर बाजार की गिरावट काफी पीड़ादायक है, लेकिन इतिहास सिखाता है कि यह खरीदारी का अच्छा मौका है। कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण भारतीय शेयर बाजार के मुख्य सूचकांकों में इस हफ्ते 3 प्रतिशत से अधिक की गिरावट हुई है। इस गिरावट की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से कनाडा और मैक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के ऐलान माना जा रहा है।इसके अलावा अमेरिका ने चीन पर भी अतिरिक्त 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है, जिसके कारण अमेरिका में चीनी उत्पादों पर अब टैरिफ 20 प्रतिशत हो गया है। अमेरिका की इन घोषणाओं का असर वैश्विक बाजारों पर भी देखने को मिला। इसके साथ शुक्रवार को भारतीय बाजार 2 प्रतिशत तक गिरकर बंद हुए। अप्पाला ने कहा, बीते 30 वर्षों में बाजार कई बार 20 प्रतिशत से अधिक गिरे हैं। हालांकि, इन 30 वर्षों में से 22 बार बाजारों ने सकारात्मक रिटर्न दिया है। उन्होंने आगे कहा कि बाजार में अनुशासन मुश्किल समय में काफी मायने रखता है। लंबी अवधि में अच्छे रिटर्न पाने का मार्ग केवल सीधा नहीं होता। इसमें उतार-चढ़ाव आता रहता है।

इसके साथ ही कहा कि जब भी बाजार में गिरावट आती है तो रिकवरी उससे भी तेज आती है और इतिहास इसका साक्षी रहा है। भारतीय शेयर बाजार में बीते हफ्ते बड़ी गिरावट देखी गई। सोमवार (24 फरवरी) को सेंसेक्स 857 अंक गिरकर 74,000 से नीचे बंद हुआ, जबकि निफ्टी 242.55 अंक गिरकर 22,553.35 पर बंद हुआ। मंगलवार (25 फरवरी) को कुछ राहत मिली। इस दौरान सेंसेक्स में 147 अंकों की बढ़त हुई। हालांकि, निफ्टी में गिरावट का सिलसिला जारी रहा और यह लगातार छठवां सत्र था, जब नेशनल सटॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुख्य सूचकांक में गिरावट देखी गई है। बुधवार को महाशिवरात्रि के कारण शेयर बाजार बंद था। वहीं, गुरुवार को बाजार मिलाजुला बंद हुआ था। शुक्रवार के कारोबारी सत्र में बाजार में 2 प्रतिशत तक की बड़ी गिरावट देखने को मिली। इस दौरान निफ्टी 1.86 प्रतिशत गिरकर 22,124.70 और सेंसेक्स 1.90 प्रतिशत गिरकर 73,198.1 पर बंद हुआ।

खेल

इंडिया मास्टर्स ने दक्षिण अफ्रीका को 8 विकेट से हराया

वडोदरा। लेग स्पिनर राहुल शर्मा की ऐतिहासिक हैट्रिक की मदद से इंडिया मास्टर्स ने उद्घाटन इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) 2025 के दूसरे चरण में दक्षिण अफ्रीका मास्टर्स को आठ विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। राहुल शर्मा ने बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) स्टेडियम में भारत के स्पिन वर्चस्व के स्वर्णिम युग को वापस ला दिया, क्योंकि उन्होंने इंडिया मास्टर्स को आराम से जीत दिलाई। पुरानी यादों से परे, एक चीज अपरिवर्तित रही - प्रतिस्पर्धी आग फीकी नहीं पड़ी। रिफ्लेक्स भले ही उतने तेज न हों, पैर उतने तेज न हों, लेकिन जीतने की इच्छा उतनी ही प्रचंड है। हर रन, हर विकेट और हर डाइव में वही जुनून था जो कभी लाखों लोगों को रोमांचित करता था। और प्रतिष्ठित सर विवियन रिचर्ड्स की मौजूदगी में, यह खचाखच भरी भीड़ के लिए एक खास शाम बन गई। उम्र भले ही उन पर हावी हो गई हो, लेकिन लड़ाई की भावना कभी नहीं बदलेगी। प्रतिद्वंद्विता फिर से शुरू हो गई, और जोश बरकरार रहा, क्योंकि शनिवार की कार्यवाही सचिन तेंदुलकर के गेंदबाजी करने के फैसले के साथ शुरू हुई, और उनके स्पिन गेंदबाजों ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए दक्षिण अफ्रीका मास्टर्स की मजबूत लाइन-अप को 14 ओवर से भी कम समय में 85 रनों पर रोक दिया।भारत के 86 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिए तेंदुलकर के मैदान पर आने की उम्मीद में, स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था, बल्लेबाजी के इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी के हर शॉट का लोग उत्साहपूर्वक स्वागत कर रहे थे, जबकि दक्षिण अफ्रीका मास्टर्स के कप्तान जैक्स कैलिस ने अपने स्पिनरों के साथ गेंदबाजी की शुरुआत करने का फैसला किया। यह कदम तब कारगर साबित हुआ जब ऑफ स्पिनर थांडी तासबाला ने मास्टर ब्लास्टर को कैच और बोल्ड करके दर्शकों को शांत कर दिया।

तेंदुलकर के जाने के बाद, साथी सलामी बल्लेबाज अंबाती रायडू ने इरफान पठान (12) के साथ मिलकर पारी की शुरुआत की, जिन्हें स्पिनरों की चुनौती का सामना करने के लिए ऊपर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया था। यह रणनीति कुछ समय तक कारगर रही, पठान ने दो शानदार बाउंड्री लगाई, लेकिन लेग स्पिनर एडी लेई की गेंद पर हॉक करने के प्रयास में उन्हें ड्रेसिंग रूम में वापस लौटना पड़ा।पावर-प्ले के अंदर 27/2 के स्कोर पर भारत के मुश्किल दौर से गुजरने के बाद, पवन नेगी ने खुद को चौथे नंबर पर पाया और दो बाउंड्री और एक छक्का लगाकर अपनी बल्लेबाजी का हुनर दिखाया, उन्होंने रायडू के साथ मिलकर नाबाद 62 रनों की साझेदारी की और भारत को नौ ओवर शेष रहते जीत दिला दी। रायडू 34 गेंदों पर 41 रन बनाकर नाबाद रहे, जिसमें से दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने सात मौकों पर चौका जड़ा।इससे पहले, टूर्नामेंट में अपना पहला मैच खेल रहे कलाई के स्पिनर राहुल को अनिवार्य पावर-प्ले के तीसरे ओवर में ही दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज हाशिम अमला और हेनरी डेविड्स की जोड़ी के आक्रमण को रोकने के लिए लगाया गया, जिन्होंने मेहमान टीम को 35 रनों की धमाकेदार शुरुआत दिलाई।पहले ओवर में अच्छी शुरुआत करने के बाद, राहुल ने अपने दूसरे ओवर की पहली तीन गेंदों पर अमला (9), कैलिस और जैक्स रूडोल्फ के विकेट चटकाए, जिससे न केवल स्कोरिंग पर ब्रेक लगा, बल्कि दक्षिण अफ्रीका की बेहतरीन स्पिन के सामने कमजोरी भी उजागर हुई।

राहुल को दूसरे छोर से काफी मदद मिली, बाएं हाथ के स्पिनर पवन नेगी ने फरहान बेहरदीन को आउट किया और फिर एकमात्र दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज डेविड्स को आउट किया, जो 28 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 38 रन बनाकर टीम के लिए शीर्ष स्कोरर बने।63/5 पर सिमटने के बाद, दक्षिण अफ्रीका मास्टर्स को मध्यक्रम में कुछ मजबूती की जरूरत थी।

मैकुलम ने वनडे और टी20 की कप्तानी अलग-अलग करने के संकेत दिए

कराची । इंग्लैंड को चैंपियंस ट्रॉफी में अपने निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अब नेतृत्व के बारे में अहम फैसला करना होगा, क्योंकि मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कप्तानी के मुद्दों पर बात करते हुए संकेत दिया कि इंग्लैंड कई कप्तानों को चुन सकता है या वनडे और टी20 दोनों टीमों की कप्तानी संभालने के लिए एक खिलाड़ी की पहचान कर सकता है।जोस बटलर ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से इंग्लैंड के ग्रुप चरण में जल्दी बाहर होने के बाद कप्तानी से इस्तीफा देने का कठिन फैसला किया। अभियान का उनका अंतिम मैच शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के हाथों भारी हार के साथ समाप्त हुआ। बटलर के इस्तीफे के बाद मैकुलम और इंग्लैंड के लिए यह महत्वपूर्ण निर्णय लेना बाकी है कि टीम की कमान कौन संभालेगा। मई 2011 से लेकर अब तक, जब से एंड्रयू स्ट्रॉस, एलिस्टेयर कुक और स्टुअर्ट ब्रॉड ने टेस्ट, वनडे और टी20 टीमों का नेतृत्व किया है, तब से इंग्लैंड में तीन अलग-अलग कप्तान नहीं रहे हैं।

मैकुलम ने संवाददाताओं से कहा, हम अगले कुछ हफ़्तों में इस पर काम करेंगे। हम सुनिश्चित करेंगे कि हमें इस बात की अच्छी जानकारी हो कि संरचना कैसी दिखती है, चीजें कैसे रखी जाती हैं और प्रत्येक टीम को क्या चाहिए। और अगर यह एक ही व्यक्ति है, तो बढ़िया है। अगर यह दो अलग-अलग लोग हैं, तो भी बढ़िया है।उन्होंने कहा, हमारे पास स्पष्ट रूप से अब एक संरचनात्मक परिवर्तन है जो होने जा रहा है... और उसके साथ वे अपने कुछ विचार लाएंगे और चीजों पर अपनी खुद की शैली को छापना चाहेंगे। इसलिए, टीम का स्वाभाविक विकास होगा।मैकुलम ने कहा है कि इंग्लैंड आने वाले हफ्तों में स्थिति का जायजा लेगा और फिर उत्तराधिकारी नियुक्त करने के लिए आगे बढ़ेगा। इंग्लैंड का अगला व्हाइट-बॉल असाइनमेंट 29 मई को वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होगा और अगला आईसीसी वैश्विक आयोजन फरवरी और मार्च 2026 में भारत और श्रीलंका में होने वाला टी20 विश्व कप है।मैं अगले कुछ दिनों में घर आ जाऊंगा और फिर इसके बारे में सोचना शुरू करूंगा, और (इंग्लैंड के क्रिकेट मैनेजर) रॉब की और ईसीबी के लोगों के साथ इस बारे में बातचीत शुरू करूंगा कि हमारे लिए कौन सही व्यक्ति है।फिर उन्हें क्या चाहिए और हम इस दौरे और इस टूर्नामेंट में जो सबक सीखे हैं, उन्हें कैसे सीखना शुरू करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम पहले से कहीं अधिक प्रतिस्पर्धी हैं।

सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा को नई दिशा देने उठाए प्रभावी कदम

■ साय के नेतृत्व में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में फैल रहा शिक्षा का उजाला

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा को नई दिशा और गति देने के लिए कई प्रभावी कदम उठाए हैं। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर और कांकेर जैसे दुर्गम इलाकों में शिक्षा की अलख जग रही है. जहां कभी भय और असुरक्षा के कारण बच्चे स्कूल जाने से कतराते थे, वहीं अब वे पूरी लगन से पढ़ाई कर रहे हैं। राज्य सरकार की नीतियों और समर्पित प्रयासों के चलते कई गांवों में स्कूलों को पुनः स्थापित किया गया है, नए शिक्षण संस्थान खोले गए हैं और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा दिया गया है।

नक्सली हिंसा : शिक्षा व्यवस्था प्रभावित

नक्सल प्रभावित इलाकों में पिछले कुछ दशकों में शैक्षिक ढांचे को गंभीर क्षति पहुंची थी.. कई स्कूलों को नक्सलियों ने उड़ा दिया था, शिक्षक भय के कारण स्कूलों में नहीं जा पा रहे थे और माता-पिता भी अपने बच्चों को स्कूल भेजने से डरते थे, लेकिन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में सरकार ने इन चुनौतियों को पार करने का संकल्प लिया और इन इलाकों में शिक्षा के पुनरुद्धार के लिए व्यापक कदम उठाए. छत्तीसगढ़ के बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर और नारायणपुर जैसे कई जिले जो लंबे समय से नक्सली हिंसा से प्रभावित रहे हैं. उन इलाकों में सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सेवाएँ और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएँ प्रभावित होती रही हैं. ऐसे क्षेत्रों के परीक्षा केंद्रों तक गोपनीय परीक्षा सामग्री की सुरक्षित आपूर्ति हमेशा से एक बड़ी चुनौती रही है.. मजबूरी के चलते इन क्षेत्रों में परीक्षा सामग्री पहुंचाने के लिए हवाई मार्ग का सहारा लिया जाता था, या फिर इसे भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ भेजा जाता था, लेकिन इस बार, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने सुरक्षा नीति में महत्वपूर्ण सुधार करते हुए सड़क मार्ग से ही परीक्षा सामग्री पहुंचाने का काम सफलतापूर्वक कर दिखाया है।

सरकार की रणनीति और उसका सफल क्रियान्वयन

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश की सरकार ने नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास कार्यों को गति दी है. सड़क निर्माण और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के कारण अब इन क्षेत्रों में प्रशासनिक गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है. इसका असर यह हुआ कि लगातार नक्सली गतिविधियों में गिरावट और शिक्षा का प्रसार दिखाई देने लगा है. छत्तीसगढ़ की साय सरकार के प्रयासों से नक्सली प्रभाव वाले क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है. भय मुक्त अब बच्चे अधिक संख्या में स्कूल जाने लगे हैं और शिक्षा की ओर उनका झुकाव बढ़ने लगा है. नक्सलियों द्वारा शिक्षा विरोधी मानसिकता फैलाने की कोशिशों के बावजूद सरकार ने इन इलाकों में स्कूलों को पुनः संचालित करने में सफलता पा ली है।

शिक्षकों की बहाली और प्रशिक्षण कार्यक्रम

नक्सल प्रभावित इलाकों में शिक्षकों की भारी कमी थी, जिसे दूर करने के लिए सरकार ने बड़े पैमाने पर शिक्षकों की भर्ती की. गुरुजी आपके द्वार कार्यक्रम के तहत स्थानीय युवाओं को शिक्षक के रूप में प्रशिक्षित कर स्कूलों में नियुक्त किया गया। सरकार ने विशेष रूप से आदिवासी शिक्षकों की भर्ती को प्राथमिकता दी, ताकि भाषा और संस्कृति की बाधाएं कम हो सकें. इसके अलावा, नियमित रूप से शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे वे नई तकनीकों और शिक्षण पद्धतियों को सीख सकें।

स्कूलों की सुरक्षा के लिए विशेष बलों की तैनाती की।शिक्षकों के लिए सुरक्षित यात्रा की सुविधा दी।छात्रावासों और स्कूल परिसरों को सुरक्षात्मक ढांचे में बदला।स्थानीय समुदायों की भागीदारी बढ़ाई, जिससे शिक्षा व्यवस्था पर सामुदायिक पहरा हो।

डिजिटल और आधुनिक शिक्षा का प्रसार

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने शिक्षा को आधुनिक बनाने के लिए डिजिटल सुविधाओं पर विशेष जोर दिया है. स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम, ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म, और मोबाइल शिक्षा वैन की सुविधा दी गई. इसके अलावा, 'ई-लाइब्रेरी' और 'ई-शिक्षा' प्रोजेक्ट के तहत छात्रों को ऑनलाइन अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है..इस पहल का सबसे बड़ा फायदा यह हुआ कि वे छात्र, जो पहले केवल पारंपरिक पढ़ाई पर निर्भर थे, अब डिजिटल दुनिया से भी सीखने लगे हैं. इससे शिक्षा प्रणाली अधिक समावेशी और प्रभावी बन गई है।

लड़कियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान

छत्तीसगढ़ सरकार ने लड़कियों की शिक्षा को भी प्राथमिकता दी है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना लागू की, जिसके तहत

छात्राओं को निःशुल्क साइकिल दी गई, ताकि वे आसानी से स्कूल जा सकें.

कन्या छात्रवृत्ति योजना का विस्तार किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से लड़कियों के लिए आवासीय विद्यालय खोले गए।इसका परिणाम यह हुआ कि नक्सल प्रभावित इलाकों में लड़कियों के स्कूल छोड़ने की दर में भारी कमी आई है, और अब वे उच्च शिक्षा की ओर बढ़ रही हैं।

हाई स्कूल और कॉलेजों में छात्रों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

डिजिटल शिक्षा अपनाने वाले छात्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है।स्थानीय युवाओं को शिक्षण कार्य से जोड़कर रोजगार के अवसर भी सृजित किए गए हैं।

राज्य सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा की सुविधाओं को और बेहतर बनाया जाए, जिससे हर बच्चा एक उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ सके. इस बार नक्सली इलाकों में पहली बार बोर्ड परीक्षाओं की गोपनीय सामग्री सुरक्षित रूप से सफलता पूर्वक सड़क मार्ग के माध्यम से पहुंचाई गई. निश्चित रूप से यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, क्योंकि इससे पहले इन क्षेत्रों में परीक्षा सामग्री व अन्य शैक्षणिक संसाधनों की आपूर्ति हेलीकॉप्टर या विशेष सुरक्षा बलों की निगरानी में हुआ करती थी. इस परिवर्तन ने यह साबित कर दिया कि सरकार की नीतियां कारगर हो रही हैं और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था की स्थिति में बहुत तेज़ी से सुधार आया है. छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन का असर राज्य के कोने-कोने में दिखाई दे रहा है।

बंद पड़े स्कूलों को खोला गया

ग्रामीण और आदिवासी बच्चों को निःशुल्क शिक्षा सामग्री दी गई। शिक्षकों की नियुक्ति की गई और उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया गया। छात्रावास और आश्रम शालाओं की संख्या बढ़ाई गई, ताकि दूरदराज के बच्चे भी शिक्षा से वंचित न रहें। मोबाइल शिक्षा इकाइयों की शुरुआत की गई, जिससे उन इलाकों में भी पढ़ाई संभव हो सकी, जहां स्थायी स्कूल खोलना मुश्किल था।

संक्षिप्त खबरें

मरी हुई छिपकली वाला पानी पीकर हुए बीमार, उपचार जारी

कोरबा/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के कोरबा में आज रसोई में लापरवाही के चलते एक ही परिवार के चार लोग फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए. इनमें परिवार के पति-पत्नी और बेटी दामाद शामिल हैं. सभी को जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। यह पूरी घटना कोरबा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र बरपाली तुरिधाम नगरदा गांव की है। यहां 50 वर्षीय प्यारेलाल, उसकी पत्नी 48 वर्ष, उनकी 32 वर्षीय बेटी कलाबाई बाई और 35 वर्षीय दामाद रथराम एक साथ खाना खाए. खाना खाने के 1 घंटे बाद अचानक सभी की तबीयत बिगने लगी. चारों को तुरंत एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि पीने का पानी जिस टब में रखा गया था, उसमें छिपकली मरी हुई मिली। खाना खाने के दौरान इसी पानी के उपयोग करने से चारों की तबीयत बिगड़ गई।

भालू की मौत : वन विभाग का बड़ा एक्शन, बीट गार्ड निलंबित,डिप्टी रेंजर को नोटिस

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही/नवप्रदेश। मरवाही वनमंडल में 8 से 10 दिन पुराने भालू के शव मिलने की सूचना देरी से देने पर वन विभाग ने सख्त कार्रवाई की है. लापरवाही बरतने पर बीट गार्ड राकेश कुमार पंकज को निलंबित कर दिया गया है, जबकि डिप्टी रेंजर अश्वनी दुबे को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कुछ दिन पहले मरवाही वनमंडल में करीब 8 से 10 दिन पुराना एक भालू का शव मिला था। इस मामले में वन विभाग को सूचना देरी से दी गई, जिसे गंभीरता से लेते हुए मरवाही वनमंडल ष्डस्नह्र रौनक गोयल ने कार्रवाई करते हुए बीट गॉर्ड राकेश कुमार पंकज को निलंबित कर दिया है. वहीं डिप्टी रेंजर अश्वनी दुबे को नोटिस जारी किया है। मामले में डीएफओ रौनक गोयल ने बताया कि पोस्टमार्टम में भालू के सारे अंग पाए गए हैं। इसमें शिकार से मौत होना नहीं पाया गया।

मुर्गियों के साथ नाचते दिखा मोर, वीडियो वायरल

कोंडागांव/नवप्रदेश। कोंडागांव के नहरपारा वार्ड में एक अनोखा नजारा देखने को मिल रहा है। यहां एक मोर रोजाना घर-घर जाकर नृत्य कर रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह मोर पास के गुरुकुल का है। मोर अब लोगों से बिल्कुल नहीं डरता। वह घरों के दरवाजे पर जाकर अपने पंख फैलाता है और नृत्य करता है। शुरुआत में लोग उसके पास नहीं जाते थे और मोर भी डर जाता था। लेकिन अब लोग उसे चावल खिलाते हैं। मोर की यह अनूठी गतिविधि लोगों को आकर्षित कर रही है। वह आसपास के घरों में पाली जा रही मुर्गियों के साथ भी खेलता है। कभी किसी के दरवाजे पर तो कभी घरों की छतों पर बैठा नजर आता है।

बजट में प्रदेशवासियों को राजस्व, खेल में कई लाभ मिलेंगे

■ खिलाड़ियों के लिए खुशखबरी

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ में 3 मार्च को साय सरकार अपना दूसरा बजट पेश करने वाली है। इस बार के बजट में प्रदेशवासियों को क्या कुछ राहत मिलने वाली है, खेल व राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने खास बातचीत में कहा कि साल 2047 तक देश को विकसित बनाना है। इस बार का बजट जनकल्याणकारी बजट होगा, सर्वांगिंग विकास वाला बजट होगा। उन्होंने राज्य में खिलाड़ियों को बढ़ावा देने और राजस्व को लेकर भी चर्चा की।

मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि इस बार बजट में प्रदेशवासियों को राजस्व और खेल में भी कई सारे लाभ मिलेंगे। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को नौकरी दी जाएगी। इसके लिए समित अपनी रिपोर्ट तैरार कर रही है। रिपोर्ट तैयार होने पर उसे आगे बढ़ाया जाएगा और फिर खिलाड़ियों को नौकरी मिलेगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव भी मनाएंगे, उत्कृष्ट खिलाड़ियों का सम्मान भी करेंगे।

'अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन': वहीं बस्तर में 'अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन' का आयोजन हो रहा है. इसे लेकर खेल मंत्री वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार युवाओं को आगे लाने का काम कर रही है. सरकार योजनाओं को नीचे तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है. बस्तर में युवाओं को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए काम किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि बस्तर ओलंपिक में 1 लाख 65 हजार लोगों ने पंजीयन कराया था. बस्तर ओलंपिक हर साल कराया जाएगा।

मंत्री टंकराम वर्मा का बयान

उन्होंने राजस्व से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि राजस्व आम आदमी जुदा विषय है। ढाई करोड़ खसरा है. ऑनलाइन सिस्टम सहित टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर रहे है।

भारतमाला प्रोजेक्ट में किसानों को नहीं मिल रहा मुआवजा

छत्तीसगढ़ में भारतमाला परियोजना के तहत कई किसानों को उनकी अधिग्रहित भूमि का अब तक मुआवजा नहीं मिल सका है। इस सवाल के जवाब में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि भारतमाला परियोजना बहुत बड़ी परियोजना है। भू अर्जन की प्रक्रिया में गड़बड़ी हुई है।

गिरौदपुरी धाम में 4 से 6 तक होगा गुरूदर्शन मेला

■ श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का विस्तार, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

रायपुर/नवप्रदेश। गिरौदपुरी धाम में इस वर्ष तीन दिवसीय गुरूदर्शन मेला का आयोजन 4 से 6 मार्च 2025 तक होगा। मेला आयोजन समिति की बैठक धर्मगुरु गुरुबालदास साहेब की अध्यक्षता में जिला पंचायत बलौदाबाजार के सभागार में संपन्न हुई, जिसमें मेले की तैयारियों और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में राजमाता गुरु प्रवीण माता जी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब, राजमहंतगण, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, कलेक्टर दीपक सोनी, एसएसपी विजय अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। धर्मगुरु गुरुबालदास साहेब ने बैठक में कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी के सम्मान में आयोजित गिरौदपुरी मेला सबकी भागीदारी से शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न किया जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की अप्रिय गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि गिरौदपुरी मेला श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, जहां लाखों लोग आते हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा विशाल जैतखाम के निर्माण के साथ अन्य सुविधाएं भी विकसित की गई हैं। वहीं, आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि मेला समिति के सदस्य मेले की अवधि में व्यवस्थाओं की निगरानी करें और मेले के बाद सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।

यस बैंक घोटाला, जल्द सीबीआई को सौपी जाएगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में दुर्ग के यस बैंक से जुड़े 165 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन के मामले में आगे सुनवाई हुई। अदालत ने राज्य पुलिस को मामले की जांच के लिए अधिक समय दे दिया गया है। अब इस केस की अगली सुनवाई 21 अप्रैल 2025 को होगी। प्रभुनाथ मिश्रा की याचिका पर मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रवींद्र कुमार अग्रवाल की डबल बेंच ने सुनवाई की। इस मामले में यस बैंक पर पुलिस जांच में सहयोग न करने के आरोप लगे थे, लेकिन बैंक की ओर से पेश वकील सौम्या शर्मा ने बताया कि बैंक ने सभी आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराए हैं। बैंक ने संबंधित खातों की जानकारी पुलिस को सौंपने के लिए समय मांगा था।

विद्युत कर्मचारियों ने किया पदोन्नति में आरक्षण को लेकर प्रदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। विद्युत कंपनी में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों ने डंगनिया मुख्यालय के गेट के सामने बैठकर पदोन्नति में आरक्षण एवं अन्य सांगठनिक मांगों को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के बाद भी मांगें पूरी नहीं की जाती है तो कर्मचारी 10 मार्च को क्षेत्रीय एवं मुख्यालय स्तर पर एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद भी उनकी मांगें नहीं मानी जाती है तो 17 मार्च से विद्युत कर्मचारी अनिश्चितकालीन सामूहिक धरने पर चले जाएंगे। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रुप से आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव इंजीनियर जी .के. मंडावी, अध्यक्ष इंजीनियर आर.एल. ध्रुव, सुमीत चौहान, कोषाध्यक्ष मनहरण चंद्रवशी के अलावा सैकड़ों कर्मचारी व अधिकारी मौजूद थे।

कर्मचारियों ने कहा कि पदोन्नति में आरक्षण को लेकर राज्य सरकार द्वारा 16.04.2024 को जारी हाईकोर्ट के निर्देशानुसार आरक्षण नियम के नियम 5 को अधिसूचित करने हेतु पिंगुआ कमिटी का गठन किया गया है। वहीं पर विद्युत कंपनी प्रबंधन द्वारा छ.ग. शासन से अनुमोदन प्राप्त किये बिना सामान्य पदोन्नति की प्रक्रिया काल्पनिक वरिष्ठता के आधार पर किया जा रहा है। विद्युत कंपनी प्रबंधन द्वारा दिनांक 16.04.2024 को जारी हाईकोर्ट के आदेश के विपरीत भूतलक्षी प्रभाव से यानि 24 वर्ष पूर्व 23 जून 2004 से काल्पनिक वरिष्ठता सूची जारी कर असंवैधानिक रूप से सामान्य वर्गो की पदोन्नति की प्रक्रिया दिसम्बर 2024 से प्रारम्भ कर दी गयी है साथ ही वरिष्ठ अनुसूचित जाति व जनजाति कर्मचारी एवं अधिकारी को दरकिनार करते हुए कनिष्ठ सामान्य वर्गों के ही कर्मचारियों एवं अधिकारियों को लाभान्वित किया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com